हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं रांची से प्रकाशित हिंदी दैनिक

● आरा ● वर्ष -07 ● अंक - 276 ● रविवार 17 मार्च 2024 ● रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 ● पृष्ठ - 12 ● मूल्य : 2 रुपये

# लोकसभा चुनाव: 46 दिन में 7 फेज

## पहली वोटिंग 19 अप्रैल, आखिरी 1 जून को; नतीजे 4 जून को, आचार संहिता लागू

एजेंसी। नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा कर दी है। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून के बीच सात चरणों में होंगे और 4 जून को वोटों की गिनती होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 18वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही देश में आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 में 96.8 करोड़ मतदाता होंगे जबकि 2019 में 90 करोड़ मतदाता थे। इनमें से 49.7 करोड़ पुरुष और 47.1 करोड़ महिलाएं हैं। इस बार 1.8 करोड़ पहली बार के नए मतदाता हैं जोकि 18 से 19 वर्ष के हैं। उन्होंने कहा कि हम 1.5 करोड़ मतदान अधिकारियों और 10.5 लाख मतदान केंद्रों के साथ लोकतंत्र का जश्न मनाने के लिए तैयार हैं। चुनाव में 55 लाख से अधिक ईवीएम का उपयोग किया जाएगा। चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को प्रचार के दौरान मर्यादा बनाए रखने और दुर्व्यवहार तथा व्यक्तिगत हमलों से बचने की सलाह दी है। राजीव कुमार ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में बाहुबल के अलोकतांत्रिक प्रभाव को रोकने के लिए कई उपाय किये हैं। सभी उम्मीदवारों को समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए डीएम और एसपी को सख्त निर्देश दिए गए हैं। सीएपीएफ को पर्याप्त रूप से तैनात किया जाएगा और प्रत्येक जिले में एकीकृत नियंत्रण कक्षों द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी। निगरानी सुनिश्चित करने के लिए चेक पोस्ट और ड्रोन का इस्तेमाल होगा।





### चरणबद्ध मतदान की जानकारी

- प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा, जिसमें 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान कराया जाएगा
- द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा, जिसमें 13 राज्यों की 89 सीटों पर मतदान करवाया जाएगा
- तृतीय चरण में 7 मई को मतदान होगा, जिसमें 12 राज्यों की 94 सीटों पर मतदान करवाया जाएगा
- चतुर्थ चरण में 13 मई को मतदान होगा, जिसमें 10 राज्यों की 96 सीटों पर मतदान करवाया जाएगा
- पंचम चरण में 20 मई को मतदान होगा, जिसमें 8 राज्यों की 49 सीटों पर मतदान करवाया जाएगा
- छठवें चरण में 25 मई को मतदान होगा, जिसमें 7 राज्यों की 57 सीटों पर मतदान करवाया जाएगा
- अंतिम सातवें चरण का मतदान 1 जून को होगा, जिसमें 8 राज्यों की 57 सीटों पर मतदान करवाया जाएगा

## लोकसभा चुनाव के साथ चार राज्यों में विधानसभा चुनाव की भी घोषणा

**नई दिल्ली**। लोकसभा चुनाव 2024 के साथ देश के चार राज्यों में विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा हो गई है। इन राज्यों में ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश और सिक्किम शामिल हैं। चुनाव आयोग के अनुसार ओडिशा में चार चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे। यहां 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को वोट डाले जाएंगे। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए नोटिफिकेशन 20 मार्च को जारी होगा और मतदान 19 अप्रैल को होगा। राज्य की 60 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में चुनाव होंगे। सिक्किम विधानसभा के लिए भी एक ही चरण में सभी 32 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। नोटिफिकेशन की तारीख 20 मार्च और वोटिंग 19 अप्रैल को होगी। आंध्र प्रदेश की सभी 175 सीटों पर चुनाव के लिए 18 अप्रैल को नोटिफिकेशन जारी होगा और 13 मई को वोट डाले जाएंगे। इसके अलावा अलग-अलग राज्यों की 26 विधानसभा सीटों पर भी उप चुनाव होंगे। ये चुनाव भी आम चुनावों के साथ होंगे।




## सुशासन-जनसेवा के ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर हम लोकसभा चुनावों में जनता के बीच जाएंगे : प्रधानमंत्री



एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा-एनडीए चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि हम सुशासन और जनसेवा के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर जनता-जनार्दन के बीच जाएंगे। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व का शुभारंभ हो गया है। चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। भाजपा-एनडीए इन चुनावों में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सुशासन और जनसेवा के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर हम जनता-जनार्दन के बीच जाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि 140 करोड़ परिवारजनों और 96 करोड़ से अधिक मतदाताओं का भरपूर स्नेह और आशीर्वाद हमें लगातार तीसरी बार मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैं यह साफ तौर पर देख रहा हूं कि आने वाले 5 वर्ष हमारे उस सामूहिक संकल्प का कालखंड होगा, जिसमें हम भारत की अगले एक हजार वर्ष की विकास यात्रा का रोडमैप तैयार करेंगे। ये समय भारत के सर्वांगीण विकास, समावेशी समृद्धि और वैश्विक नेतृत्व का साक्षी बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे मेरे देशवासियों के, विशेष रूप से गरीब, किसान, युवा और नारीशक्ति के आशीर्वाद से असीम शक्ति मिलती है। जब मेरे देशवासी ये कहते हैं, "मैं हूं मोदी का परिवार" तो इससे मुझे विकसित भारत के निर्माण के लिए और अधिक मेहनत करने का उत्साह मिलता है। हम विकसित भारत के लिए सामूहिक प्रयास करेंगे और ये लक्ष्य हासिल करके रहेंगे। यही समय है, सही समय है।

## ख़ास ख़बर

### एयर इंडिया ने 180 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला




**नई दिल्ली**। टाटा ग्रुप की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया में भी हाल में 180 से अधिक नॉन-फ्लाइंग स्टाफ की छंटनी कर दी है। कंपनी ने बताया है कि जिन लोगों की नौकरी गई है वो वॉलंटरी रिटायरमेंट स्कीम और नए सिरे से कौशल निखारने के मौकों का इस्तेमाल नहीं कर पाए थे। एयर इंडिया में 18,500 से अधिक कर्मचारी हैं जबकि ग्रुप एयरलाइन, एयर इंडिया एक्सप्रेस में लगभग 6,200 कर्मचारी हैं। बता दें जब टाटा समूह ने एयरलाइन का अधिग्रहण किया था, तब दोनों एयरलाइनों में संविदा कर्मियों सहित कुल 12,085 कर्मचारी थे। इस मामले में एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा कि हम इस प्रक्रिया के दौरान सभी संविदात्मक दायित्वों का सम्मान कर रहे हैं। कर्मचारियों को भेजे गए एक लेटर के अनुसार छंटनी किए गए कर्मचारियों को एयरलाइन के साथ सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए 15 दिनों के वेतन के बराबर मुआवजा पैकेज मिलेगा। एयरलाइन ने पहले दो बार स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजनाओं की पेशकश की थी जिसका 2,500 से अधिक कर्मचारियों ने लाभ उठाया था। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि फिटमेंट प्रक्रिया के हिस्से के रूप में, गैर-उड़ान कार्यों में कर्मचारियों को संगठनात्मक आवश्यकताओं और व्यक्तिगत योग्यता के आधार पर भूमिकाएं सौंपी गई हैं।

### मशहूर गायिका अनुराधा पौडवाल हुईं राजनीति में सक्रिय, थामा बीजेपी का दामन




**नई दिल्ली**। मशहूर बॉलीवुड सिंगर अनुराधा पौडवाल अब सक्रिय राजनीति करने जा रही हैं। दरअसल उन्होंने वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। अनुराधा पोंडवाल का बीजेपी में शामिल होना जहां एक ओर लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा को एक बड़ी सफलता हासिल होना बताया जा रहा है, वहीं स्वयं पोंडवाल ने भाजपा में शामिल होने को अपना सौभाग्य बताया है। भाजपा में शामिल होने के अवसर पर मशहूर गायिका अनुराधा पौडवाल ने कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि मैं उस पार्टी में शामिल हो रही हूं, जिसका सनातन धर्म से गहरा नाता है। अब चूंकि देश में लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं ऐसे में अनुराधा पोंडवाल का भाजपा ज्वाइन करना पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने जैसा ही है। आम चुनाव को लेकर भाजपा समेत तमाम दल के स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार करने में व्यस्त हैं। बीजेपी का दामन थामने के बाद अनुराधा पौडवाल ने कहा, कि यह तो मेरा सौभाग्य है कि मैं आज भाजपा में शामिल हो रही हूं।' सुप्रसिद्ध गायिका के तौर पर है अनुराधा की पहचान वालिवुड सिंगर अनुराधा पौडवाल यूं तो 90 के दशक की मशहूर गायिका हैं।

## पीएम मोदी ने महज 14 दिनों में 8.25 लाख करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की

एजेंसी। नई दिल्ली


विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़े प्रयास के तहत प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महीने केवल 14 दिनों में 8.25 लाख करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की, जो एक रिकॉर्ड है। 1 मार्च को, प्रधान मंत्री मोदी ने झारखंड के धनबाद में 35,700 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी थी। इन परियोजनाओं में उर्वरक, रेल, बिजली और कोयला के क्षेत्र शामिल थे। उसी दिन, उन्होंने पश्चिम बंगाल के हुगली के आरामबाग में 7,200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। ये परियोजनाएं रेल, बंदरगाह, तेल पाइपलाइन, एलपीजी आपूर्ति और अपशिष्ट जल उपचार जैसे क्षेत्रों से जुड़ी थीं। 2 मार्च को, प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के कृष्णानगर में बिजली, रेल और सड़क जैसे क्षेत्रों से जुड़ी 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इसी दिन प्रधानमंत्री ने बिहार के औरंगाबाद में 21,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें सड़क, रेलवे और 'नमामि गंगे परियोजना सहित अन्य क्षेत्र शामिल थे। 4 मार्च को, प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के आदिलाबाद में 56,000 करोड़ रुपये से अधिक की बिजली, रेल और सड़क क्षेत्रों से संबंधित विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। अगले दिन, उन्होंने तेलंगाना के संगारेड्डी में 6,800 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। इन परियोजनाओं में सड़क, रेल, पेट्रोलियम, विमानन और प्राकृतिक गैस जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। बाद में, प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा के चंडीखोल में तेल, गैस, रेलवे, सड़क परिवहन और परमाणु ऊर्जा सहित 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की घोषणा की। 6 मार्च को, प्रधान मंत्री ने मेट्रो रेल और क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) सहित शहरी गतिशीलता को बढ़ाने के लिए कोलकाता में 15,400 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

## चुनाव के लिए भाजपा-एनडीए पूरी तरह से हैं तैयार : मोदी

### जेपी नड्डा द्वारा रिकॉर्ड वोटिंग करने की अपील

एजेंसी। नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने आज शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा कर दी है। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार आया है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मतदाताओं से रिकॉर्ड वोटिंग करने की अपील की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक बयान में कहा है कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार आ गया है। चुनाव आयोग ने 2024 लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित कर दी हैं। हम, भाजपा-एनडीए चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सभी क्षेत्रों में हम सुशासन के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर ही लोगों के पास जा रहे हैं। दस साल पहले, हमारे सत्ता संभालने से पहले तक भारत के लोग इंडी गठबंधन के





दयनीय शासन के कारण ठगा हुआ और निराश महसूस कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि तब कोई भी क्षेत्र घोटाले और नीतिगत पंगुता से अछूता नहीं रहा। इससे आगे उन्होंने कहा कि विश्व ने भारत का साथ छोड़ दिया था। वहां से, यह शानदार बदलाव रहा है। चुनाव की घोषणा के साथ ही बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देश से अपील करते हुए कहा कि रिकॉर्ड वोटिंग कर लोकतंत्र की नींव मजबूत करें। इसी के साथ उन्होंने कहा कि मैं चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव-2024 की घोषणा का स्वागत करता हूं। लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव चुनाव है। उन्होंने कहा कि यह देश और प्रदेश को विकास और सुशासन के पथ पर अग्रसर रखने का बेहतरीन माध्यम भी है। इसी के साथ उन्होंने अपील करते हुए कहा, कि मैं समग्र राष्ट्र की जनता से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की नींव को और मजबूती प्रदान करने का आह्वान करता हूं। उन्होंने दावा किया कि एक बार फिर पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा भारी बहुमत से सरकार बनाएगी और आगामी 5 वर्षों के लिए जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कटिबद्ध भाव से कार्य करेगी।

## संघ के सरसंघचालक पद पर 21 मार्च को भागवत के 15 साल होंगे पूरे

एजेंसी। मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के कार्यकाल को 21 मार्च 2024 को 15 साल पूरे हो रहे हैं। डॉ. भागवत संघ के छठे सरसंघचालक हैं। द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर उपाख्य गुरुजी इस पद पर 33 वर्ष और तृतीय सरसंघचालक बालासाहेब देवरस 21 वर्ष रहे। अब तक के कार्यकाल के मामले में डॉ. भागवत तीसरे स्थान पर हैं। संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार दो बार सरसंघचालक पद पर रहे। डॉ. हेडगेवार 1925 से 1930 तक लगातार 5 वर्षों तक और 1931 से 1940 तक 9 वर्षों तक यानी कुल 14



वर्ष तक सरसंघचालक रहे। वहीं वर्ष 1930-31 के दौरान लक्ष्मण वासुदेव परांजपे (अस्थायी) सरसंघचालक थे क्योंकि हेडगेवार स्वतंत्रता आंदोलन में थे। गोलवलकर 1940 से 1973 तक 33 वर्षों तक सरसंघचालक पद पर रहे। उनके बाद मधुकर दत्तात्रेय देवरस उपाख्य बालासाहेब ने 1973 से 1994 तक 21 वर्षों तक सरसंघचालक का दायित्व संभाला। प्रोफेसर राजेंद्र सिंह उपाख्य रज्जू भैया 1994 से 2000 तक 6 साल तक पदासीन रहे और कुप्प.सी. सुदर्शन 2000 से 2009 तक 9 साल तक सरसंघचालक रहे। सभी के कार्यकाल पर गौर करने के बाद यह स्पष्ट होता है कि गुरुजी और देवरस के बाद डॉ. भागवत कार्यकाल के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। संघ में व्यक्ति पूजा वर्जित है। संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार ने संघ में भगवा ध्वज को गुरु माना है। संघ में सरसंघचालक की नियुक्ति होती है, वहीं सरकार्यवाह का चुनाव होता है। सरसंघचालक चुनने के लिए मौजूदा सरसंघचालक अपने जीवनकाल में अगले सरसंघचालक का नाम सुनिश्चत कर देते हैं। मैं उसके निर्देशानुसार कार्य करूंगा।'' डॉ. हेडगेवार के इस सुझाव का बालासाहेब देवरस ने पालन किया।

## राजनीति से ऊबे कनाडाई पीएम बोले- ये पागलपन से भरी नौकरी

**टोरंटो**। कनाडा में प्रधानमंत्री पद के लिए अगले साल यानी अक्टूबर 2025 तक चुनाव होना है। इसके लिए हुए हालिया सर्वेक्षणों से पता चलता है कि लिबरल पार्टी को कंजर्वेटिव्स के हाथों बुरी हार का सामना करना पड़ेगा। सर्वे की मानें तो कनाडा के मतदाता ट्रूडो से ऊब चुके हैं। ट्रूडो बतौर प्रधानमंत्री अपनी नौकरी से खासा परेशान नजर आ रहे हैं। उन्होंने खुद बताया कि यह एक पागलपन भरी नौकरी है और वे इसे छोड़ने के बारे में सोच रहे थे। हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि वह अगले चुनाव तक पद पर बने रहेंगे। बता दें कि जस्टिन ट्रूडो का ये बयान ऐसे समय में आया है जब उनकी लिबरल पार्टी ऑफ कनाडा चुनावों में बुरी तरह से पिछड़ रही है। ट्रूडो ने पहली बार नवंबर 2015 में पदभार संभाला था। तमाम सर्वे में हो रही हार की भविष्यवाणी के बीच ट्रूडो ने एक लंबे इंटरव्यू में फ्रांसीसी भाषा के ब्रॉडकास्टर रेडियो-कनाडा को बताया, मैं जो आज हूं वह शख्स कभी नहीं बन पाता। इसलिए इस अहम मोड़ पर मैं ये लड़ाई नहीं छोड़ सकता हूं।जब उनसे पूछा गया कि क्या वह राजनीति छोड़ने के बारे में सोचते हैं, तो उन्होंने हंसते हुए जवाब दिया, मैं हर दिन छोड़ने के बारे में सोचता हूं। यह एक पागलपन भरा काम है जो मैं कर रहा हूं।

## आज पूरा कर्नाटक कह रहा है अबकी बार, 400 पार: मोदी

एजेंसी। कलबुर्गी/नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कर्नाटक में भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान की औपचारिक शुरुआत करते हुए कहा कि पूरा कर्नाटक कह रहा है अबकी बार 400 पार। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के गृह क्षेत्र कलबुर्गी में भाजपा की रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को रिकॉर्ड सीटों पर जिताने का संकल्प ले लिया है। उन्होंने कहा, "आज पूरा कर्नाटक कह रहा है- अबकी बार 400 पार।" उन्होंने कहा कि देश अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए तैयार हो चुका है। दक्षिण भारत के चार राज्यों की अपने रैलियों में उमड़े जनसैलाब का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि हर तरफ लोग भाजपा को बड़ी उम्मीद से देख रहे हैं। पिछले 2 दिनों में मैंने दक्षिण भारत के 4 अलग-अलग राज्यों का दौरा किया। चाहे वह तमिलनाडु में कन्याकुमारी हो या केरल में पथानमथिट्टा, मैंने लोगों में भाजपा के लिए अपार प्यार और उत्साह देखा। उन्होंने कहा कि यहां जो अपार प्यार मैं देख सकता हूं वह इस बात का प्रमाण है कि कर्नाटक ने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को रिकॉर्ड संख्या में सीटों से जिताने का संकल्प लिया है। मेरे रोड शो के दौरान जिस माहौल में मुझे आपका आशीर्वाद मिला, वह अद्भुत था। अभी तो चुनाव की घोषणा होना बाकी है और आपने घोषणा कर दी। प्रधानमंत्री ने



परिवारवाद और भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पर हमला किया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस के प्रति आक्रोश और गुस्सा है। कांग्रेस की सच्चाई लोगों को पता चल चुकी है। मोदी ने कहा, "कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है, जो चाहे कितने भी कपड़े बदल ले, उसकी करतूतें नहीं बदलती। इसलिए कर्नाटक में जनता जाग चुकी है, आक्रोश और गुस्से से लाल है। इतने कम समय में ही जनता का मोहभंग हो जाना दिखाता है कि लोगों को कांग्रेस की सच्चाई का पता चल गया है।" उन्होंने कहा कि एक बार कोयले से कालिख दूर हो सकती है लेकिन कांग्रेस से करप्शन दूर नहीं हो सकता। इन परिवारवादियों के लिए भ्रष्टाचार ही ऑक्सीजन है। बिना भ्रष्टाचार के ये लोग सियासत में सांस भी नहीं ले सकते। मोदी ने कहा कि कर्नाटक में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है। यहां की सरकार खुलेआम असामाजिक तत्वों का समर्थन करती रही है। लोग परेशानियों से त्रस्त हैं और कांग्रेस लूट में व्यस्त है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक को कांग्रेस ने अपना फैमिली एटीएम बना लिया है। पार्टी और परिवार के खर्चे पूरे करने के लिए कर्नाटक की जनता की कमाई यहां से सप्लाई की जा रही है।

## सीबीआई ने सीजीएसटी के दो अधिकारियों को पकड़ा

**मुंबई**। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नवी मुंबई के बेलापुर में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) के सहायक आयुक्त और एक निरीक्षक को 1.5 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। सीबीआई की विज्ञप्ति के मुताबिक, एक ट्रांसपोर्ट फर्म के साझेदार को सेवा कर से संबंधित कारण बताओ नोटिस मिला था। जिसके बाद आरोपी सहायक आयुक्त ने मामले को निपटाने के लिए छह लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। इसमें कहा गया, बातचीत के बाद रिश्वत की रकम घटाकर 1.50 लाख रुपये कर दी गई। ट्रांसपोर्ट फर्म के साझेदार एवं मामले में शिकायतकर्ता को यह राशि सीजीएसटी निरीक्षक को देने के लिए कहा गया था। जाल बिछाकर निरीक्षक को रिश्वत लेकर पकड़ा गया। इसके तुरंत बाद सहायक आयुक्त को गिरफ्तार किया गया।

## बिहार शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में पेपर लीक और सॉल्वर गैंग का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

एजेंसी। रांची

बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा पेपर लीक और सॉल्वर गैंग का रैकेट झारखंड के हजारीबाग से संचालित हो रहा था। इस रैकेट का खुलासा बिहार की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू), बिहार पुलिस और झारखंड पुलिस के ज्वायंट ऑपरेशन में हुआ है। हजारीबाग से गैंग के पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अब तक की जांच में खुलासा हुआ है कि गैंग ने अभ्यर्थियों को परीक्षा का पेपर उपलब्ध कराने और उनके उत्तर सॉल्व कराने के एवज में पांच से लेकर 15 लाख रुपए तक वसूले थे। ऐसे करीब 400 से भी ज्यादा अभ्यर्थियों को हजारीबाग में अलग-अलग बैंक्वेट हॉल और होटल में रखकर प्रश्नों के उत्तर रटवाए गए थे। पुलिस ने होटलों और बैंक्वेट हॉल में छापा मारकर ऐसे ढाई सौ से ज्यादा अभ्यर्थियों को हिरासत में लिया है। इन जगहों पर रुकवाए गए अभ्यर्थी शुक्रवार को बिहार के अलग-अलग परीक्षा केंद्रों के लिए बसों से रवाना हुए थे। पुलिस ने इन बसों को बीच रास्ते में रोककर हिरासत में लिया। परीक्षा शुक्रवार को ही होनी थी। सुबह तीन बजे सभी छात्रों को अलग-अलग केंद्रों पर ले जाया जा रहा था। तभी पुलिस को इसकी भनक लगी और बड़ा ऑपरेशन चलाया गया। हजारीबाग के बरही से 90, पेलावल से 70, पदमा से 80, कोर्रा से 15 और कटकमसांडी से 15 अभ्यर्थियों को हिरासत में लिया गया। बीती रात को इन्हें पुलिस बिहार ले गई है, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। रैकेट का संचालन करने वाले जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनके पास से प्रश्नपत्र, कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, पेन ड्राइव बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि गुरुवार को ही आर्थिक अपराध इकाई पटना को सूचना मिली थी कि हजारीबाग में प्रश्नपत्र लीक हो गया है। इसके बाद झारखंड की हजारीबाग पुलिस के सहयोग से ऑपरेशन चलाया गया। बताया जा रहा है कि अभ्यर्थियों के पास से जो प्रश्न पत्र मिले हैं, वही प्रश्न शुक्रवार को आयोजित परीक्षा में पूछे गए थे। सबसे चौंकाने वाली बात यह कि इस रैकेट के संचालन में बिहार सरकार के कई अफसरों की संलिप्तता के सबूत मिल रहे हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : ई-पेपर
www.sonvarshavani.com   sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### एसडीएम ने किया बूथों का निरीक्षण, मतदाताओं को किया जागरूक



**भागलपुर/कहलगांव , एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर एसडीएम अशोक कुमार मंडल और अवर निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार ने शुक्रवार को नगर पंचायत क्षेत्र के बूथ संख्या 175,176 एवं 177, 180, 192, 194 आदि बूथों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बूथों का भौतिक सत्यापन किया। अवर निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के इन बूथों पर पूर्व में 50 से 55 प्रतिशत मत पड़े थे। इसको लेकर घर-घर जाकर मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक किया। और यह जानने का प्रयास किया कि महिला मतदाताओं के नाम तो नहीं छूटे हैं। और मतदान के प्रति कम रुझान की भी जानकारी ली।

### जगदीशपुरः ऑटो और बाइक में टक्कर, तीन घायल

**भागलपुर/गोराडीह, एजेंसी।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मखना के पास भागलपुर-हंसडीहा मुख्य सड़क पर बाइक और ऑटो की टक्कर में तीन लोग घायल हो गये। घटना शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे की बतायी जा रही है। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए जगदीशपुर अस्पताल ले जाया गया। वहां से दो लोगों को मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया। एक महिला को इलाज के बाद छोड़ दिया गया। घायलों में बांका रजौन के भीम यादव, बुलबुल कुमारी एवं अलीगंज के अरविंद यादव शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि भीम यादव अपनी पुत्री बुलबुल को बीपीएससी का परीक्षा दिलाने भागलपुर जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे आटो से टक्कर हो गयी। साथ ही बताया कि ऑटो पर सवार घायल अरविंद यादव जगदीशपुर लोकनाथ उच्च विद्यालय में आदेशपाल पद पर कार्यरत है। वह ड्यूटी के लिए विद्यालय ही जा रहा था। घटना को लेकर थाना में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं करायी गयी है।

### जयनगर से दिल्ली जाने को तैयार स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पटरी से उतरी



**मधुबनी, एजेंसी।** मधुबनी से इस वक्त की बड़ी खबर है जहां बड़ा रेल हादसा होते-होते बचा है। यह हादसा स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस में हुआ जो जयनगर से दिल्ली जाने को तैयार था। इसी दौरान मधुबनी में ट्रेन की एक बोगी पटरी से उतर गई। वैसे, किसी भी यात्री को इससे कोई नुकसान या हताहत की खबर नहीं है। जानकारी के अनुसार, गाड़ी नंबर 2561 सुपरफास्ट स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस को वॉशिंग पीट से लाया जा रहा था। इसी दौरान वह पटरी से उतर गई। ऐसे में अब स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से विलंब से खुलेंगी। रेल अधिकारियों की टीम मामले की जांच में जुटे हैं। जानकारी के अनुसार, जयनगर से दिल्ली जाने वाली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस की एक बोगी पटरी से उतरी है। मगर हादसे के वक्त ट्रेन में कोई भी पैसेंजर सवार नहीं थे।

# बारातियों से भरी बोलेरो की ट्रैक्टर से भिड़ंत

## दूल्हे के रिश्तेदार समेत 2 की मौत, गाड़ी के परखच्चे उड़े



**बेतिया , एजेंसी।** बिहार के बेतिया में बारातियों से भरी बोलेरो और ट्रैक्टर-ट्राली की भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद बोलेरो अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराकर खेत में पलट गई। घटना चनपटिया के कैथवलिया-लोहियरिया पथ पर बरवाचाप गांव के समीप घटी। इस हादसे में दूल्हे के एक रिश्तेदार समेत दो की मौत हो गई। शुक्रवार की रात करीब 9 बजे के आसपास यह हादसा हुआ। घटना में बोलेरो में सवार चालक समेत पांच बाराती गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जोरदार टक्कर की आवाज सुन आसपास के ग्रामीण दौड़े और बांस के सहारे बोलेरो को सीधा किया। जिसके बाद ग्रामीणों ने बोलेरो में सवार सभी लोगों को गाड़ी से बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची चनपटिया पुलिस ने सभी ज़ख्मियों को अपनी गाड़ी में बैठाकर सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने एंबुलेंस से सभी को जीएमसीएच बेतिया भेज दिया। वही इलाज के दौरान जीएमसीएच में बोलेरो चालक मुकेश दूबे (24) एवं एक बाराती ने दम तोड़ दिया। वही तीन जख्मियों का अब भी जीएमसीएच में इलाज चल रहा है। मृतक एवं सभी जख्मी कुमारबाग थाना क्षेत्र के महुआवा गांव के रहने वाले हैं। प्रभारी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि सभी ज़ख्मियों को जीएमसीएच बेतिया भेज दिया गया है। वही दोनों वाहनों को जप्त कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस ने दोनों गाड़ियों को जब्त कर लिया है। बताया जाता है कि कुमारबाग थाना क्षेत्र के महुआवा गांव से लौरिया थाना क्षेत्र के दुबौलिया गांव बारात जा रही थी। तभी लोहियरिया-कैथवलिया पथ पर बरवाचाप गांव के समीप कैथवलिया की ओर से टेंट का बांस लेकर ट्रैक्टर-ट्राली आ रहा था। ट्रैक्टर पर लदा बांस बोलेरो के शीशे में टकरा गया। जिसके बाद बोलेरो अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे में टक्कर मार दी और खेत में पलट गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# नीतीश मंत्रिमंडल में पिछड़ों का बोलबाला; ओबीसी कोटे से 12 मंत्री

**पटना , एजेंसी।** नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार संपन्न हो गया है। शुक्रवार शाम को राजभवन में 21 नए मंत्रियों ने शपथ ली। मंत्रिमंडल में एनडीए सरकार ने सामाजिक समीकरण का पूरा ख्याल रखा है। हालांकि इसमें पिछड़ों-अतिपिछड़ों का दबदबा है। मुख्यमंत्री को छोड़कर 29 मंत्रियों में पिछड़ा-अतिपिछड़ा कोटे से 12 मंत्री हो गए। जबकि सवर्ण समुदाय से 9 और दलित कोटे से 7 मंत्री बनाये गये हैं। एक अल्पसंख्यक कोटे से मंत्री बनाए गए हैं।

### तीन महिलाओं को भी मिला मौका

मंत्रिमंडल में तीन महिलाओं को शामिल किया गया। इनमें जदयू कोटे से दो लेसी सिंह व शीला मंडल हैं। जबकि भाजपा कोटे से एकमात्र महिला रेणु देवी हैं। पिछली बार एनडीए सरकार में रेणु देवी उपमुख्यमंत्री थीं। इस बार उन्हें केवल मंत्री बनाया गया है। 2020 की एनडीए सरकार में भी ये तीनों महिला चेहरा थीं।

### आठ विधान पार्षद बने मंत्री

राज्य मंत्रिमंडल में विधायकों के साथ ही विधान पार्षदों



को भी जगह दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद विधान पार्षद हैं। सीएम के अलावा आठ विधान पार्षद मंत्री बने हैं। जिन विधान पार्षदों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है उनमें उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंगल पांडेय, संतोष सिंह, हरि सहनी, दिलीप जायसवाल, संतोष सुमन, अशोक चौधरी व जनक राम हैं। विधान पार्षदों में भाजपा कोटे से छह, जदयू से एक तथा एक मंत्री हम पार्टी से हैं।

### चार पिछड़ा और आठ अतिपिछड़ा वर्ग से मंत्री बने

मंत्रिमंडल में पिछड़ा समुदाय से चार मंत्री हैं। इसमें उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अलावा श्रवण कुमार, बिजेन्द्र प्रसाद यादव व जयंत राज हैं। जबकि अतिपिछड़ा कोटे से आठ मंत्रियों में डॉ. प्रेम कुमार, मदन सहनी, रेणु देवी, हरि सहनी, दिलीप कुमार जायसवाल, केदार प्रसाद गुप्ता, सुरेन्द्र मेहता व शीला मंडल हैं। वहीं, सात दलित मंत्रियों में संतोष कुमार सुमन, अशोक चौधरी, महेश्वर हजारी, सुनील कुमार, रत्नेश सदा, कृष्णनंदन पासवान व जनक राम हैं। जदयू नेता जमा खान अल्पसंख्यक कोटे से एकमात्र मंत्री हैं। उन्हें फिर से मंत्रिमंडल में जगह मिली है।

### सवर्ण में चार राजपूत मंत्री बने

सामान्य कोटि से बने नौ मंत्रियों में सबसे अधिक चार राजपूत हैं। इनमें सुमित कुमार सिंह, लेसी सिंह, नीरज कुमार सिंह और संतोष सिंह हैं। दो भूमिहार में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और विजय कुमार चौधरी हैं। दो ब्राह्मण मंत्रियों में मंगल पांडेय और नीतीश मिश्रा जबकि एक मंत्री कायस्थ नितिन नवीन हैं।

# मोइनुल हक़ स्टेडियम के कायाकल्प की तैयारी, पुनर्निर्माण के लिये बीसीसीआई को लीज पर दे रही है बिहार सरकार

**पटना, एजेंसी।** बिहार के क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खबर आई है. अब राजधानी पटना के सबसे बड़े और पुराने स्टेडियम मोईनुल हक स्टेडियम में आईपीएल, वनडे सहित सभी अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जाएंगे. इस स्टेडियम को वर्ल्ड क्लास फैसिलिटी वाला बनाया जायेगा. यह निर्माण कोई और नहीं बल्कि बीसीसीआई की तरफ से किया जायेगा. जी हां, मोइनुल हक स्टेडियम को बिहार सरकार ने बीसीसीआई को देने का फैसला किया है. इसको लेकर कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है. अब बीसीसीआई अपनी जरूरतों के हिसाब से मोइनुल हक स्टेडियम का पुनर्निर्माण करेगी.



### बीसीए ने किया सरकार का धन्यवाद

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन यानी बीसीए के सीईओ मनीष राज ने इस फैसले के लिए बिहार सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब बीसीसीआई इस स्टेडियम का पुनर्निर्माण करेगी और इसको इंटरनेशनल मानक वाली स्टेडियम बनाएगी. बिहार क्रिकेट के साथ फैंस के लिए स्वर्णिम युग आने वाला है.

उन्होंने बताया कि पूर्व में भी बिहार सरकार को यह प्रस्ताव दिया गया था. साथ ही स्टेडियम का निर्माण किस मानक पर करना है यह भी बताया था. हालांकि अब सरकार ने इस स्टेडियम को हमारे जिम्मे देकर बेहद सराहनीय काम किया है. अब इस स्टेडियम को तोड़कर नए सिरे से निर्माण कराया जायेगा.

### कैबिनेट से मिली मंजूरी

बिहार सरकार की कैबिनेट मीटिंग में राजधानी के राजेन्द्र नगर स्थित मोईनुल हक स्टेडियम के पुनर्निर्माण के लिए भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) को दीर्घकालीन लीज पर सौंपने के लिए मंजूरी मिली है. इसके बाद बीसीए, खिलाडियों और क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है. आपको बता दें कि इस साल स्टेडियम में रणजी के कई मुकाबले खेले गए. मुंबई के खिलाफ जब पहला मुकाबला खेला गया था तब जर्जर स्टेडियम की खबर मीडिया में प्रकाशित होने के बाद पूरे देश में इसकी चर्चा शुरू हो गई थी. तत्कालीन भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने इसके निर्माण कार्य में तेजी लाने की बात कही थी. इसके बाद तत्कालीन पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव खुद स्टेडियम का जायजा लेने पहुंचे थे. इसके बाद आज कैबिनेट से मंजूरी मिली है.

### बोलेरो के धक्के से युवक जख्मी

**भागलपुर/अकबरनगर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के शिव मंदिर चौक के समीप बोलेरो के धक्के से एक युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। युवक को इलाज के लिए पास के क्लीनिक ले जाया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात करीब 8 बजे सुल्तानगंज से भागलपुर जा रही बोलेरो ने सड़क पार कर घर जा रहे एक युवक को धक्का मार दिया। जिसके कारण युवक का सिर फट गया। दुर्घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। युवक की पहचान श्रीरामपुर गांव निवासी माहिल चौधरी का पुत्र सोनू कुमार (18) के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच मामले की जांच पड़ताल की। युवक को इलाज के लिए पास के निजी क्लीनिक में भेज दिया। साथ ही चालक सहित बोलेरो को थाना लेकर आ गई।

# पशुपति पारस की चेतावनी- हाजीपुर से ही चुनाव लड़ूंगा

## गठबंधन में उचित सम्मान नहीं दिया गया तो हम कहीं भी जाने को तैयार

**पटना , एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर एनडीए में हमें उचित सम्मान नहीं दिया गया तो हमारी पार्टी स्वतंत्र है। हमारे दरवाजे खुले हैं। हम कहीं भी जाने को तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि मुझसे बात नहीं की गई है। हाजीपुर से ही चुनाव लड़ूंगा। दिल्ली में संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद पारस ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि आज हमारे संसदीय बोर्ड की बैठक हुई। सदस्यों ने फैसला किया है कि जब तक बीजेपी उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं होती है, हम इंतजार करेंगे। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से आग्रह करते हैं कि हमारे पांचों सांसदों पर विचार करें। 2014 से हम एनडीए के पार्ट हैं। बहुत ईमानदारी से मित्रता निभाई है। पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्?डा का मैं बहुत सम्मान करता हूं। मीटिंग में संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष सूरजभान सिंह, समस्तीपुर से सांसद प्रिंस राज और नवादा से सांसद चंदन सिंह भी शामिल हुए।

**सूची का इंतजार करेंगे :** पशुपति पारस आईएनडीआईए गठबंधन पर कहा कि हमारी किसी से कोई चर्चा कभी नहीं हुई है। हमने किसी से बात नहीं की है। हमारी पार्टी में 5 सांसद हैं। एनडीए गठबंधन को बैठो-मिलो लक्ष्य का पालन करना चाहिए था, लेकिन हमारी पार्टी के साथ न्याय नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि जब तक बिहार में एनडीए गठबंधन की सूची जारी




नहीं हो जाती, हम इंतजार करेंगे। मैं उनके केंद्रीय नेतृत्व से भी पुनर्विचार करने का आग्रह करता हूं। पासवान समुदाय के तीन सांसदों का टिकट काट दिया गया है। यह गलत संदेश जा रहा है। हाजीपुर सीट को लेकर पशुपति पारस और चिराग पासवान में खींचतान है। हाजीपुर सीट रामविलास पासवान की सीट है। इसलिए चिराग अपने पिता की सीट पर दावा करते हैं। पशुपति पारस का कहना है कि भाई रामविलास पासवान ने ही उन्हें यह सीट दी थी। अभी बिहार में एनडीए की सीट शेयरिंग सामने नहीं आई है, लेकिन दो दिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। इसके बाद चिराग पासवान ने कहा कि हमारी बातचीत सकारात्मक रही। जल्द ही सीटों के बारे में बताया जाएगा। बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए सीटों का बंटवारा हो गया है। मीडिया में यह खबर सामने आई कि हाजीपुर सीट चिराग पासवान को मिलेगी।

# बिहार में महागठबंधन का सीट फॉर्मूला तय

## आरजेडी- 28, कांग्रेस-9, माले- 2, भाकपा-1







**पटना , एजेंसी।** बिहार में महागठबंधन के घटक दलों में राजद सबसे ज्यादा 28 उम्मीदवार लोकसभा चुनाव में उतारेगा। राजद ने सर्वाधिक 26 उम्मीदवार वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में उतारे थे। तब राजद को 22 सीटों पर जीत मिली थी। 20 वर्षों के बाद राजद अपनी क्षमता का अधिकतम उपयोग चुनाव मैदान में करने को तैयार है। महागठबंधन में शामिल दलों में कांग्रेस को 9, भाकपा माले को 2 और भाकपा को एक सीट मिलने की उम्मीद है। माकपा को बिहार में जनाधार के अभाव में एक भी सीट देने पर विचार नहीं किया जा रहा है। हालांकि, माकपा ने भी अपनी दावेदारी पेश की है। जानकारी के अनुसार सोमवार को महागठबंधन की ओर से सीट बंटवारे की घोषणा की जाएगी। राजद के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो. मनोज कुमार झा ने शुक्रवार को बताया कि सीट बंटवारे को लेकर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। कांग्रेस के खाते में भागलपुर, पटना साहिब, औरंगाबाद, सासाराम, नरकटियागंज, कटिहार, किशनगंज, मुजफ्फरपुर, वैशाली सीटें दिए जाने की संभावना है। जबकि पूर्णिया सीट को कांग्रेस कोटा में शामिल करते हुए महागठबंधन की ओर से राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के लिए छोड़ा जा सकता है। कांग्रेस ने मधुबनी, मोतिहारी, पश्चिमी चंपारण व समस्तीपुर सीटों के लिए भी अपनी दावेदारी पेश की है। जबकि, भाकपा माले ने आरा, काराकाट, सीवान, जहानाबाद व कटिहार सीट के लिए दावेदारी की है, इनमें आरा व काराकाट सीट दिया जाने की चर्चा है। वहीं, भाकपा ने बेगूसराय, नवादा, मधुबनी व बांका संसदीय सीट की मांग की है। इनमें बांका राजद का परंपरागत सीट है और मधुबनी को लेकर माकपा व भाकपा दोनों की दावेदारी है। राजद परंपरागत सीटों को छोड़ने को तैयार नहीं जानकारी के अनुसार राजद अपनी परंपरागत सीटों को छोड़ने को तैयार नहीं है। इनमें गया, बांका, भागलपुर, पाटलिपुत्र, बक्सर, छपरा, अररिया, दरभंगा, झंझारपुर, गोपालगंज, खगड़िया, उजियारपुर, समस्तीपुर, नालंदा, मोतिहारी, सीतामढ़ी, शिवहर, मुंगेर, नवादा, वैशाली, हाजीपुर, जमुई व बेगूसराय सीटें शामिल है। राजद ने पिछले चुनाव में गया व औरंगाबाद सीटें जीतनराम मांझी की पार्टी हम को दे दी गयी थी लेकिन इस बार सिर्फ औरंगाबाद सीट कांग्रेस को देने की तैयारी है। वहीं, आरा सीट भी राजद की ओर से भाकपा माले को देने की तैयारी है।

# पीएमसीएच के टाटा वार्ड में आग, बाल-बाल बचे 45 बच्चे



**पटना, एजेंसी।** पीएमसीएच के टाटा वार्ड स्थित नियोनेटल केयर यूनिट (नीकू) में शुक्रवार की शाम करीब 7 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। नीकू में 45 नवजात बच्चे भर्ती हैं। आग लगते ही कई बच्चों को वहां से हटाया गया। थोड़ी भी देर होती तो बड़ी घटना हो सकती थी। शिशु विभाग का भवन टूटना है। इसलिए विभाग को टाटा वार्ड में शिफ्ट किया गया है। नीकू और पीकू को भी टाटा वार्ड में शिफ्ट किया गया है। नीकू में बिजली के प्लग में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। सूचना मिलते ही वहां भर्ती बच्चों के परिजन दौड़े। धुआं निकालने के लिए खिड़कियों को खोला गया। जो नहीं खुल रहे थे, उन्हें तोड़ दिया गया। थोड़ी देर में ही आग पर काबू पा लिया गया। इस बीच परिजन बच्चों को देने तो कुछ दिखाने की मांग करने लगे और नीकू में पहुंच गए। इससे नीकू में भीड़ जमा हो गई। प्राचार्य डॉ. विद्यापति चौधरी ने बताया कि गार्ड की मदद तुरंत सभी खिड़कियों तोड़ डाला गया, ताकि धुआं से बच्चों को परेशानी न हो। हॉस्टल से शिशु विभाग के सभी जूनियर डॉक्टरों को बुला लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रांसफॉर्मर ब्लास्ट में तीसरे वकील की हालत गंभीर

**पटना।** पटना सिविल कोर्ट में ट्रांसफॉर्मर ब्लास्ट में झुलसे तीसरे पीड़ित सीनियर अधिवक्ता हरी लाल गुप्ता की स्थिति गंभीर है। गंभीर अवस्था में उन्हें पीएमसीएच भर्ती कराया गया था। लेकिन परिजनों ने बेहतर सुविधा और मेडिकल व्यवस्था के लिए पटना के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। हरी नारायण गुप्ता लोहानीपुर पटना के रहने वाले हैं और पटना सिविल कोर्ट के सीनियर अधिवक्ताओं में शामिल हैं। हरी बाबू के नाम से अधिवक्ताओं के बीच प्रसिद्ध हैं। शुक्रवार की शाम अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार को वापस ले लिया था। शनिवार से न्यायिक काम काज में पूर्व की तरह सहयोग करने का फैसला लिया था। लेकिन आज एकबार फिर से अधिवक्ताओं ने आम सभा बुला ली है। अधिवक्ता ऋषि केस नारायण सिन्हा ने बताया कि दोपहर 11 बजे वकीलों की ओर से आम सभा बुलाई गई है। जिसमें सीनियर और जूनियर दोनों अधिवक्ता शामिल होंगे। इस पूरी घटना में अब तक दो लोगों अधिवक्ता दिवेंद प्रसाद सिंह, प्रकाश कुमार की मौत हो चुकी है। जबकि तीसरे पीड़ित अधिवक्ता हरी लाल गुप्ता की स्थिति गंभीर है। मुंशी रवि रंजन कुमार उर्फ बिट्टू का भी पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।




### 9वीं-11वीं की वार्षिक परीक्षा में शामिल होना जरूरी, बिहार बोर्ड ने दिए सख्त निर्देश

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (BSEB) ने 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा में शामिल होना अब अनिवार्य कर दिया है। इसमें शामिल होने और पास करने वाले स्टूडेंट्स का ही आगे की कक्षा में नामांकन हो सकेगा। बोर्ड ने साफ कहा कि 11वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को 12वीं में नामांकन लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उसी तरह 9वीं की वार्षिक परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को 10वीं में नामांकन नहीं होगा। बोर्ड ने निर्देश देते हुए कहा है कि 11वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए वार्षिक परीक्षा-2024 का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, 9वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा आज से शुरू हो रही है। कुछ विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा में शामिल नहीं होने की सूचना प्राप्त हो रही है, जो कि बिल्कुल गलत है। इन्हें आगे जाकर नामांकन में काफी परेशानी होगी। बिहार बोर्ड के इन निर्देशों का पालन कराने की जिम्मेदारी सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों की दी है। 12वीं कक्षा में 11वीं के उन्हीं विद्यार्थियों को प्रोमोट किया जाएगा, जो इस वार्षिक परीक्षा 2024 में शामिल हो कर उत्तीर्ण होंगे। वहीं, 10वीं कक्षा में भी 9वीं के वैसे ही विद्यार्थियों को प्रमोट किया जाएगा, जो इस वार्षिक परीक्षा 2024 में शामिल हो कर पास होंगे। सूबे में 12 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं 11वीं कक्षा में नामांकित हैं।वहीं, कक्षा 9वीं में 16 लाख छात्र-छात्राएं हैं। बिहार बोर्ड ने प्राचार्यों, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी और सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को इसे लेकर सूचित कर दिया है।



### पटना में गरज के साथ बूंदाबांदी:आने वाले दिनों में बढ़ेगी गर्मी, वैशाली और खगड़िया का पारा पहुंचा 36.3 डिग्री के पार

**पटना।** बिहार के मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। पटना में शनिवार की सुबह गरज के साथ बूंदाबांदी हुई। इसके बाद मौसम सुहाना हो गया। हालांकि, मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के कई जिलों में पारा अब तेजी से चढ़ेगा। सुबह 10 बजे के बाद लोगों को हल्की गर्मी का एहसास होगा। पटना, खगरिया, बेगूसराय, भागलपुर जैसे शहरों में तापमान तेजी से चढ़ रहा है।मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री वृद्धि की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान वैशाली और खगड़िया का अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। पूरे प्रदेश में आज से सुबह और शाम वाली ठंडी हवा खत्म हो जाएगी। पुरवा हवा फिर से चलने लगेगी। वहीं किसानों को फसल पर खास ध्यान रखने के लिए कहा गया है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार आज के बाद यदि तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी होती है तो, ऐसी स्थिति में हल्की सिंचाई करते रहें। इससे तापमान का असर गेहूं की फसल पर नहीं पड़ेगा। राजधानी पटना में आज पूरे दिन मौसम सामान्य बना रहेगा। दिन भर कड़ी धूप निकली रहेगी। पिछले 4 दिनों के अंदर राजधानी के तापमान में 4.9 डिग्री वृद्धि दर्ज की गई। 12 मार्च को पटना का अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं शुक्रवार को पटना का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस हो गया। पिछले 24 घंटे के दौरान 36.3 डिग्री के साथ खगड़िया और वैशाली जिला सबसे गर्म रहा। इसके अलावा शेखपुरा 35.1 डिग्री, गया और पटना 33.4 डिग्री, गया 32.6 डिग्री, दरभंगा 33 डिग्री, बेगूसराय 33.5 डिग्री, बांका 35.7 डिग्री, भागलपुर 34 डिग्री। इसके अलावा अन्य जिलों का अधिकतम तापमान भी 30 डिग्री सेल्सियस से लेकर 36 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।



### पारा मेडिकल काउंसिल का गठन, संस्थानों के संचालन, सेवा शर्त, नए पाठ्यक्रम की अनुमति समेत निधि और मूल्यांकन का काम करेगा काउंसिल




**पटना।** बिहार में पारा मेडिकल काउंसिल का गठन किया गया है। बिहार राज्य संबद्ध और स्वास्थ्य देखभाल परिषद के द्वारा संस्थान के संचालन, संरचना और विधान, सदस्यों की सेवा शर्तें, नियम एवम कार्य, संस्थानों की स्थापना, वृति (प्रोफेशनल) अध्ययन के नए पाठ्यक्रम की अनुमति, योग्यताओं की मान्यता, निधि एवम मूल्यांकन करने का कार्य काउंसिल के द्वारा की जाएगी। पारा मेडिकल एसोसिएशन ऑफ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण ने कहा है कि छात्रों की जीत हुई है। छात्रों ने जिस तरह से एकजुट होकर विधानसभा का मार्च किया, पुलिस के रोकने के बावजूद भी अधिकार के लिए लड़ते रहे, इसी के बदौलत आज ये सबकुछ हो पता है। लंबे समय से हमारी मांग थी कि राज्य में पारा मेडिकल काउंसिल का गठन किया जाए। हमारी यह मांग अब जाकर पूरी हुई है। इससे राज्य के लाखों पारा मेडिकल छात्रों को लाभ मिलेगा। बता दें कि, बीते 1 मार्च को पारा मेडिकल छात्रों के द्वारा इसके लिए विधानसभा मार्च किया गया था। पारा मेडिकल एसोसिएशन ऑफ बिहार के प्रतिनिधि मंडल ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव से मुलाकात कर के ज्ञापन सौंपा था। छात्रों के मुताबिक उन्हें स्वास्थ्य मंत्री ने अचार संहिता लागू होने से पहले राज्य में पारा मेडिकल काउंसिल के गठन का आश्वासन दिया था। जो अब गठन के साथ पूरा हो गया है।

# MLC आवास में हत्या मामले में 6 आरोपी हुए गिरफ्तार

## चोरी के आरोप में युवक को बांधकर पीटा था, बाउंड्री वॉल से लटका दिया था शव

**एजेंसी, पटना।**

पटना में नव निर्माणाधीन एमएलसी आवास में शव मिलने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। कृष्णा उर्फ अंशु की हत्या में शामिल 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अभी फरार है। जिसकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पूछताछ के दौरान बताया कि कृष्णा औजार चोरी कर रहा था। पकड़ने जाने के बाद उसे बांधकर मारा था, जिससे उसकी मौत हो गई।



**हत्या के बाद शव को लटका दिया था:** सचिवालय डीएसपी सुशील कुमार ने बताया कि नव निर्माणाधीन एमएलसी आवास में कृष्णा कुमार(19) की हत्या कर दी गई थी। वारदात के बाद शव को बाउंड्री की ग्रिल में हाथ-पैर बांधकर लटका दिया था। मामले की जांच के लिए मौके पर एफएसएल की टीम भी पहुंची थी।

**सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हुई गिरफ्तारी:** आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला गया। जिसमें 6-7 मजदूर भागते हुए दिखे थे। जिसके आधार पर पहचान के बाद 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एक फरार है, जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपियों ने भागने के लिए बाइक का इस्तेमाल किया था, जिसको बरामद कर लिया गया है।

**सभी आरोपी गया के रहने वाले:** सभी आरोपी गया जिले के रहने वाले हैं। जिसकी पहचान अमरजीत कुमार(27), पिता-लालमोहन साव, कमलेश कुमार (28), पिता-अवधेश यादव, अजय कुमार (28), पिता-रामकृपाल यादव, संजय कुमार (40), पिता स्व. राजनाथ यादव, दिलीप कुमार(30), पिता- सत्येंद्र यादव और राहुल कुमार(25), पिता-अरूण शर्मा के तौर पर हुई है।

# NRI से लूट मामले मामले में चालक को भेजा जेल

**एजेंसी, पटना।**



कनाडा के कार शोरूम संचालक एनआरआई रवि उर्फ रितेश बात्रा का बैग अभी तक नहीं मिला है। बैग लूट मामले में पटना पुलिस ने ऑटो चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, लेकिन पुलिस अभी तक बैग नहीं खोज पाई है। पुलिस की कार्यशैली से नाराज रवि छत्तीसगढ़ वापस लौट गए हैं।

**बिहार कभी नहीं जाऊंगा:** बताया कि बहुत सुना था बिहार के बारे में, इसलिए घूमने चला आया था। ऐसा हादसा हो गया कि मेरा पैसा, सामान और समय तीनों चला गया। चोर पकड़ा गया, लेकिन सामान बरामद नहीं हो सका। अब बिहार कभी नहीं जाऊंगा। कोतवाली थाना प्रभारी राजन कुमार ने बताया कि आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। पूछताछ के दौरान चालक ने बताया कि रवि का बैग मैंने नहीं देखा। आरोपी चालक के मुताबिक रवि को छोड़कर मैं नहीं भागा था। रवि अपने परिवार के साथ ऑटो से उतरकर खुद घूमने चले गए थे। बैग के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है। ऑटो में दिनभर कोई ना कोई सवारी बैठती है। हो सकता है कोई सवारी ही बैग लेकर उतर गया हो। बैग अगर चालक ने नहीं लिया, तो कौन ले गया। इसकी जांच की जा रही है। गहनता से सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

**क्या है पूरा मामला:** मूल रूप से छत्तीसगढ़ के रहने वाले रवि अपने परिवार के साथ पटना घूमने आए थे। पीड़ित ने बताया था ति गुरुद्वारा जाने के लिए जंक्शन से 300 रुपए में ऑटो बुक किया। ऑटो वाला इधर-उधर घुमाते हुए जेपी गंगा पथ पर लेकर चला गया। वहां उतारकर कहा कि घूम लीजिए। ऑटो से नीचे उतरने के बाद चालक गाड़ी लेकर भाग गया था। जिसपर बैग रखा था।

# आचार संहिता लगने से पहले नीतीश के पोस्टर की पुताई

**एजेंसी, पटना।**

आज से लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो जायेगा। उससे पहले शहर के अंदर से राजनीतिक पोस्टर, बैनर हटने लगा है। पटना नगर निगम की ओर से सभी राजनीतिक पोस्टर, बैनर को हटाया जा रहा है। दीवारों पर जो पोस्टर लगाए गए हैं, उनकी पुताई की जा रही है। सीएम नीतीश कुमार का पोस्टर की भी पुताई की गई। तेजी से पूरे पटना शहर के अंदर ये काम चल रहा है। सभी 75 वार्डों से राजनीतिक, गैर राजनीतिक समेत सभी तरह के पोस्टर बैनर हटाए जा रहे हैं। नगर निगम के सुपरवाइजर कर्मियों के साथ साथ मौजूद हैं और पोस्टर बैनर को हटवा रहे हैं। बुद्ध मार्ग में राजनीतिक पोस्टर पर पुताई करा रहे सुपरवाइजर अरुण कुमार ने बताया हमलोगों को शहर में जितने पोस्टर बैनर लगे हैं, उनको हटाने का आदेश मिला है। जो दीवार पर लगे हैं, उनको कवर किया जा रहा। शहर के सभी 75 वार्डों के लिए यही आदेश मिला है। इसीलिए सभी तरह के राजनीतिक पोस्टर, चाहे वो किसी भी पार्टी का हो, उसे हटाया जा रहा है। जो दीवार पर है, उसे कवर किया जा रहा है।



**पटना के 75 वार्डों में हटाए जा रहे हैं राजनीतिक बैनर, ढकने का भी काम शुरू**

**पुल पर कवर कर दिए गए हैं सभी पोस्टर:** रोजगार को लेकर जेडीयू पार्टी की तरफ से जो शहर के अंदर पुल, दीवारों पर पोस्टर लगाए गए थे। उसे लगभग कवर कर दिया गया है। जो बचे हुए पोस्टर हैं, उसे भी कवर किया जा रहा है। इसी तरह से राजद पार्टी, बीजेपी के चुनाव चिन्ह वाले स्लोगन के साथ जो पेंटिंग की गई थी, उसे भी कवर कर दिया गया है।

# पटना में मिली लड़की की लाश, रेप की आशंका, मर्डर के बाद शव को पानी से भरे गड्ढे में फेंका

## युवती की पहचान नहीं, मृतका की पहचान में जुटी पुलिस

**एजेंसी, पटना।**

पटना के बेलछी में अपराधियों ने एक युवती की गला काटकर निर्मम हत्या कर दी। फिर उसके शव को कोकरी खंदा पर गांव में पानी भरे एक गड्ढे में फेंक दिया। पुलिस ने शनिवार को युवती का शव बरामद कर लिया है। आशंका है कि अपराधियों ने युवती का रेप करने के बाद उसकी हत्या की है। फिलहाल युवती की पहचान नहीं हो पाई है। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी का माहौल कायम हो गया। पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। साथ ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।




**ग्रामीणों ने गड्ढे में देखा शव:** मिली जानकारी के मुताबिक, ग्रामीणो ने शनिवार सुबह कोकरी खंदा पर पानी सेभरे गड्ढे में युवती का शव देखा। जिसके बाद शव मिलने की सूचना पूरे गांव में आग की तरफ फैल गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना संबंधित थाना को दी। सूचना मिलते ही बेलछी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और युवती के शव को गड्ढे से निकाला। युवती की पहचान के लिए आस-पास के लोगों से बातचीत की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने आशंका जाहिर की है कि युवती की रेप के बाद हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बाढ़ अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। साथ ही मृतका की पहचान में भी जुटी है।

**पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट के बाद होगा खुलासा:** घटना की पुष्टि करते हुए बेलछी थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में रेप के बाद हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। हालांकि, पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही रेप की पुष्टि होगी। उन्होंने कहा कि आसपास के थाना को भी युवती को पहचान के लिए आग्रह किया गया है।

# अवैध संबंध का विरोध किया तो पत्नी की हत्या, महिला आयोग पहुंचा मामला

**एजेंसी, पटना।**

पूर्णिया की रहने वाली शमा परवीन ने रोजा के दौरान अपने पति को दूसरे महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा। महिला पति के रिश्ते में भाभी थी। इसके बाद शमा लगातार विरोध करने लगी, जिससे नाराज पति शमशीर-उल-हक ने उसकी हत्या कर दी। शमा के मायके वालों ने दामाद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई, लेकिन एक साल बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अब मामला महिला आयोग पहुंचा है। मृतका के पिता श्यामुल हक ने बताया कि 22 मार्च 2023 को बेटी की हत्या कर दी गई थी। शमा के पति शमशीर का उसकी भाभी के साथ गलत संबंध था और मेरी बेटी ने यह कई बार देखा था। जब शमा ने विरोध की तो उसे हत्या की धमकी दी और कहा था मैं तुम्हें जिंदा नहीं छोड़ूगा। श्यामुल ने बताया कि इस घटना के बाद बेटी 9 महीने तक मायके में रही। फिर पंचायत बैठी और शमशीर ने शमा को घर चलने को कहा और आगे से ऐसी शिकायत नहीं होने की बात कही। घर लेने जाने के बाद तीन महीने भी नहीं पूरे हुए और उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। पिता श्यामुल हक ने बताया कि जब शमशीर हत्या कर फरार हो रहा था, तभी उसने फोन किया और कहा तुम्हारी बेटी आत्महत्या कर ली है। जब हमलोग वहां पहुंचे तो उसकी लाश पड़ी थी और उसके शरीर पर कई चोट के निशान और आखों के पास सूजन था। उसकी 3 साल की बेटी आफिया ने अपनी मां की हत्या होते देखी है और उसने भी बताया है। उन्होंने कहा कि इस घटना के एक साल बीत चुके हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के साथ भी छेड़छाड़ की गयी है। पैसा देकर पूरे रिपोर्ट को नार्मल किया गया है। श्यामुल ने यहां तक बताया कि शमशीर अभी भी खुल्लम-खुल्ला घूम रहा है। वह सीवान के गौरा गांव में रह रहा है। उसका लोकेशन देने के बावजूद भी पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है।



**रोजा में पति ने भाभी के साथ बनाया था रिलेशन**

**पांच साल पहले हुई थी शादी:** शमा की मां शरीफ-उन-निशा ने बताया कि पांच साल पहले उन्होंने अपनी बेटी की शादी मौलवी शमशीर से की थी। शादी के बाद से बेटी का पति और ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे। मृतका को दो बच्चे हैं। इसमें एक 3 वर्ष की बेटी और दूसरा 1 साल का बेटा है। जब दोनों की शादी हुई तब उसके एक साल बाद शमशीर ने खुद शमा को कहा था कि उसने शक दूर करने के लिए शादी की है। क्योंकि लोग उसके ऊपर पहले से ही शक करते थे कि वह भाभी के साथ फंसा हुआ है। इसलिए उसने शादी की। शादीशुदा रहेंगे तो कोई हमपर शक नहीं करेगा।

# TRE 3 के दूसरे शिफ्ट की परीक्षा में पेपर लीक

**एजेंसी, पटना।**

छात्र नेता दिलीप बीपीएससी द्वारा तीसरे चरण के शिक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की बात कह रहे हैं। छात्र नेता दिलीप ने बीपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा के सेकंड सिटिंग के पेपर लीक का आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि क्लास 1 टू 5 लिए हुए परीक्षा का उत्तर परीक्षा से पहले ही वायरल हो गया और मेरे पास भी आया था। वहीं इसको लेकर छात्र नेता दिलीप ने सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने कहा है कि सभी आंसर मिल रहा है ,जो परीक्षा में पूछा गया था। जब मेरे पास परीक्षा से पहले ही सवालों के जवाब आए तो जिस व्यक्ति ने भेजा था उनको हमने आर्थिक अपराध इकाई को भेजने को कहा। इसके बाद आर्थिक अपराध इकाई को भी सभी वायरल सवालों के जवाब भेजा गया। उन्होंने इस मामले में बीपीएससी के आधिकारिक पर भी आरोप लगाया है। उनका नाम रंजीत है। 67वीं बीपीएससी के जब पेपर लीक हुई थी। उस समय भी हमने या मांग की थी कि अमरेंद्र कुमार के साथ उसे रंजीत को भी हटाया जाए। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। आयोग के अध्यक्ष अतुल प्रसाद रिटायर होने के बाद इस अधिकारी की ओर से इस तरीके का काम किया गया है।



# जंक्शन पर भटकता मिला 10 साल का बच्चा

**एजेंसी, मुजफ्फरपुर।**

मुजफ्फरपुर रेलवे जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने गश्ती के क्रम में प्लेटफार्म नंबर दो पर भटक रहे एक 10 वर्षीय बच्चे को बरामद किया। वो काफी रो रहा था। पूछताछ के क्रम में बच्चे ने रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को अपना नाम विशाल कुमार बताया। जहां बच्चे ने अपने ग्राम का नाम पसौरा और थाना क्षेत्र सराय बताया गया। इसी दौरान रेलवे सुरक्षा बल के जवानों से बातचीत में बच्चे ने बताया कि वह सराय में अपने पिता के साथ ट्रेन पकड़ने आया था।

इस क्रम में वह भीड़ में अपने पिता से अलग होकर भटक गया। जहां वह अपने पिता को खोजते-खोजते मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन पहुंच गया है। रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने पिता से बिछड़े बच्चे को ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत अपनी संरक्षण में ले लिया गया। रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने स्टेशन पर कई बार बच्चे को लेकर उद्घोषणा भी की, लेकिन इसके बाद भी बच्चे को लेने के लिए कोई भी उसका परिजन सामने नहीं आया।

इसके बाद रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने पूरे मामले की जानकारी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट को दी गई। रेलवे सुरक्षा बल के एएसआई अरविंद कुमार ने मामले की जानकारी चाइल्ड हेल्प लाइन को दी। जिसके बाद मुजफ्फरपुर जंक्शन पर पहुंचे चाइल्ड हेल्प लाइन के सदस्यों को जरूरी निर्देश दिया। जंक्शन से मिले बच्चे को उसके अभिभावक तक पहुंचने की जिम्मेदारी दी। बरामद बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम को सौंप दिया गया।

# अब मोइनुल हक स्टेडियम में जल्द होंगे इंटरनेशनल मैच, बिहार सरकार ने BCCI को सौंपा स्टेडियम

**एजेंसी, पटना।**

बिहार के खिलाड़ियों को सौगात मिलने वाली है। फजीहत के बाद अब मोइनुल हक स्टेडियम का कायाकल्प होने वाला है। यह निर्माण भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) की तरफ से किया जाएगा। बिहार सरकार ने मोइनुल हक स्टेडियम को BCCI को देने का फैसला किया है। राज्य सरकार ने स्टेडियम के पुनर्निर्माण के लिए BCCI को लीज पर देने पर सहमति दे दी है। BCCI अपनी जरूरतों के हिसाब से मोइनुल हक स्टेडियम का पुनर्निर्माण करेगी। हालांकि, अभी तक यह तय नहीं हुआ है कि लीज अवधि क्या होगी। स्टेडियम का पुनर्निर्माण होने के बाद यहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट मैचों का आयोजन हो सकेगा। स्टेडियम को वर्ल्ड क्लास फैसिलिटी वाला बनाया जाएगा। इससे राज्य के क्रिकेट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा।



**पुनर्निर्माण के लिए लीज पर दिया**

**रिकॉर्ड समय के अंदर विकसित होगा स्टेडियम:** मोइनुल हक स्टेडियम को दीर्घ अवधि के लिए लीज पर आवंटित किए जाने के बाद बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद दिया है। कहा कि चिर प्रतीक्षित मांग आज पूरी हुई है। इस निर्णय से बिहार क्रिकेट और क्रिकेटरों के बीच हर्ष-उल्लास का माहौल बन गया है। उन्होंने सरकार को आश्वस्त किया कि मोइनुल हक स्टेडियम को स्टेट ऑफ आर्ट क्रिकेट कॉम्प्लेक्स के रूप में, रिकॉर्ड समय के भीतर विकसित किया जाएगा।

**राज्य के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए सरकारी नौकरियों पर हो रही बातचीत:** राकेश तिवारी ने आगे कहा है कि बीसीए बिहार सरकार से क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए सरकारी नौकरियों की योजना के लिए बातचीत कर रही है। खिलाड़ियों के लिए सरकारी नौकरियों की सुविधा के लिए सरकार के साथ चर्चा चल रही है। हमारी चर्चा सकारात्मक रही है। हमें विश्वास है कि इस पहल से क्रिकेट में युवाओं की रुचि बढ़ेगी और उनकी भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। बीसीए कई घरेलू आयोजन करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### यात्रा के दौरान गुम हुआ ट्रॉली बैग, RPF ने लौटाया, दुर्गियांन एक्सप्रेस से सफर कर रहे थे यात्रा

**गया।** दुर्गियाना एक्सप्रेस से सफर कर रहे रेल यात्री का ट्राली बैग गया स्टेशन पर लेकर कोई और उतर गया। इस बात की भनक रेल में सफर कर रही ट्राली बैग से जुड़ी महिला को लगी तो उसने ट्रेन का एसीपी (अलार्म चेन पुलिंग) किया। इसपर ड्यूटी पर मुस्तैद RPF, ट्रेन को एसीपी किए जाने का कारण जाना। पीड़ित महिला ने अपनी आपबीती बताई। महिला के साथ यात्रा कर रहे पुरुष रेल यात्री के साथ RPF वालों ने ट्राली की छानबीन शुरू की तो 2 नम्बर प्लेटफॉर्म पर ट्राली बैग लावारसी हालत में मिला। बैग की जांच पड़ताल की गई तो उसके अंदर सबकुछ सुरक्षित मिला। इस पर यात्री ने RPF का आभार जताया। ASI अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 12358 प्लेटफॉर्म 2 पर आगमन और अपने नीयत ठहराव के बाद खुलने के बाद ACP का हॉर्न देकर खड़ी हो गई। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सामान्य कोच 216222/C को अटेंड करने पर एक पुरूष और दो महिला रोती हुई देखी गई। पूछने पर पुरुष यात्री द्वारा अपना नाम और पता गोपाल कुमार स्वर्णकार, पिता जोगेंद्र स्वर्ण कार ,पता बाईपास बेलटोला, जमुरिया थाने की जमुरिया जिला वर्दवान पश्चिम बंगाल बताया। साथ ही यह भी बताया कि पत्नी गुड़िया देवी और बहन राधा के साथ उक्त गाड़ी में लखनऊ से आसनसोल स्टेशन तक यात्रा पर हैं। मेरा ट्रॉली बैग किसी यात्री के द्वारा उतार लिया गया है। मेरी पत्नी के द्वारा ACP किया गया। इसके बाद गाड़ी का एसीपी आरपीएफ के द्वारा ठीक की गई। पुरुष यात्री को उसकी पत्नी और बहन को गाड़ी में यात्रा जारी रखने के लिए बोला गया। उसके बाद दोनों महिला उक्त गाड़ी मे सवार होकर गंतव्य के लिए प्रस्थान किए। इधर पुरुष यात्री द्वारा बताया गया कि कोच की स्थिति पीछे से दूसरा था। जॉच के क्रम मे पाया गया कि सम्बन्धित यात्री का ग्रे रंग का ट्रॉली प्लेटफ्रॉम 2 दिल्ली एंड पर पड़ा पाया गया। आस पास के यात्री के द्वारा बताया गया कि उक्त कोच से अधिक यात्री उतरे उसी मे से एक यात्री आपस मे बात कर कह रहा था कि गलती से यह बैग अपना समझ उतार लिए। और वह डर से छोड़ चला गया। तभी उपरोक्त यात्री के द्वारा अपने ट्रॉली बैग के रुप मे पहचान किया जो सही हालात में था। उन्होंने बैग के अंदर रखे अपने सामन की पड़ताल की तो सबकुछ सही पाया गया। उक्त यात्री को बैग का सत्यापन के बाद सुपुर्द कर दिया गया। जिसका मूल्य 10 हजार आंका गया। इसके बाद सामान लेकर अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना हो गया।

### दुष्कर्म-हत्या का आरोप लगा दुकान में लगाई आग



**गया।** गया में किसी ने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी कि महिला से दुष्कर्म कर हत्या कर दी गई है और उसकी लाश को नाले में फेंक दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। लोगों की मांग पर पुलिस ने नाले का निरीक्षण किया। जेसीबी से लाश की खोजबीन हुई। नाले की एक घंटे तक तलाशी ली गई पर कुथ नहीं मिला। इस दौरान सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। जिस लड़के पर आरोप है वह एक जड़ी-बूटी की दुकान में था। लोगों ने दुकान में आग लगा दी। पुलिस के हाथ अबतक कुछ हाथ नहीं लगे हैं। अब पुलिस उसे भी खोज रही जिसने दुष्कर्म की सूचना दी। मामला सिविल लाइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत मिर्जा गालिब मोड़ से 100 मीटर आगे की है। भीड़ बेकाबू हो रही थी। यह देखते हुए दंगा नियंत्रण वाहन से बड़ी संख्या में जवानों को बुलाया गया। घटना की जानकारी सिविल लाइंस थाना के थाना अध्यक्ष ने एसएसपी को दी। एसएसपी आशीष भारती ने नाले को खंगालने का निर्देश दिया। पर पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा। अभी तक इसे अफवाह माना जा रहा है। फिर भी पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है।

### दुकान में आग लगाने का CCTV फुटेज, मकान मालिक के छोटे भाई पर लगा आरोप

**गया।** गया में हार्डवेयर दुकान और गोदाम में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा देने का मामला सामने आया है। पूरी वारदात CCTV कैमरे में कैद हो गई। CCTV फुटेज में दिख रहा है कि एक युवक हाथ में थैला लेकर आता है। थैले से प्लास्टिक का जार निकालकर हार्डवेयर दुकान के बाहर रखे सामान में पेट्रोल छिड़ककर माचिस से आग लगा देता है। आग लगने के बाद चिंगारी गोदाम के अंदर चली गई, जहां 6 से 7 लाख रुपए के हार्डवेयर का सामान जलकर राख हो गया। घटना आज सुबह 5 बजे की है। दुकान के मालिक श्रीधर मिश्रा ने बताया कि यह मकान हमने बड़े भाई से किराए पर लिया है। छोटे भाई के द्वारा दुकान खाली करने की धमकी दी जा रही थी, जब खाली नहीं किया गया तो छोटे भाई ने रात में आकर पेट्रोल छिड़ककर गोदाम में आग लगा दिया है। इसमें 7 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं इस मामले को लेकर पीड़ित ने कोतवाली थाने में विजय गुप्ता के नाम पर मामला दर्ज करवाया है। हालांकि इसकी सूचना रात में ही दुकान मालिक के द्वारा दमकल की टीम को दी गई, जहां दमकल की टीम पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। हालांकि पीड़ित ने आग लगने वाले आरोपी को चिन्हित करने के बाद मामले को लेकर कोतवाली में आवेदन दिया गया था। केस दर्ज किया गया है। इस संबंध में कोतवाली थाना के थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने बताया। दुकान में पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने को लेकर आज केस दर्ज कर लिया गया है। विजय गुप्ता को आरोपी बनाया गया है।

### RMP डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप, महिला की मौतःपरिजन बोले- ऑपरेशन के दौरान कटा नस, परिजनों ने किया हंगामा

**नालंदा।** नालंदा के सिलाव प्रखण्ड अंतर्गत एक निजी अस्पताल के RMP डॉक्टर के द्वारा ऑपरेशन के दौरान लापरवाही बरतने के कारण एक महिला की मौत हो गई। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने शुक्रवार को हॉस्पिटल में जमकर हंगामा किया। मामला नालन्दा थाना क्षेत्र अंतगर्त नालंदा स्थित मौसम हास्पिटल का है। जहां के अस्पताल के आर एम पी डाक्टर मनोज कुमार ने गुरुवार की शाम सिलाव थाना क्षेत्र अंतर्गत माधोपुर गाँव की रामबली पासवान की (45) वर्षीया पत्नी प्रविला देवी का अपेंडिक्स का ऑपरेशन किया था,ऑपरेशन के कई घंटे बाद भी वह होश में नही आई। शुक्रवार के दिन हॉस्पिटल के डॉक्टर मनोज कुमार द्वारा उसे पटना रेफर कर दिया गया। लेकिन जैसे महिला को परिजन ले जाने लगा तो देखा कि महिला की मौत हो चुकी है। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल पहुँच जमकर हंगामा शुरू कर दिया। करीव दो घंटे तक हंगामा होता रहा। मृतक के बहन लाखो देवी एवं भाई अर्जुन कुमार ने आरएमपी डॉक्टर मनोज कुमार को मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए बताया कि अपेंडिक्स का ऑपरेशन के लिए भर्ती किया और दस हजार रुपये उनसे लिए गए। लेकिन कोई कुशल डॉक्टर से ऑपरेशन नहीं करवा खुद आरएमपी डॉक्टर मनोज कुमार ने ही ऑपरेशन किया है, ऑपरेशन के बाद से ही मरीज की हालत खराब हो गई थी। परिजनों ने आरोप लगाया की डॉक्टर की अनुभवहीनता के कारण ऑपरेशन के दौरान पेशाब नली को ही काट दिया गया है, जिसके कारण मरीज की मौत हो गई और उनलोगों को बरगलाने के लिये डेड बॉडी को रेफर कर दिया गया। वहीं हंगामा होने की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस संदर्भ में नालंदा थाना प्रभारी निशि कुमार ने बताया कि हंगामा होने की सूचना पर विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस दल भेजा गया था, लेकिन मृतक के परिजन बिना पोस्टमार्टम करवाए ही शव को अपने साथ लेकर चले गए। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# नालन्दा यूनिवर्सिटी में बोधगया ग्लोबल डायलॉग्स की शुरुआत

## दो दिन चलेगा कार्यक्रम, राज्यपाल ने कहा- यहां शस्त्रों की तुलना में शास्त्रों को प्राथमिकता दी गई

निज संवाददाता। नालंदा









नालंदा की इस भूमि से निकला ज्ञानोदय का संदेश सदैव अनाक्रामकता का रहा है। आज फिर हमें एक एकीकृत विचार प्रक्रिया की आवश्यकता है। यह वह भूमि है जहां शस्त्रों की तुलना में शास्त्रों को प्राथमिकता दी गई और जहां से दुनिया को भारत ने करुणा और अहिंसा में सन्निहित संदेश भेजा है। दुनिया के लिए हमारी करुणा और अहिंसा की अभिव्यक्ति सदैव प्रेरणा स्त्रोत रही है। मेरा मानना है कि बोधगया डायलॉग के विचार-विमर्श भविष्य में हमारे समाज के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में काम करेंगे। शनिवार को नालन्दा विश्वविद्यालय के सुषमा स्वराज सभागार में बोधगया ग्लोबल डायलॉग्स 2024 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने ये बातें कहीं। बोधगया, राजगीर और नालंदा ज्ञान और प्रज्ञा की भूमि रही है उद्घाटन सत्र के मुख्य सम्बोधन में नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति (अंतरिम) प्रो.अभय कुमार सिंह कहा कि हमारी एकीकृत राष्ट्रीयता की अवधारणा वसुधैव-कुटुंबकम के विचार से प्रेरित है जो हमें अपनी दृष्टि को व्यापक बनाने के लिए प्रेरित करती है। बोधगया, राजगीर और नालंदा ज्ञान और प्रज्ञा की भूमि रही है। मगध क्षेत्र का यह एकीकृत परिदृश्य भी इसी समावेशी दृष्टिकोण को दर्शाता है। मगध के वैभवशाली प्रदेश में स्थित यह विश्वविद्यालय जो कभी प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रतिनिधि था, आज एक बार फिर तीस से अधिक देशों से ये अध्ययनरत छात्रों के साथ एक बार फिर अपने नए अवतार में उभर रहा है।

**छठा संस्करण का हो रहा आयोजनः** बोधगया ग्लोबल डायलॉग्स 2024 का छठा संस्करण नालंदा विश्वविद्यालय और देशकाल सोसाइटी के बीच एक सहयोगात्मक शैक्षणिक कार्यक्रम है जो 16 और 17 मार्च 2024 को एनयू परिसर में हो रहा है। दो दिनों तक चलने वाला यह कार्यक्रम बोधगया, राजगीर और नालंदा के ऐतिहासिक विरासत व ज्ञान परंपरा में इन क्षेत्रों के योगदान के परिदृश्य पर केंद्रित है।

## हथियार लहराने वालों को खोज रही पुलिस
### सोशल साइट पर डाला पिस्टल वाला फोटो, गिरफ्तारी के लिए चल रही छापेमारी

निज संवाददाता। गया



सोशल साइट पर हथियार के साथ फोटो लगाने वाले दो अलग अलग युवकों के खिलाफ फतेहपुर पुलिस ने केस दर्ज किया है। सोशल साइट पर बीते तीन दिनों से हथियार के साथ फोटो वायरल हो रहा था। पहली घटना फतेहपुर के अकलबीघा गांव के युवक से जुड़ा है। उसके खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। हालांकि अब तक नामजद युवक की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी में जुटी है। फतेहपुर थाना अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने युवक की पहचान कर उसके खिलाफ फतेहपुर थाना में केस दर्ज किया गया है। युवक फतेहपुर थाना क्षेत्र के अकलबीघा गांव का बिंदी यादव है। जिसने अपने एक अन्य साथी के साथ देसी पिस्टल लेकर अपनी फोटो को सोशल साइट पर अपलोड किया था। दूसरी घटना फतेहपुर थाना क्षेत्र के सवलपुर गांव से जुड़ी है। बेशक सवलपुर के युवक का फोटो हथियार के साथ सोशल साइट पर वायरल हो रहा है, लेकिन इस मामले में पुलिस ने खुद नहीं बल्कि उसी गांव के युवक की शिकायत पर केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के सवलपुर निवासी चंदन के बयान पर फतेहपुर थाना में गाली-गलौज, जान मारने की धमकी और सोशल साइट पर हथियार के साथ फोटो अपलोड करने के मामले में फतेहपुर थाना में केस दर्ज हुआ है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि सवलपुर निवासी पवन राजवंशी, रजौली थाना क्षेत्र के दिनेश राजवंशी, प्रदुमन उर्फ गोरेलाल राजवंशी सभी ने चंदन के घर पर चढ़ कर गाली-गलौज, जान मारने की धमकी और सोशल साइट पर हथियार अपलोड कर चंदन और उसके परिजनों को धमकाने के आरोप में केस दर्ज किया गया है।

# हाईवा ने नाबालिग को कुचला, मौत, सड़क किनारे पिकअप से उतार रहा था डीजे

## ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान किशोर को रौंद डाला

निज संवाददाता। गया







गया के गुरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत कतला गांव के पास मुख्य सड़क मार्ग पर हाईवा ने नाबालिग को कुचल दिया। मौत पर ही उसकी मौत हो गई। हाईवा को छोड़कर चालक भाग रहा था, लेकिन लोगों ने उसे पकड़ लिया। सूचना पर मौके पर पहुंची गुरुआ थाने की पुलिस टीम ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है। लोगों को समझा बुझाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान गुरुआ के भुईयां बिगहा गांव के रहने वाले बालेश्वर मांझी के 15 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई है। कतला गांव में आज किसी के घर बर्थ-डे पार्टी थी। बर्थ-डे पार्टी में मनोरंजन के लिए गया शहर से पिकअप वाहन पर डीजे आया था। डीजे उतारने के लिए गांव के युवा जुटे थे।

गांव के लड़कों के साथ सड़क किनारे नाबालिग भी लोगों के साथ मिलकर डीजे उतार रहा था। इसी क्रम में गिट्टी लदे हाईवा ने दूसरे ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में उसे रौंद दिया।

**वाहन को थाने ले गई पुलिसः** गुरुआ थानाध्यक्ष मोहम्मद सरफराज इमाम ने कहा कि नाबालिग की पहचान गुरुआ के भुईयां बिगहा का रहने वाले बालेश्वर मांझी का 15 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में की गई है। हाईवा को जब्त कर पुलिस थाने लेकर चली गई। चालक को भी स्थानीय लोगों की मदद से पकड़ा गया।

## 'गया जिले के कई इलाके ड्राई जोन की कगार पर'
# पार्षदों ने निर्बाध जलापूर्ति को लेकर समीक्षा बैठक में जताई चिंता

निज संवाददाता। गया



नगर निगम सभागार में जलापूर्ति से संबंधित अति महत्वपूर्ण बैठक पेयजल आपूर्ति के मसले पर केंद्रित रही। यह बैठक घंटों चली। तय किया गया कि भीषण गर्मी को देखते हुए आम अवाम को पानी का निर्बाध जलापूर्ति कराया जा सके। इस विन्दु पर 1 से लेकर 53 वार्डों का प्रत्येक वार्ड वाइज समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सभी पार्षदों ने अपने वार्डों में पेयजल से संबंधित समस्याओं को अगवत कराया और समस्याओं को शीघ्र दूर करने की बात रखी। वहीं बुडको द्वारा कार्य में बरती जा रही लापरवाही पर वार्ड पार्षदों ने जमकर गुस्सा निकाला। कहा कि तीन साल की योजना छह साल में भी पूरा नहीं सका है। अभी से ही पानी के लिए जनता त्राहिमाम है। कई क्षेत्र तो ड्राई जोन की कगार पर है। वहीं मेयर गणेश पासवान ने जलापूर्ति से संबंधित इस महत्वपूर्ण बैठक में बुडको के कार्यपालक अभियंता को नदारद देख भड़क गए। उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त संबंधित बुडको के कार्यपालक अभियंता पर पत्राचार के माध्यम से ठोस कार्रवाई करें। बैठक में स्टैंडिंग मेम्बर मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए आम लोगों के की जलापूर्ति से संबंधित समस्या निराकरण के लिए टोल फ्री नम्बर-18003451614 जारी किया गया है। सुबह 10 बजे शाम 5 बजे तक आम नागरिक लीकेज, गंदा पानी सहित अन्य समस्याओं से जुड़े अपना कम्प्लेन दर्ज करा सकते हैं। बुडको से संबंधित कर्मी 72 घंटे के अंदर समस्या को दूर करेंगे। वहीं विभिन्न वार्डों में 50 प्याऊ का निर्माण होगा। आयोजित बैठक में मेयर गणेश पासवान ने बुडको व निगम के उप नगर आयुक्त व जल पर्षद अभियंता दीपक कुमार की जमकर फटकार लगाई।

# फंदे से लटक कर की आत्महत्या, बहन के अर्धनिर्मित घर में दी जान

## टेंपो चलाकर परिवार का करता था भरण-पोषण

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में एक युवक ने शुक्रवार की शाम फंदे से लटक खुदकुशी कर ली। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत विजवनपर गांव का है। मृतक की पहचान चण्डी थाना क्षेत्र के गौरी बिगहा निवासी महेंद्र गोप के (30) वर्षीय पुत्र रंजीत यादव के रूप में की गई है। महेंद्र गोप ने बताया कि उनका बेटा टेंपो लेकर गुरुवार को अपनी बहन के घर विजवनपर आया हुआ था। जहां शुक्रवार की शाम खुदकुशी कर ली। उसने खुदकुशी क्यों की इसका पता नहीं चल सका है। बताया जाता है कि रंजीत यादव के बहनोई मंगल यादव दिल्ली में सपरिवार रहते हैं। कभी-कभी रंजीत टेम्पो लेकर विजवनपर पर गांव अपनी बहन के घर ही रुक जाता था। इसी बीच युवक ने शुक्रवार की शाम खुद को कमरे के अंदर बंद कर लिया और खुदकुशी कर ली। आसपास के लोगों ने जब अर्ध निर्मित मकान के कमरे को बंद पाया तो उन्होंने खुलवाने का प्रयास किया। जब दरवाजा नहीं खुला तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। जब खिड़की से जाकर देखा तो युवक फंदे से लटका हुआ था, इसके बाद युवक के परिवार और स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। रंजीत यादव टेंपो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। वह अपने पीछे 1 बेटा और 1 बेटी छोड़ गए हैं। मामले में दीपनगर थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# 18 मार्च से होगी वार्षिक परीक्षा, तैयारी पूरी, 3 लाख 85 हजार 417 परीक्षार्थी होंगे शामिल, 30 मार्च को अभिभावकों के साथ होगी बैठक

निज संवाददाता। गया





नालंदा के सभी प्रारंभिक स्कूलों में 18 से 28 मार्च तक वार्षिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। वार्षिक परीक्षा में कुल 3,85,417 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार ने बताया कि वार्षिक परीक्षा कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला स्तरीय अनुश्रवण टीम की गठन की गई है। 28 मार्च को परीक्षा संपन्न होने के उपरांत 30 मार्च को स्कूल के शिक्षक और अभिभावकों के बीच बैठक कर छात्र-छात्राओं की प्रगति रिपोर्ट अभिभावकों को दी जाएगी।

**किस क्लास के लिए कितने परीक्षार्थीः** पहली कक्षा के लिए 39,143 परीक्षार्थी, दूसरी कक्षा के लिए 47,067 परीक्षार्थी, तीसरी कक्षा के लिए 54,787 परीक्षार्थी, चौथी कक्षा के लिए 56,530 परीक्षार्थी, पांचवी कक्षा के लिए 54,822 परीक्षार्थी, छठी कक्षा के लिए 43,790 परीक्षार्थी सातवीं कक्षा के लिए 44,027 परीक्षार्थी एवं आठवीं कक्षा के लिए 45,251 परीक्षार्थी इस बार परीक्षा में शामिल होंगे।

**परीक्षा की तारिख और विषय**

**जानिएः** 18 मार्च को प्रथम पाली में भाषा तो द्वितीय पाली में अंग्रेजी की परीक्षा ली जाएगी। 19 मार्च को गणित एवं द्वितीय पाली में सामाजिक विज्ञान। 20 मार्च को पहली पाली में विज्ञान दूसरी पाली में संस्कृत। 21 मार्च को राष्ट्रभाषा हिंदी शैक्षिक गतिविधियों का अवलोकन किया जाएगा। समग्र शिक्षा डीपीओ राजन गिरी को नालंदा जिले के सभी प्रखंडों की जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। परीक्षा में ई ग्रेड लाने वाले पर छात्र- छात्राओं के लिए 1 अप्रैल से विशेष कक्षा संचालन कराया जाएगा। पांचवीं व आठवीं कक्षा में कोई विद्यार्थी ई ग्रेड लाता है। तो उन छात्रों के लिए विशेष कक्षा का आयोजन कर, दो माह के भीतर फिर से परीक्षा ली जाएगी।

### 'EVM हैकिंग को कोई प्रूफ नहीं कर सका', राज्य चुनाव आयोग के 30वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

#### राज्य चुनाव आयुक्त बोले- बिहार देश को लीड कर कर रहा

निज संवाददाता। गया



राज्य चुनाव आयुक्त आयुक्त दीपक कुमार ने कहा- ई वोटिंग की तरफ भी चुनाव आयोग अपना काम कर रहा हैबोधगया के महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में राज्य चुनाव आयोग के 30वें राष्ट्रीय सम्मेलन के बाद बिहार के चुनाव आयुक्त डॉ दीपक प्रसाद ने कहा कि पिछले पंचायत चुनाव के समय अपने कार्यों से बिहार चुनाव आयोग ने एक अपनी पहचान बनाई है। नतीजतन बिहार बिहार देश को लीड कर कर रहा। यह बातें बिहार राज्य चुनाव आयुक्त दीपक कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस मके कहीं। उन्होंने कहा कि पहली बार बिहार में मतदान का प्रतिशत बदला है जिसमें महिलाओं की भागीदारी अधिक रही है। इतना ही नहीं जब महिलाओं की भागीदारी मतदान में बधाई तो चुनाव आयोग ने पूरी चुनाव प्रक्रिया के लिए महिला पोलिंग पार्टी बनाया जो काफी सफल रहा इसके अलावा हमने चुनाव प्रक्रिया को डिजिटाइजेशन किया है। पहली बार स्ट्रांग रूम में डिजिटल लॉक लगाया चुनाव प्रक्रिया में बिहार आदर्श बन गया है। दूसरे राज्यों के लिए यह अनुकरणीय है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रवासियों को ले जा रही नाव तुर्की में डूबी, 21 की मौत

**इस्तांबुल, एजेंसी।** तुर्की के एजियन तट पर शुक्रवार को नाव डूबने से कम से कम 21 अवैध प्रवासियों की मौत हो गई। देश के राष्ट्रीय सार्वजनिक प्रसारक ने ये जानकारी दी। सरकारी टीआरटी ब्रॉडकास्टर ने बताया कि यह घटना उत्तर-पश्चिमी प्रांत कनाक्कले में एसेबाट जिले के तट पर हुई जब नाव पलट गई और डूब गई। कनाक्कले के गवर्नर इल्हामी अकटास का हवाला देते हुए टीआरटी ने कहा कि घटनास्थल पर दो हेलीकॉप्टरों और दस तटरक्षक बचाव नौकाओं को खोज और बचाव अभियान में लगाया गया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, चार लोगों को बचा लिया गया है। इस बीच, घटनास्थल के पास काबाटेपे बंदरगाह पर एंबुलेंस भेज दी गई हैं। इल्हामी अकटास ने कहा, नाव पर सवार लोगों की सही संख्या, और वो कहां जा रहे थे, इसके बारे में पक्की जानकारी नहीं है।

### नेपाल में सड़क दुर्घटना में सात की मौत

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के उदयपुर जिले में गुरुवार सुबह एक जीप के हाईवे से फिसल जाने से एक बच्चे सहित सात लोगों की मौत हो गई। जिले के पुलिस प्रवक्ता रोशन थापा ने सिन्हुआ न्यूज एजेंसी को बताया, हमने नौ लोगों को जीवित बचाया, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस को संदेह है कि ओवरलोडिंग और ढलानदार सड़क के कारण यह दुर्घटना हुई। जीप में 16 लोग सवार थे और दुर्घटना जिस जगह हुई, वो हिस्सा काफी संकरा था। नेपाल में यातायात दुर्घटनाओं में आम तौर पर हर साल सैकड़ों लोगों की मौत हो जाती है।

### आगामी वर्षों में भारत-अमेरिका सुरक्षा सहयोग और महत्वपूर्ण

**वाशिंगटन , एजेंसी।** रक्षा, लोकतंत्र और प्रौद्योगिकी को अमेरिका और भारत के बीच भावी सहयोग के तीन अहम क्षेत्र के रूप में चिह्नित करते हुए शीर्ष अमेरिकी राजनयिक रिचर्ड वर्मा ने कहा कि आने वाले वर्षों में दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच सुरक्षा सहयोग और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा। अमेरिकी प्रबंधन और संसाधन विभाग के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने हाल की भारत यात्रा से लौटने के बाद एक ब्लाग पोस्ट में लिखा, इस बात में कोई संदेह नहीं कि 77 वर्षों में हमारे संबंध उतार-चढ़ाव से भरे नहीं रहे। अब हमारे संबंध लगातार मजबूत होते जा रहे हैं। यही वह स्थान है जहां विस्तृत दृष्टि महत्वपूर्ण है। रिचर्ड वर्मा ने आगे लिखा कि जैसा कि राष्ट्रपति बाइडन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है, एक-दूसरे पर हमारा प्रभाव महत्वपूर्ण है लेकिन यह और भी ज्यादा महत्वपूर्ण है कि हम दुनिया के लिए क्या कर सकते हैं। चाहे खाद्य असुरक्षा से निपटना हो या अगली महामारी से लड़ना या लाखों लोगों को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ना हो, हम साथ मिलकर बहुत कुछ कर सकते हैं। वर्मा विदेश विभाग में भारतवंशी अमेरिकी नागरिक हैं। वह पहले भारतवंशी हैं जो भारत में अमेरिका के राजदूत रह चुके हैं।

### अगले 5 साल में मंगल ग्रह पर होगा स्टारशिप रॉकेट : एलन मस्क

**सेन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि विशाल स्टारशिप रॉकेट जिसका मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष यात्रियों को 2026 तक चंद्रमा पर उतारना है, अगले पांच साल में मंगल ग्रह भी होगा। मस्क की स्पेस एक्स कंपनी ने इस सप्ताह हेवी बूस्टर के साथ इसके 400 फुट ऊंचे स्टारशिप रॉकेट की तीसरी परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक संपन्न किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, स्टारशिप 5 साल के भीतर मंगल ग्रह पर होगी। टेस्ला के सीईओ ने स्टारशिप रॉकेट की कुछ तस्वीरें भी पोस्ट कीं और कहा, यह एक वास्तविक तस्वीर है। उन्होंने आगे कहा, जमीन पर आप जो कुछ भी कर सकते हैं, वह जमीन पर ही किया जाना चाहिए, लेकिन मंगल ग्रह के लिए फोबोस और डेमोस (मंगल के दो चंद्रमा) पर बने रिफ्लेक्टर एक अच्छा तरीका हो सकता है। स्टारशिप दुनिया का सबसे शक्तिशाली रॉकेट है और इसका उपयोग मनुष्यों को चंद्रमा और फिर मंगल ग्रह पर भेजने के लिए किया जाएगा। स्टारशिप में एक विशाल प्रथम चरण का बूस्टर होता है, जिसे सुपर हेवी कहा जाता है, साथ ही इसमें होता है 50 मीटर का एक अंतरिक्ष यान जिसे स्टारशिप के नाम से जाना जाता है।

# उड़ान के दौरान अचानक कई फीट नीचे आई फ्लाइट, यात्री चोटिल, घटना के बाद विमान निर्माता ने बिठाई जांच




**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**
न्यूजीलैंड जाने वाला एक लातम विमान के अचानक कई फीट नीचे आने से उसमें सवार कुछ यात्री घायल हो गए। इस हादसे के बाद बोइंग ने 787 ड्रीमलाइनर मॉडल की उड़ान भरने वाली एयरलाइनों को कॉकपिट में कुछ स्विचों का निरीक्षण करने की चेतावनी दी है। दरअसल, सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी के से न्यूजीलैंड के ऑकलैंड के लिए चिली एयरलाइंस लातम उड़ान भर रही थी, तभी विमान अचानक से कुछ फीट नीचे चला गया। इस दौरान विमान में सवार यात्री अपनी सीटों से उछल कर केबिन की छत से टकरा गए। इस हादसे में करीब 50 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 13 अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं।

### फ्लाइट अटेंडेंट ने दबाया अनजाने में स्विच

एयरलाइन ने मंगलवार को इस दुर्घटना के लिए तकनीकी घटना को जिम्मेदार ठहराया। लेकिन सूत्रों से मालूम चला कि पायलट को खाना परोसने के दौरान फ्लाइट अटेंडेंट ने अनजाने में पायलट की सीट पर एक स्वीच दबा दिया, जिससे विमान पायलट के नियंत्रण से बाहर हो गया। बता दें कि यह स्विच आमतौर पर ढका हुआ होता है और जब पायलट अपनी सीट पर होता है तो इसका उपयोग नहीं करता है।

हालांकि, इस मामले में चली एयरलाइंस और बोइंग दोनों ने ही किसी भी प्रकार की कोई टिप्पणी करने से इंकार कर दिया है। यूएस फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि वह इस मामले की जांच करने और बोइंग को फीडबैक देने के लिए एक करेक्टिव एक्शन रिव्यू बोर्ड (सीएआरबी) बुलाएगा।

### पिछले हफ्ते भी हुई थी एक दर्घटना

बोइंग को हाल के वर्षों में कई सुरक्षा मुद्दों का सामना करना पड़ा है। इसमें पिछले हफ्ते ही जापान जा रहे एक बोइंग 777 जेटलाइनर को सैन फ्रांसिस्को से उड़ान भरने के तुरंत बाद आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। दरअसल, उड़ान भरने के तुरंत बाद ही विमान का एक पहिया हवाईअड्डे के पार्किंग में गिर गया।

# हर दिन राजनीति छोड़ने की सोचता हूं, पागलपन भरी नौकरी है: कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो बतौर प्रधानमंत्री अपनी नौकरी से खासा परेशान नजर आ रहे हैं। उन्होंने खुद बताया कि यह एक पागलपन भरी नौकरी है और वे इसे छोड़ने के बारे में सोच रहे थे। हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि वह अगले चुनाव तक पद पर बने रहेंगे। बता दें कि जस्टिन ट्रूडो का ये बयान ऐसे समय में आया है जब उनकी लिबरल पार्टी ऑफ कनाडा चुनावों में बुरी तरह से पिछड़ रही है। कनाडा में प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव अक्टूबर 2025 तक होना है।

हालिया सर्वेक्षणों से पता चलता है कि लिबरल पार्टी को कंजर्वेटिव्स के हाथों बुरी हार का सामना करना पड़ेगा। सर्वे की मानें तो कनाडा के मतदाता ट्रूडो से ऊब चुके हैं। ट्रूडो ने पहली बार नवंबर 2015 में पदभार संभाला था। तमाम सर्वे में हो रही हार की भविष्यवाणी के बीच ट्रूडो ने एक लंबे इंटरव्यू में फ्रांसीसी भाषा के ब्रॉडकास्टर रेडियो-कनाडा को बताया, मैं जो आज हूं वह शख्स कभी नहीं बन पाता। इसलिए इस अहम मोड़ पर मैं ये लड़ाई नहीं छोड़ सकता हूं।

जब उनसे पूछा गया कि क्या वह राजनीति छोड़ने के बारे में सोचते हैं, तो उन्होंने हंसते हुए जवाब दिया, मैं हर दिन छोड़ने के बारे में सोचता हूं। यह एक पागलपन भरा काम है जो मैं कर रहा हूं। व्यक्तिगत बलिदान दे रहा हूं... बेशक, यह बहुत मुश्किल है। पिछले साल ट्रूडो और उनकी पत्नी सोफी ने घोषणा की थी कि वे 18 साल की शादी के बाद अलग हो रहे हैं। ट्रूडो ने कहा, हमेशा ये बहुत अच्छा नहीं होता है। मैं लोकप्रिय होने के लिए राजनीति में नहीं आया, व्यक्तिगत कारणों से नहीं, (बल्कि) क्योंकि मैं सेवा करना चाहता हूं और मुझे पता है कि मेरे पास देने के लिए कुछ है। बता दें कि कनाडा में इन जिनों प्रवासियों की बढ़ती संख्या को लेकर खूब बहस हो रही है।

# सनकी किंग ने पुतिन की ओर से भेंट लग्जरी कार लिमोजिन में सफर का लिया मजा

**प्योंगप्यांग, एजेंसी।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने हाल में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा भेंट में दी लग्जरी कार लिमोजिन में सफर किया। किम की बहन ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कार की ''विशेषताओं और दोनों देशों के बीच गहरे हो रहे द्विपक्षीय संबंधों की प्रशंसा की। पुतिन ने फरवरी में किम के लिए महंगी ऑरस सीनट लिमोजिन भेजी थी। उन्होंने सितंबर में रूस में एक शिखर सम्मेलन के लिए हुई मुलाकात के दौरान यह कार उत्तर कोरियाई नेता को दिखायी थी। पर्यवेक्षकों का कहना है कि इस कार को भेजने से संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का उल्लंघन हुआ है। प्रस्ताव का उद्देश्य उत्तर कोरिया को लग्जरी सामान की आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाकर उस पर अपने परमाणु हथियारों के कार्यक्रम को छोड़ने के लिए दबाव बनाना है। सरकारी मीडिया में शनिवार को आए बयान में किम की बहन और वरिष्ठ अधिकारी किम यो जोंग ने कहा कि उनके भाई ने एक कार्यक्रम के दौरान पहली बार लिमोजिन में सफर किया। ''किम जोंग उन का रूसी फेडरेशन के राष्ट्रपति द्वारा उपहार स्वरूप भेजी निजी कार का इस्तेमाल करना उत्तर कोरिया-रूस के बीच मित्रता का स्पष्ट प्रमाण है जो एक नए उच्च स्तर पर व्यापक रूप से विकसित हो रही है। रूस की सरकारी मीडिया के अनुसार, ऑरस रूस का पहला लग्जरी कार ब्रांड है और पुतिन के 2018 में पहली बार इसका इस्तेमाल करने के बाद से इसका शीर्ष अधिकारियों के वाहनों के काफिले में इस्तेमाल किया जाता रहा है।

# दिल्ली के उदय भाटिया और हरियाणा की मानसी गुप्ता को डायना स्मृति पुरस्कार, प्रिंस विलियम ने सौंपा अवार्ड



**लंदन , एजेंसी।**
दिल्ली के इनोवेटर उदय भाटिया और हरियाणा की एक मानसिक स्वास्थ्य प्रचारक मानसी गुप्ता डायना स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किए गए विश्व के 20 लोगों में शामिल हैं। दिवंगत प्रिंसेस ऑफ वेल्स की स्मृति में स्थापित डायना अवॉर्ड चैरिटी की 25वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है।

हर दो वर्ष पर विश्व के असाधारण युवाओं को उनके सामाजिक कार्यों या मानवीय सेवाओं के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। 18 वर्षीय उदय भाटिया द्वारा स्थापित उदय इलेक्ट्रिक का मुख्यालय दिल्ली में है और मानसी गुप्ता द्वारा स्थापित ह्यूसोथेमाइंड फाउंडेशन का मुख्यालय गुरुग्राम में है।

### प्रिंस विलियम ने पुरस्कार दिया

दोनों ने गुरुवार शाम लंदन के विज्ञान संग्रहालय में पुरस्कार समारोह में दिवंगत राजकुमारी डायना के बड़े बेटे प्रिंस विलियम से पुरस्कार प्राप्त किया। उदय के कम लागत वाले आविष्कार से बिजली कटौती से राहत मिल सकती है।

### बिजली कटौती से बच्चे पढ़ाई करने में असमर्थ थे

उत्तर प्रदेश के बिचपुरी के स्लम में 16 वर्षीय स्कूली छात्रों को उदय ने परामर्श देना शुरू किया। उसी दौरान पाया कि लगातार बिजली कटौती से बच्चे पढ़ाई करने में असमर्थ हैं। बिजली संकट से निपटने के लिए उन्होंने अनोखा आविष्कार किया। इससे बिजली कटौती के दौरान 10 घंटे तक निर्बाध रोशनी मिल सकती है।

### अविष्कार से 950 परिवारों को लगातार बिजली मिली

उनके अविष्कार से 950 परिवारों को लगातार बिजली मिली और उनकी शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई। उधर कोरोना महामारी के दौरान 24 वर्षीया मानसी गुप्ता की मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सराहा गया और उनको पहचान मिली।



# अमेरिकी कांग्रेस समिति 20 मार्च को करेगी पाकिस्तान चुनाव धांधली पर बहस

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी कांग्रेस (संसद) की एक समिति ने कहा है कि वह पाकिस्तान में पिछले महीने हुए चुनावों पर 20 मार्च को बहस करेगी। इन चुनावों में धांधली का आरोप लगा है। बहस का शीर्षक है, चुनावों के बाद पाकिस्तानः पाकिस्तान में लोकतंत्र के भविष्य का परीक्षण और अमेरिका-पाकिस्तान संबंध। दो दर्जन से ज्यादा सांसदों ने पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए चुनाव की निष्पक्षता को लेकर चिंता व्यक्ति की थी जिसके बाद 20 मार्च को दक्षिण एशियाई देश पर बहस की घोषणा की गई। चुनाव में धांधली के आरोप लगे हैं।

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने कहा है कि जनादेश को चुरा कर नई सरकार का गठन किया गया है। खान की पार्टी समर्थित 90 से ज्यादा निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है और नेशनल असेंबली में उनकी संख्या सबसे ज्यादा है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज़ और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने गठबंधन कर सरकार बनाई है। दक्षिण और पश्चिम एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू को पश्चिम एशिया, उत्तरी अफ्रीका पर उपसमिति और मध्य एशिया पर सदन की विदेश मामलों की समिति के समक्ष गवाही देने के लिए कहा गया है। सिफर (गुप्त राजनयिक संदेश) विवाद में लू की कथित संलिप्तता को देखते हुए उनकी गवाही अहम मानी जा रही है। सदन की विदेश मामलों की समिति 20 मार्च को एक प्रस्ताव पर विचार करने वाली है जो पाकिस्तान में लोकतंत्र और मानवाधिकारों के लिए समर्थन व्यक्त करता है। प्रस्ताव में राष्ट्रपति और विदेश मंत्री से लोकतंत्र, मानवाधिकार और कानून के शासन को सुनिश्चित करने के लिए

# चीन की चांद पर पहुंचने की उम्मीदों को लगा झटका, कामयाब नहीं हो पाया मिशन



**बीजिंग, एजेंसी।**
चीन द्वारा चंद्रमा पर भेजी गई उपग्रहों की जोड़ी अपनी निर्धारित कक्षा तक पहुंचने में कामयाब नहीं हो पाई। चंद्रमा पर पहुंचने की चीन की उम्मीदों के लिए ये एक बड़ा झटका है। बता दें कि कि बुद्धवार शाम को जिचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से डीआरओ-ए और डीआरओ-बी नाम के उपग्रहों को चंद्रमा पर भेजा गया था। लॉन्च होने के बाद पहला और दूसरा चरण सामान्य रूप से संचालित हुआ। इसके बाद के चरण में उड़ान के दौरान दोनों ही उपग्रहों से नियंत्रण छूटने लगा। इस वजह से दोनों उपग्रह पूर्व निर्धारित कक्षा में सही तरीके से प्रवेश करने में विफल रहे। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया है कि इसकी वजहों को तलाशा जा रहा है।

### क्या थी चीन की योजना?

हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने बताया कि चीन के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की योजना थी कि इन दोनों उपग्रहों को चंद्रमा की प्रतिगामी कक्षा (डीआरओ) में प्रवेश कराया जाए। वहां से दोनों साथ में उड़ान भरते और तीसरे उपग्रह डीआरओ-एल के साथ काम करते। डीआरओ-एल को फरवरी महीने में पृथ्वी और चंद्रमा के बीच लेजर-आधारित नेविगेशन प्रौद्योगिकियों का परीक्षण करने के लिए जिलॉन्ग 3 रॉकेट द्वारा पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया था। डीआरओ चंद्रमा की सतह से हजारों किलोमीटर ऊंचाई पर है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह अत्यधिक स्थिर है, जो अंतरिक्ष यान को ईंधन का उपयोग किए बिना लंबे समय तक ट्रैक पर रहने की अनुमति देता है। चीनी वैज्ञानिकों की मानें तो अनुसंधान और अन्वेषण के लिए यह काफी फायदेमंद हो सकता ।

### गाजा में युद्धविराम की संभावना, इजराइल 1000 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने पर हो सकता है सहमत

**तेल अवीव, एजेंसी।** हमास और इजराइल के बीच युद्धविराम की संभावना बढ़ गई है। दोनों पक्ष अपनी पिछली मांगों से पीछे हटने को तैयार हो गए हैं। हमास जहां युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करने की अपनी मांग की जगह इसे छह सप्ताह के लिए रोकने पर सहमत हो गया है, वहीं इज़राइल 1000 फ़िलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने पर लगभग तैयार हो गया है। इनमें से 100 पर हत्या सहित गंभीर अपराधों का आरोप है। युद्ध विराम के लिए पिछले दो दिनों में दोहा, काहिरा और पेरिस में वार्ताकारों के बीच कई बैठकें हुईं। इजराइली खुफिया एजेंसियों के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि कतर ने हमास नेतृत्व को सूचित किया है कि अगर वे अपनी अनुचित मांगों से पीछे नहीं हटते हैं।

# ब्रिटेन में दो मई को आम चुनाव की संभावनाएं नहीं- पीएम सुनक

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के पहले भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने तय समय से पहले चुनाव कराए जाने की अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दो मई को देश के आम चुनाव नहीं कराए जाएंगे। सुनक के बयान के बाद लेबर पार्टी की तरफ से शुरू हुई कयासबाजी खत्म होने की उम्मीद है। लेबर पार्टी ने कहा था कि लंदन में स्थानीय और प्रशासकों के चुनाव के साथ ही आम चुनाव भी कराए जा सकते हैं। खबरों के मुताबिक सुनक ने इस साल की शुरुआत में साल की दूसरी छमाही में चुनाव कराने पर विचार करने की बात कह चुके हैं। हालांकि, हाल के कुछ हफ्तों में मई की शुरुआत में अचानक चुनाव कराए जाने की अटकलें लगाई जाने लगीं।

गुरुवार को एक चैनल के साथ इंटरव्यू के दौरान 43 वर्षीय सुनक ने कहा कि लोगों को अनुमान लगाते रहना पसंद है, लेकिन ब्रिटेन में दो मई को आम चुनाव की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि कई हफ्तों में ब्रिटेन में पुलिस और अपराध आयुक्तों, स्थानीय परिषदों, महापौरों के लिए चुनाव कराए जाएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या उसी समय ब्रिटेन का आम चुनाव भी होगा? सुनक ने कहा, उस दिन आम चुनाव नहीं होगा, लेकिन जब भी आम चुनाव होगा, विकल्प मायने रखेगा।

# अगले 50-60 वर्षों में आर्थिक ताकत का केंद्र बनेगा हिंद महासागर- राष्ट्रपति विक्रमसिंघे



**कोलंबो, एजेंसी।**
हिंद महासागर क्षेत्र में जबरदस्त विकास हो रहा है और यह अगले पचास से साठ वर्षों में महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र बनने जा रहा है। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रम सिंह ने शनिवार को द्वीप राष्ट्र और भारत के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों का जिक्र करते हुए यह बात कही।

श्रीलंका के 76वें स्वतंत्रता दिवस और भारत के 75वें गणतंत्र दिवस का जश्न मनाने के लिए कोलंबो में श्रीलंका-भारत सोसाइटी में एक सभा आयोजित की गई थी। इसको संबोधित करते हुए विक्रमसिंघे ने कहा कि भारत, इंडोनेशिया, ईरान और सऊदी अरब जैसे देशों की हिंद महासागर क्षेत्र में बड़ी भूमिका है और वे विभिन्न पहलुओं पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत, इंडोनेशिया, ईरान और सऊदी अरब जैसे देश विभिन्न पहलुओं पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास हो रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र अगले 50-60 वर्षों में एक महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र बनने की ओर अग्रसर है।

उन्होंने कहा, यह जरूरी है कि हम इस प्रयास को अभी शुरू करें। हमारे दोनों देशों के बीच मौजूदा सियासी संबंधों और विभिन्न क्षेत्रों में हमारी निकटता को देखते हुए यह जरूरी है कि हम सहयोग करें और एक साथ प्रगति करें। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच मजबूत व्यापार और आर्थिक संबंधों की जरूरत है। श्रीलंका और भारत के बीच गहरे धार्मिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। दुर्भाग्य से दोनों देशों ने आपस में व्यापार और आर्थिक संबंधों को नजरअंदाज किया है।

उन्होंने आगे कहा, यह याद रखना जरूरी है कि हमारे संबंध सांस्कृतिक संबंधों से परे भी हैं। ऐतिहासिक तथ्यों से पता चलता है कि मोहनजोदड़ो सभ्यता के समय में भी भारत से श्रीलंका के लिए जहाज रवाना हुए थे। विक्रमसिंघे ने कहा कि अनुराधापुरा के प्राचीन गांवों की खुदाई के दौरान कुछ क्षेत्रों में दक्षिण भारतीय व्यापार संगठनों द्वारा जारी संगठनों के सिक्के मिले हैं। यह पुरातात्विक साक्ष्य इस ओर इशारा करते हैं कि श्रीलंकाई रुपये और भारतीय रुपये के इस्तेमाल पर समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने से बहुत पहले से लोगों ने व्यापार लेनदेन ककरने के लिए एक आम मुद्रा का इस्तेमाल किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### बूथ निरीक्षण के दौरान विद्यालय की स्थिति दयनीय,एक बीपीएससी शिक्षिका मिली गायब

**रजौली।** प्रखण्ड क्षेत्र में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक महकमा रातों-दिन कठिन परिश्रम कर रहे हैं।फरका बुजुर्ग के चमरबिगहा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय का बूथ निरीक्षण के क्रम में बीडीओ अनिल मिस्त्री एवं बीपीआरओ राजन कुमार ने विद्यालय में भारी अनियमितता पाई।साथ ही विद्यालय में पदस्थापित बीपीएससी शिक्षिका शिफा कुतुब बिना सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित पाई गईं।वहीं विद्यालय के छत पर सरसों का डंटल वगैरह बिखरा पड़ा हुआ था।साथ ही विद्यालय परिसर में गंदगी का भरमार था।बीडीओ ने कहा कि विद्यालय में प्रधानध्यापक रामचन्द्र प्रसाद समेत कुल सात शिक्षक-शिक्षिकाएं पदस्थापित हैं।शिक्षकों में अनिल कुमार,इन्द्रदेव यादव व एस के वर्मा पदस्थापित हैं।वहीं शिक्षिकाओं में स्वाति कुमारी,वैशाली रजक एवं शिफा कुतुब पदस्थापित हैं।बीडीओ ने कहा कि बूथ निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कचरों का अंबार एवं ग्रामीणों द्वारा फसलों को सुखाने के लिए विद्यालय के छत का इस्तेमाल किया जा रहा था।बीडीओ द्वारा प्रधानध्यापक से पूछे जाने पर कहा गया कि ग्रामीणों द्वारा जबरन विद्यालय का ताला तोड़कर गेहूं,धान,सरसों आदि फसलों को सुखाया जाता है एवं मना करने पर ग्रामीण नहीं मानते हैं।प्रधानध्यापक ने यह भी कहा कि ग्रामीणों द्वारा ताला तोड़े जाने को लेकर किसी प्रकार की प्राथमिकी आदि दर्ज नहीं कराई गई थी,जो प्रधानध्यापक की अनियमितता को दर्शाता है।बीडीओ ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा भी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा लापरवाही की शिकायतें की गई थी।प्रधानध्यापक रामचन्द्र प्रसाद को स्पष्टीकरण किया गया है।वहीं बिना कारण विद्यालय से गायब रहने वाली शिक्षिका शिफा कुतुब का वेतन बन्द करने के साथ स्पष्टीकरण किया गया है।वहीं बीडीओ द्वारा अनियमितता बरतने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई के बाद लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है।

### हटाये जा रहे होर्डिंग बैनर

**नारदीगंज।** लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को आदर्श आचार संहिता लागू हो गया। इसके मद्दे नजर बीडीओ रंजीत कुमार, सीओ रईस आलम ने सरकारी संस्थान व अन्य जगहों पर लगे होर्डिंग बैनर को हटाने का कार्य शुरू किये। अधिकारियों ने कहा लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है,ऐसे में सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों के अलावा अन्य स्थानों पर किसी भी राजनैतिक दलों का होर्डिंग बैनर नहीं रहना है,उसे हटाया जा रहा है

### 19 मार्च को सोखोदेवरा आश्रम में लगेगा किसान मेला

**कौआकोल।** प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी आश्रम परिसर में 19 मार्च यानि मंगलवार को किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के बैनर तले आयोजित होने वाले इस किसान मेला सह प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के नए नए तकनीकों से किसानों को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसान मेला में जिला के विभिन्न प्रखंडों से किसान भाग लेंगे।

### हटाए जा रहे बैनर व पोस्टर

**कौआकोल।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर शनिवार को आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही प्रशासन हरकत में आ गया है। शनिवार को आचार संहिता की घोषणा होने के साथ ही प्रखण्ड प्रशासन ने विभिन्न सरकारी संस्थान एवं अन्य जगहों पर लगे होर्डिंग बैनर को हटाने का कार्य शुरू कर दिया। बीडीओ सुनील कुमार चाँद एवं सीओ मनीष कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है,ऐसे में सरकारी,गैर सरकारी संस्थानों के अलावा अन्य स्थानों पर किसी भी राजनैतिक दलों का होर्डिंग बैनर पाए जाने पर संबंधित लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। सीओ मनीष कुमार ने कहा कि प्रखण्ड में आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

### 89 हजार रुपये हुए राजस्व की वसूली

**नारदीगंज।** बिजली बिल सुधार व बिजली बिल जमा करने के लिए शिविर शनिवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नारदीगंज स्थित पावरग्रिड परिसर में किया गया। बिजली विभाग के जेई नवीन कुमार सिंह व बिजली विभाग के कार्यपालक सहायक नेहा कुमारी के देखरेख में शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के 10 बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये। वही 20 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा किये। बिजली विभाग के जेई ने बताया आयोजित शिविर में 10 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये थे,जिसमे पांच उपभोक्ताओं का बिजली बिल सुधार किया गया, शेष उपभोक्ताओं को हिसुआ में निष्पादित किया जाएगा।उन्होंने कहा 20 उपभोक्ताओं ने 89 हजार रुपये राजस्व जमा किये हैं। इस दौरान जेएलएम बिपिन कुमार ,अनन्त कुमार के अलावा उपभोक्ता वाणी देवी,राजेन्द्र कुमार,बाबूलाल रविदास, सतेन्द्र प्रसाद,युगा देवी समेत अन्य शामिल हुए।

### चार महिलाओं को हुआ बंध्याकरण

**नारदीगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में शनिवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने प्रखंड के विभिन्न गांवों के चार महिलाओं को बंध्याकरण ऑपरेशन किया था।कार्यक्रम में लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने परिवार नियोजन में शामिल महिलाओं को खून जांच,मूत्र जांच,रक्त चाप व अन्य जांच किया।इस मौके पर एएनएम स्वर्णलता कुमारी, परिचारी आशिफ समेत अन्य शामिल रहे।

### मृतक युवक की हत्या को लेकर पत्नी समेत चार लोगों को बनाया अभियुक्त

**रजौली।** थाना क्षेत्र में पननमा जंगल के पहाड़ी पर मिले युवक के शव मिलने पर पुलिस द्वारा छानबीन किया जा रहा था।जिसको लेकर हत्या एवं आत्महत्या के कयास लगाए जा रहे थे,इसी बीच मृतक के मंटू पासवान के भाई दीपू पासवान ने थाने को ब्यान देकर कहा कि मंटू पासवान की हत्या उसके ससुराल वालों ने की है।साथ ही बताया कि शादी दिबौर निवासी पूनम देवी के साथ हुआ था।शादी के बाद ससुराल मंटू पासवान का सम्बंध पत्नी पूनम देवी समेत सास बैजंती देवी,साला प्रदीप पासवान एवं सरहज बबिता देवी से खराब चल रहा था।जिसको लेकर विवाद काफी बढ़ गया और नतीजतन बीते दिन शुक्रवार को पुलिस बलों ने मंटू पासवान के शव को जंगल क्षेत्र से पेड़ में लटका हुआ बरामद किया।पीड़ित ने कहा कि शव का पोस्टमार्टम करने के बाद सौंपा गया।जिसका अंतिम संस्कार परिजनों के सहयोग से किया गया है।इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि मृतक के परिजन दीपू पासवान के द्वारा मृतक युवक के ससुराल पक्ष के चार लोगों को हत्या आरोपित किया गया।पुलिस मामले की बारीकी से अनुसंधान में जुटी हुई है।

### वनद्वार चिमनी के निकटअपराधी ने गोली मार कर जख्मी किया

**बेगुसराय।** मुफसिल थानान्तर्गत वनद्वार चिमनी के निकट अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा एक व्यक्ति को गोली मारकर जख्मी मामलें में पुलिस टीम द्वारा की जा रही हैं जाँच । जल्द ही घटना में संलिप्त अपराधकर्मियों को किया जायेगा गिरफ्तार।» घटना का विवरणः आज दिनांक 15.03.24 को समय करीब 12:15 बजे दिन में मुफसिल थाना को सूचना मिली की वनद्वार चिमनी के निकट एक व्यक्ति को अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा गोली मार कर जख्मी कर दिया गया है» प्राप्त सूचना पुलिस अधीक्षक बेगूसराय को दिया गया तथा निदेशानुसार मुफसिल थानाध्यक्ष पु०नि० फैसल अंसारी एवं सशस्त्र बल मुफसिल थाना के द्वारा सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु बताये हुए स्थल वनद्वार के पास पहुँचकर मामलें की जाँच / छानबीन किया गया तो पाया गया कि एक व्यक्ति कन्हैया सिंह पे०-कपिलदेव सिंह सा०-हर्रख, थाना-नगर जिला-बेगूसराय जो अपने बेटे को परीक्षा दिलाने वनद्वार हाईस्कूल सेंटर पर पहुंचाकर घर वापस लौटने के क्रम में वनद्वार चिमनी के निकट बाईक पर सवार अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मार कर जख्मी कर दिया गया।

# खोदावन्दपुर पुलिस ने मोबाइल से रंगदारी मांगने के आरोपी को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। **खोदावंदपुर/ बेगुसराय**




कुख्यात बदमाश के नाम पर मोबाइल से रंगदारी मांगने के आरोपी युवक को गुप्त सूचना के आधार पर एसआईटी की टीम ने खोदावंदपुर पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया और कागजी प्रक्रिया पूरी कर उसे शनिवार को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया. गिरफ्तार युवक खोदावंदपुर पंचायत के मुसहरी गांव स्थित वार्ड 11 निवासी पंकज कुमार के पुत्र प्रिंस कुमार है. इस युवक पर कुख्यात बदमाश नागमणि महतो के नाम पर अपने ही गांव के निवासी और एलआईसी में सीनियर इंश्योरेंस सलाहकार व सेवानिवृत आर्मी के जवान विजय कुमार से 5 लाख रुपये रंगदारी मांगने का आरोप है. रंगदारी मांगे जाने से भयभीत विजय कुमार ने घटना की सूचना खोदावन्दपुर थानाध्यक्ष एवं बेगूसराय एसपी को दिया. रिटायर आर्मी के जवान ने पुलिस को बताया है कि गत 3 मार्च को दो बजे दिन में मोबाइल नंबर 9709598033 से उनके मोबाइल नंबर 9939816109 पर फोन आया और बोला कि मैं नागमणि महतो बोल रहा हूँ. मुझे पांच लाख रुपये चाहिए, सिर्फ 24 घंटे का समय दे रहा हूँ. अगर रुपये नहीं मिला तो दिन में ही दिवाली मना दूंगा, उसके बाद 4 मार्च को दुबारा फोन आया और फोन पर बोला गया कि एक घंटे के अंदर रुपया दो नहीं तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो. पुनः 5 मार्च को भी उसी नंबर से फोन कर रंगदारी की मांग की गयी. इसके बाद 10 मार्च को भी उसी नंबर से फोन कर रंगदारी मांगी गयी. उन्होंने बताया कि अत्यंत भयभीत होने के कारण पुलिस अधीक्षक के द्वारा उसे एक सुरक्षा गार्ड उपलब्ध करवा दिया है. रंगदारी मांगे जाने की घटना में एसआईटी की टीम ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर प्रिंस कुमार की गिरफ्तारी की है. घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ नवीन कुमार, पुलिस निरीक्षक नयन कुमार वर्मा एवं थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने गिरफ्तार युवक से गहन पूछताछ किया. प्राप्त जानकारी के अनुसार दबोचे गए युवक ने इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया है.इस संदर्भ में मंझौल एसडीपीओ नवीन कुमार ने बताया कि कार्रवाई चल रही है. अभी कुछ विस्तृत जानकारी देना असंभव है. रंगदारी मांगने के आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में ले जाती स्थानीय पुलिस।

# विश्वकल्याण महायज्ञ को लेकर आर्य समाज की निकली वेद यात्रा



निज संवाददाता। **कौआकोल**

जिले के कौआकोल प्रखण्ड के मड़पो गांव में आज से शुरू होने वाले पांच दिवसीय आर्य महासम्मेलन सह विश्व कल्याण महायज्ञ को लेकर शनिवार को भव्य वेद यात्रा निकाली जाएगी। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती द्विशताब्दी जन्म जयंती के पावन अवसर पर बिहार राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा के मार्गदर्शन तथा नवादा जिला आर्य सभा के तत्वाधान में निकाली गई शोभा यात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही लोगों को वेदों की ओर लौटने का संदेश भी दिया गया। वेद यात्रा मड़पो गांव से निकलकर तेलियागढ़ी, गुलरियातरी,धमनी गांव से मुख्य मार्ग होते हुए रानीबाजार से फिर कौआकोल बाजार का परिभ्रमण कर पुनः वहाँ से कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। जहां देश के कोने-कोने से आये आर्य समाज के प्रतिनिधि,वैदिक विद्वान,आर्योपदेशक एवं भजन उपदेशक समेत अन्य हस्तियां की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

# जनता दरबार में दो मामलों में नोटिस के बाद भी नहीं पहुंचे द्वितीय पक्ष,सीओ

निज संवाददाता। **रजौली**

थाना परिसर में प्रभारी अंचल निरीक्षक नंदन कुमार व राजस्व कर्मचारी सुजीत कुमारी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन शनिवार को किया गया।थाने में लगाए गए जनता दरबार में थाना क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत एवं अंधरबारी पंचायत से एक-एक पुराने मामलों में एक ही पक्ष की उपस्थिति थी।अंचलाधिकारी मो गुफरान मजहरी ने बताया कि पुलिस व प्रशासन की संयुक्त अध्यक्षता में प्रत्येक शनिवार को थाना परिसर में भूमि विवाद निवारण सह शनिवारीय बैठक का आयोजन किया जाता है।जिसमें रैयती जमीन से सम्बंधित विवादों का निपटारा ऑन द स्पॉट किया जाता है।उन्होंने कहा कि इस बार जनता दरबार में रजौली अंचल क्षेत्र के दो पुराने मामले आए थे।जिसमें जोगियामारण से प्रथम पक्ष कैलाश चौधरी के पुत्र महेन्द्र चौधरी उपस्थित थे,जबकि द्वितीय पक्ष के बासो चौधरी के पुत्र वीरेंद्र चौधरी एवं मुसाफिर चौधरी अनुपस्थित थे।वहीं अंधरबारी से प्रथम पक्ष कृष्णा राजवंशी की पत्नी अर्चना देवी उपस्थित थी,किन्तु द्वितीय पक्ष से रंजू पासवान के पुत्र सत्येंद्र पासवान अनुपस्थित रहे। अंचलाधिकारी ने कहा कि द्वितीय पक्ष के अनुपस्थित रहने के कारण उन्हें पुनः नोटिस किया गया है। जिसका निपटारा अगले शनिवार को लगने वाले जनता दरबार में किया जाना सुनिश्चित किया गया है।अंचलाधिकारी ने आम लोगों से अपील किया कि वे जमीन सम्बन्धी विवादों को आपस मे झगड़ा न करें। जनता दरबार में दोनों पक्षों की मौजूदगी में ऑन द स्पॉट निपटारा किया जाएगा। इस दौरान थाना परिसर में दर्जनों ग्रामीण एवं पुलिस जवान व चौकीदार मौजूद थे।

# होली पर्व को लेकर फुलवरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई





निज संवाददाता। **बरौनी/ बेगूसराय**

25 मार्च को होने वाले पर्व होली को लेकर फुलवरिया थाना अध्यक्ष दिवाकर प्रसाद की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में बरौनी नगर परिषद क्षेत्र के 31 वार्ड का सर्वेक्षण रिपोर्ट लिया गया। जिसमें होली से पूर्व रात्रि होलिका दहन को लेकर विशेष चर्चा की गई। फुलवरिया तारा अड्डा(( चंद्रवंशी चौक) फुलवरिया एन एच 28 काली आस्थान चौक, दुलरुआ धाम पोखर,शोकहारा उत्तरी मिर्चाइया चौक, शोकहारा दक्षिणी वाटिका चौक, निपानिया शिवाला बांध पर, रामपुर टोला हनुमान मंदिर के पीछे, बारो बेलगाछ आदि जगहो पर विधि विधान के साथ होलिका दहन की जाती है। बैठक में यह भी निर्णय किया गया होलिका दहन को लेकर सरकारी संपत्ति या आम जनता की संपत्ति का नुकसान नहीं हो। नुकसान होने पर कार्यवाही निश्चित है। वही एक दूसरे से परस्पर गले मिलकर सौभाग्यपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। इस अवसर पर संजय सिंह, पूर्व मुखिया विनय सिंह, मोहम्मद कैयुम आजाद, चंदन कुमार आदि 31 वार्ड में से लगभग 20 वार्ड के वार्ड परिषद उपस्थित थे। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने उपस्थित लोगों को राजनीतिक कार्यकर्ताओं से समझने को कहा की आचार्य संगीता लागू होते ही उसका पालन करना अति अनिवार्य होगा?

# गढ़हरा के विकास की मांगे नहीं मानी जायेगी तो अंबेडकर जयंती पर 24 घण्टे का अन्न त्याग सत्याग्रह आन्दोलन होगी





निज संवाददाता। **बरौनी / बेगूसराय**

समाज सेवा संघर्ष समिति, गढ़हरा- बरौनी की ओर से, पीएम,रेलमंत्री,रेलवे बोर्ड समेत कई विभागीय अधिकारियों को मांग पत्र निबंधित डाक से भेजा गया है।इस संबंध में समिति के अध्यक्ष मुक्तेश्वर प्रसाद वर्मा ने कहा कि गढ़हरा में रेलवे की खाली जगह पर कारखाना खोलने, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने,जमालपुर- तिलरथ मेमू ट्रेन को सिमारिया स्टेशन तक विस्तारीकरण करने,वंदे मातरम ट्रेन का बरौनी में ठहराव करने व पूना दानापुर एक्सप्रेस ट्रेन जो 21घण्टे तक दानापुर में रुकी रहती है ,उसका विस्तारीकरण बरौनी तक करने की मांग की गई है ।उन्होंने कहा कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो, 14 अप्रैल 2024 को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर ग्राम सिमरिया स्टेशन पर 24घण्टे अन्न त्याग सत्याग्रह आंदोलन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि सोनपुर मंडल डीआरएम,कार्मिक के माध्यम से पत्र भी आया है ।जिसमें कहा गया है कि सिमरिया- बीहट को जोड़ने वाली फुट ओभर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति हो गई है। पूर्व में शीतला मंदिर के पास कठ पुलिया बना हुआ था, जो ध्वस्त हो चुका है। इसीलिए ओवर ब्रिज बनना जरूरी है।

ग्रामीणों से बात कर जानी उनकी समस्याएं एवं मतदान हेतु किया जागरूक

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसडीओ एवं एसडीपीओ ने जंगली क्षेत्रों का निरीक्षण

निज संवाददाता। **रजौली**



प्रखण्ड क्षेत्र के सवैयाटांड़ एवं हरदिया पंचायत के सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्रों में स्थित गांवों का निरीक्षण एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष एवं एसडीपीओ गुलशन कुमार द्वारा किया गया।जिसका मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव के दौरान होने वाली परेशानियों का निवारण,आधारभूत सुविधाओं की जानकारी लेना एवं लोगों को मतदान हेतु जागरूक करना है।इस दौरान डीसीएलआर प्रमोद कुमार,बीडीओ अनिल मिस्त्री,बीपीआरओ राजन कुमार,थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार एवं एसएसबी कमांडेंट रुषिकेश चौभान भी मौजूद रहे।एसडीओ ने कहा कि चुनाव के तैयारियों को लेकर मुख्यालय से सुदूरवर्ती क्षेत्र में एरिया डॉमिनेशन किया गया।उन्होंने बताया कि सवैयाटांड़ पंचायत के सपही,बाराटांड़,चटकरी एवं पंचायत सरकार भवन स्थित बूथों का निरीक्षण किया गया।वहीं हरदिया पंचायत के फुलवरिया डैम के पास स्थित पिछली जमुनदाहा, डेलवा, भानेखाप एवं सुअरलेटी का भी निरीक्षण किया गया। एसडीओ ने कहा कि निरीक्षण के दौरान बूथों पर पानी व बिजली के अलावे अन्य आधारभूत जरूरतों की जानकारी ली गई।इस दौरान ग्रामीणों से मिलकर उनकी परेशानियों के बारे में जानकारी ली।साथ ही ग्रामीणों को मताधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए मतदान करने को कहा गया।

एसडीओ ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।वहीं लोकसभा के चुनाव में निर्भीक होकर मतदान करने की बात कही है।साथ ही किसी प्रकार की परेशानी होने पर पुलिस एवं प्रशासन को सूचित करने की बात कही गई है।

# तेलगु नाटक मासूम बाजार का सफल प्रदर्शन







निज संवाददाता। **बेगुसराय**

नाट्य अकादमी द्वारा सदर प्रखंड स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित 6 दिवसीय नाटक के चौथे दिन तेलुगु नाटक माया बाजार निर्देशक आर वेणुगोपाल राव प्रस्तुति श्री विनायक नाट्य मंदिर मंडली हैदराबाद की टीम ने 2 घंटे के नाटक में ऑडिटोरियम में उपस्थित दर्शकों एवं रंग कर्मियों के लिए काफी जादुई दृश्य सा था। 2 घंटे के नाटक में भले ही भाषा की दृष्टिकोण से लोग डायलॉग नहीं समझ पा रहे थे। लेकिन अभिनय में शामिल एक परिवार के 42 सदस्यों की टोली ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से बांधे रखा। महाभारत से लिए गए कथानक को निर्देशक ने अपने तरीके से कहानी को गढ़ते हुए आगे बढ़ाया है। जैसा की नाटक का नाम माया बाजार है, अपने नाम के अनुरूप सार्थकता सिद्ध करने में सफल रहा है। मंच पर आकाश मार्ग से मंच पर नारद का पदार्पण, बारिश का दृश्य, आग की परिधि, चांद का उगना, दो तरफ तीर का चलना और टकराना सहित कई ऐसे दृश्य थे, जिससे कि दर्शन को पारसी थिएटर और आधुनिक थिएटर के बीच जादूगरी देखने का एहसास कर रहा था। मालूम हो कि हैदराबाद की यह टीम आठवीं पीढ़ी के 42 सदस्य अभिनय कर रहे थे। इस पूरे नाटक में एक भी बाहर का कलाकार नहीं था। 82 साल के उम्र से लेकर 5 साल के बच्चे अभिनय कर रहे थे। इसको लेकर जब निर्देशक से बात किया गया, तो उन्होंने बताया कि 140 वर्ष पुराना उनका खानदानी पैसा है। निर्देशक जिस टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, उसका 99 वर्ष हो गया है। नाटक में अर्जुन की पत्नी सुभद्रा एवं भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलराम और उसके परिवार के कथानक से जुड़ा हुआ है, जिसमें निर्देशक ने एक सफल व्यक्ति हो जाने के बाद, अपने वचन से कैसे लोग मुकर जाते हैं, इसे दिखाने का काम किया है। नाटक में एक जगह कृष्ण कहते हैं छोटी-छोटी बातों को लेकर आपसी संबंधों को तोड़ा नहीं जा सकता है। जैसे कई संवाद परिवार, समाज, रिश्ते और संबंधों के निर्वहन को लेकर त्याग करने की प्रवृत्ति को रेखांकित करता है। इस प्रकार पूरा नाटक भगवान कृष्ण एवं बलराम के चारों ओर घूमते रहता है। नाटक में संगीत, म्यूजिक, भाव भंगीमा, पोशाक सजा एवं दृश्य सजा उपस्थित दर्शन एवं सुधि रंग निर्देशों को कई स्तर पर सीखने का मौका भी उपलब्ध कराया है।इस अवसर पर स्थानीय सयोजक अमित रोशन, चित्रकार सीताराम ललन प्रसाद सिंह ने अतिथियों को गमछा ओढ़ा कर स्वागत किया है। नाटक के शुरुआत में विषय प्रवेश अभिजीत कुमार मुन्ना ने कराया है। कार्यक्रम को संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली के नाटक अनुभाग के दीपक, प्रलय खान, पवन झा प्रशासनिक गतिविधि अशोक कुमार राहुल सोमवीर, कुलदीप एवं सुरेंद्र सिंह देख रहे हैं।

# विचार-मंथन

संपादकीय

# सीएए के खिलाफ भ्रम फैलाने का काम शुरू

## सत्ता के लिए संघर्षरत कांग्रेस की गारंटी

सत्ता के लिए संघर्षरत किसी भी पार्टी के लिए कुछ ऐसी घोषणाएं जरूरी होती हैं, जिनसे मतदाताओं को लुभाया जा सके। इसी कड़ी में कांग्रेस की बड़ी चुनावी कवायद 'नारी न्याय गारंटी' को देखा जाना चाहिए। इसके तहत कांग्रेस सत्ता में आने पर गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये की वित्तीय मदद देगी। जाहिर है, ऐसी कोई योजना अभी किसी पार्टी के पास नहीं है, तो इसकी चर्चा जरूर होगी। आधी आबादी पूरा हक के तहत कांग्रेस केंद्र सरकार की आधी भर्तियों पर महिलाओं का हक सुनिश्चित करेगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक स्वाभाविक उत्साह के साथ यह बताया है कि शक्ति का सम्मान के तहत आंगनबाड़ी, आशा और मध्याह्न भोजन कार्यकर्ताओं की मासिक आय में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना कर दिया जाएगा। अधिकार मैत्री के तहत महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए हरेक पंचायत में एक न्याय मित्र या पैरा-लीगल पेशेवर को नियुक्त किया जाएगा। पहली नजर में यह भी सामाजिक रूप से एक उपयोगी योजना नजर आती है। पांचवीं गारंटी के तहत प्रत्येक जिला मुख्यालय में कामकाजी महिलाओं के लिए कम से कम एक छात्रावास बनाने की बात कही गई है। महिला केंद्रित इन पांच गारंटी की सामाजिक चर्चा सुनिश्चित है, किंतु चुनावी रूप से इसका कितना असर होगा, कहना मुश्किल है। महिला वोटरों को रिझाने की कोशिश से पहले कांग्रेस युवाओं के लिए भी पांच बड़ी घोषणाएं कर चुकी है। पहली नौकरी पक्की योजना के तहत युवाओं को स्नातक होते ही एक लाख रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा 30 लाख रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरने का भी वादा कांग्रेस ने किया है, जिसमें परीक्षा की तारीख से लेकर नियुक्ति तक की स्पष्ट समय-सीमा होगी। वाकई देश में कई कारणों से अनेक बड़ी भर्तियों में जरूरत से ज्यादा समय लग रहा है और इसका चुनावी लाभ कांग्रेस उठाना चाहती है, तो आश्चर्य नहीं। पार्टी ने पेपर लीक से मुक्ति का कानून बनाने का भी वादा किया है। अगर कांग्रेस सत्ता में आने पर रोजगार क्रांति का वादा कर रही है, तो यह नौजवान वोटरों की नब्ज पर हाथ रखने की कोशिश ही है। दूसरी पार्टियों के घोषणापत्र में भी रोजगार का मुद्दा खास रहने वाला है। कांग्रेस की घोषणाओं का अपना महत्व है, लेकिन यही घोषणाएं अगर मजबूत विपक्षी 'इंडिया ब्लॉक' के मंच से होतीं, तो क्या इससे ज्यादा लाभ की संभावना नहीं होती? गठबंधन की मुश्किल राह पर क्या कांग्रेस की इन घोषणाओं का सकारात्मक फायदा होने वाला है? क्या कांग्रेस के पास इतने कार्यकर्ता हैं, जो पार्टी की इन घोषणाओं को जन-जन तक पहुंचा सकें? यह बात छिपी नहीं है कि जन-धन योजना हो या उज्ज्वला योजना या स्वच्छता या आवास संबंधी योजनाएं, ऐसी तमाम योजनाओं ने भाजपा की बुनियाद को मजबूत किया है। इससे भी बड़ी बात यह है कि इन तमाम योजनाओं से सीधे महिलाओं को लाभ हुआ है और भाजपा की जीत में महिलाओं के योगदान से कौन इनकार कर सकता है? तमिलनाडु की सरकार हो या दिल्ली की सरकार, महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ देकर रिझाने की सबकी कोशिशें स्वाभाविक हैं। महिला मतदाताओं को रिझाने और अपने पाले में उनके वोट लाने के लिए अब ज्यादा समय नहीं है, लेकिन इतना तो तय है कि महिलाओं और युवाओं को प्रत्यक्ष लाभ देकर रिझाने की ये कोशिशें उनके बेहतर भविष्य की ओर इशारा कर रही हैं।

(नीरज कुमार दुबे)

जो लोग तुष्टिकरण की राजनीति के लिए सीएए का विरोध कर रहे हैं उनसे हमारे कुछ सवाल हैं। क्या वह एक बार भी उन बस्तियों में गये हैं जहां पड़ोसी देशों से आये शरणार्थी रह रहे हैं? भारत में रह रहे शरणार्थियों को अपने मूल देश में धर्म के आधार पर प्रताड़ना झेलनी पड़ी। संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ भ्रम फैलाने का खेल शुरू हो चुका है। कुछ लोग इस कानून पर रोक लगाने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा रहे हैं तो कुछ लोगों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। कुछ विपक्षी मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि इस कानून को हम अपने राज्य में लागू नहीं करेंगे जबकि वह जानते हैं कि केंद्रीय कानून में हस्तक्षेप करना उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है। मगर वोटों की राजनीति के लिए वह कुछ भी बोल रहे हैं। इस क्रम में दिल्ली के मुख्यमंत्री तो सबसे आगे निकल गये और सीएए का विरोध करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ अमर्यादित शब्द का उपयोग करते हुए कह दिया है कि ये क्या बदतमीजी है। जो लोग तुष्टिकरण की राजनीति के लिए सीएए का विरोध कर रहे हैं उनसे हमारे कुछ सवाल हैं। क्या वह एक बार भी उन बस्तियों में गये हैं जहां पड़ोसी देशों से आये शरणार्थी रह रहे हैं? भारत में रह रहे शरणार्थियों को अपने मूल देश में धर्म के आधार पर प्रताड़ना झेलनी पड़ी। उनके सामने विकल्प थे या तो धर्मांतरण कर लो या मर जाओ या देश छोड़ दो। उन्होंने देश छोड़ कर भारत में शरण ली लेकिन यहां की नागरिकता नहीं होने के चलते उनको सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। यही नहीं कोई उन्हें काम पर भी नहीं रखता क्योंकि वह अपनी पहचान साबित नहीं कर सकते। ऐसे में कम पैसों में ज्यादा मजदूरी करके वह किसी तरह अपना पेट पालते हैं, उनके बच्चों का स्कूल में एडमिशन नहीं होता और जरूरत पड़ने पर अस्पताल में भी इलाज में परेशानी होती है क्योंकि उनकी कोई पहचान नहीं है। जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं क्या उनमें से एक ने भी इस कानून के नियमों को पूरी तरह से पढ़ा है? जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं क्या उनमें जरा भी मानवता नहीं है? जो लोग कह रहे हैं कि इसमें पड़ोसी देशों के मुस्लिमों को क्यों नहीं शामिल किया गया क्या वह इस बात को नहीं जानते कि मुस्लिमों को इस्लामिक देश में धर्म के आधार पर प्रताड़ित नहीं किया जाता? अगर वह वहां किसी तरह परेशान भी हैं तो दुनिया में कई इस्लामिक देश हैं जहां वह बस सकते हैं। लेकिन हिंदुओं के लिए हिंदू बहुलता वाला एक ही देश भारत है जहां वह आ सकते हैं। जो लोग कह रहे हैं कि सीएए में मुस्लिमों को शामिल नहीं कर भारत के संविधान का उल्लंघन किया गया है, उन्होंने शायद गृह मंत्रालय का बयान नहीं पढ़ा है। इसके अलावा, भारत कैसे सभी धर्मों को साथ लेकर चलता है और कैसे अपने अल्पसंख्यकों का खास ख्याल रखता है, इसे आप इस बात से भी समझ सकते हैं कि भारत में अल्पसंख्यक मामलों के लिए अलग से मंत्रालय है। यही नहीं, भारत में वक्फ एक्ट के तहत मुस्लिमों के लिए अलग से भूमि अधिकार कानून है। साथ ही भारत में आर्टिकल 30 के तहत अल्पसंख्यकों के लिए विशेष धार्मिक शिक्षा अधिकार कानून है। यही नहीं भारत में एचआरसीई एक्ट के तहत मंदिरों की संपत्ति और प्रबंधन से जुड़े तमाम अधिकार राज्य सरकारों के हाथ में हैं मगर किसी अन्य धर्म से जुड़े स्थलों पर सरकार का किसी प्रकार का नियंत्रण नहीं है। लेकिन हल्ला मचाने वालों का एक ही लक्ष्य है कि झूठ इतनी बार बोलो और इतना तेज बोलो कि सच दब कर रह जाये। मगर सच दब नहीं सकता। जिसके मन में सीएए को लेकर जरा भी शक है उसे केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी बयान को पढ़ना चाहिए जिसमें कहा गया है कि नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) पर भारतीय मुसलमानों को किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि इस कानून का भारतीय मुसलमानों से कोई लेना-देना नहीं है जिनके पास अपने समकक्ष हिंदू भारतीय नागरिकों के समान अधिकार हैं। मंत्रालय ने सीएए के संबंध में मुसलमानों और छात्रों के एक वर्ग की आशंका को दूर करने की कोशिश करते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि ''इस कानून के बाद किसी भी भारतीय नागरिक को अपनी नागरिकता साबित करने के लिए कोई दस्तावेज पेश करने के लिए नहीं कहा जाएगा।'' गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि भारतीय मुसलमानों को किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि इस कानून में उनकी नागरिकता को प्रभावित करने वाला कोई प्रावधान नहीं है। बयान में कहा गया है कि नागरिकता कानून का वर्तमान 18 करोड़ भारतीय मुसलमानों से कोई लेना-देना नहीं है, जिनके पास अपने समकक्ष हिंदू भारतीय नागरिकों के समान अधिकार हैं। हम आपको बता दें कि गृह मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि उन तीन मुस्लिम देशों में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के कारण पूरी दुनिया में इस्लाम की छवि बुरी तरह खराब हुई है। हालांकि, इस्लाम एक शांतिपूर्ण धर्म होने के नाते, कभी भी धार्मिक आधार पर घृणा, हिंसा, उत्पीड़न को बढ़ावा नहीं देता है। गृह मंत्रालय के बयान में कहा गया कि यह कानून अत्याचार के नाम पर इस्लाम की छवि खराब होने से बचाता है। कानून की आवश्यकता बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि भारत का अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ प्रवासियों को इन देशों में वापस भेजने के लिए कोई समझौता नहीं है। बयान में कहा गया है कि यह नागरिकता कानून अवैध प्रवासियों के निर्वासन से संबंधित नहीं है। इसलिए मुसलमानों और छात्रों सहित लोगों के एक वर्ग की चिंता अनुचित है कि सीएए मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। मंत्रालय ने कहा है कि नागरिकता अधिनियम की धारा 6, जो प्राकृतिक आधार पर नागरिकता से संबंधित है, के तहत दुनिया में कहीं से भी मुसलमानों के लिए भारतीय नागरिकता प्राप्त करने पर कोई रोक नहीं है। बयान में कहा गया कि अन्य धर्मों वाले भारतीय नागरिकों की तरह भारतीय मुस्लिमों के लिए आजादी के बाद से उनके अधिकारों की स्वतंत्रता और अवसर को कम किए बिना, सीएए ने 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत आने वाले लोगों के उत्पीड़न की पीड़ा को कम करने तथा उनके प्रति उदार व्यवहार दिखाने के उद्देश्य से नागरिकता के लिए आवेदन की योग्यता अवधि को 11 से कम कर पांच साल कर दिया है। उन तीन देशों के उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों के प्रति सहानुभूति दर्शाने के लिए यह कानून, भारत की उदार संस्कृति के अनुसार उनके सुखी और समृद्ध भविष्य के लिए उन्हें भारतीय नागरिकता प्राप्त करने का अवसर देता है।

*नागरिकता प्रणाली में जरूरत के अनुसार बदलाव लाने और अवैध प्रवासियों को नियंत्रित करने के लिए इस कानून की आवश्यकता थी। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह कानून किसी भी मुस्लिम को मौजूदा कानूनों के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने से नहीं रोकता है, जिसे इस्लाम के अपने तौर-तरीकों का पालन करने के लिए उन तीन इस्लामिक देशों में उत्पीड़न का सामना करना पड़ा हो।*

## राजनीति के अपराधीकरण का सशक्त उदाहरण है शाहजहां शेख का मामला

(उमेश चतुर्वेदी)

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली का आरोपी शाहजहां शेख 29 फरवरी को गिरफ्तार किया जा चुका है। उसकी गिरफ्तारी के बाद संदेशखाली में जश्न का माहौल होना स्वाभाविक है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि शाहजहां शेख पर जब आरोप लगे, तभी उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। आखिर कलकत्ता हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही उसे गिरफ्तार क्यों किया गया? उसकी गिरफ्तारी के संदर्भ में गौर करने की एक बात और है कि उसकी गिरफ्तारी पश्चिम बंगाल पुलिस ने तब की है, जब कलकत्ता हाईकोर्ट ने यह कहा कि शाहजहां शेख की गिफ्तारी सीबीआई या बंगाल पुलिस या फिर कोई भी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी कर सकती है। हाईकोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद तय हो गया कि शाहजहां शेख को अब गिरफ्तार करना ही पड़ेगा। तब पश्चिम बंगाल की सरकार को लगा कि अगर केंद्रीय एजेंसियां उसे पकड़ती हैं तो लोकसभा चुनावों के ठीक पहले तृणमूल कांग्रेस की स्थिति कमजोर होगी। भारतीय जनता पार्टी को प्रचार करने का मौका मिलेगा और फिर चुनावी मैदान में तृणमूल कांग्रेस के लिए जवाब देना मुश्किल होगा। इसी वजह से शाहजहां शेख को उसी संदेशखाली से पश्चिम बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जहां उसके न होने की बात कही जा रही थी। कहा तो यहां तक जा रहा था कि शेख पश्चिम बंगाल से लंदन भागने की फिराक में है। शाहजहां शेख का नाम राशन घोटाले में छापा मारने गई प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमले के बाद ज्यादा चर्चा में आया। जबकि उसका आपराधिक साम्राज्य पहले से ही चल रहा था। उसके आपराधिक साम्राज्य और राज्य की सत्ताधारी राजनीति में उसकी दखल और दबंगई का अंदाजा इस बात से लगाया ज सकता है कि ईडी की टीम पर उसके गुंडों ने उसकी शह पर हमला किया। ईडी के अधिकारियों को गंभीर चोटें आईं। इसके बावजूद वह फरार रहा। पश्चिम बंगाल की सरकार उसे गिरफ्तार करने की जहमत तक नहीं उठा रही थी। ऐसे में 29 फरवरी की उसकी गिरफ्तारी भी सवालों के घेरे में रखी जा सकती है। यह मानने के लिए कोई संदेह नहीं है कि पश्चिम बंगाल की सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के कड़े रुख के बाद शाहजहां शेख को गिरफ्तार करने का एक तरह से रस्म पूरा किया है। ताकि आशंकित राजनीतिक नुकसान से बचा जा सके। शाहजहां शेख पश्चिम बंगाल के सत्ता के दुरुपयोग का अनूठा केस है। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के ठीक 55 दिनों बाद उसकी गिरफ्तारी होना एक तरह से पश्चिम बंगाल की सत्ता के दुरुपयोग का मामला है। दिलचस्प यह है कि साल 2011 में ममता बनर्जी जिन मूल्यों को स्थापित करने के लिए माटी और मानुष का नारा देकर पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज हुई थीं, वे मूल्य उनकी सत्ता ने कभी अख्तियार ही नहीं किए। सत्ता में आने के पहले तक ममता ने तत्कालीन वाममोर्चा सरकार की जमकर बखिया उधेड़ी। उन्होंने वाममोर्चा सरकार को अत्याचारी, भ्रष्टाचारी और महिलाओं की इज्जत तार-तार करने वाली सत्ता साबित करने में कामयाब रहीं। ऐसे में उम्मीद थी कि जब वे सत्ता में आएंगी, पश्चिम बंगाल की स्थितियां बदलेंगी। वहां अमन-चैन कायम होगा। महिलाओं की अस्मिता की रक्षा होगी। लेकिन तृणमूल कांग्रेस के रवैये में बहुत बदलाव नहीं हुआ। दरअसल हुआ यह कि पहले जो वामपंथी दलों के साथ कैडर के रूप में स्थानीय आपराधिक तत्व जुड़े हुए थे, अपने स्थानीय हितों के लिए वे तृणमूल कांग्रेस के साथ आते चले गए। फिर मौका देखते ही उन्होंने अपने पुराने ढर्रे को अपना लिया। तृणमूल के नेता भी आर्थिक अपराधों में शामिल होते चले गए। नौकरी के लिए घोटाला हो, या फिर शारदा घोटाला या कुछ और, तृणमूल कांग्रेस की सरकार अपने-अपने ढंग से भ्रष्टाचार में शामिल होते चले गए। इसका असर यह हुआ कि पश्चिम बंगाल में सत्ता भले ही बदल गई।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5312

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 2 | 9 | | | |
| | | | | | | 1 | 7 | |
| 7 | 9 | 6 | | | 3 | 2 | | |
| | | | | 1 | 5 | | 9 | |
| 3 | 6 | | | | | | 2 | 1 |
| | 4 | | 6 | 9 | | | | |
| | | 2 | 8 | | | 3 | 1 | 4 |
| | 1 | 8 | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | | | 5 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5311

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 5 | 2 | 9 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 6 | 9 |
| 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 5 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 6 | 2 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 5 |

### वर्ग पहेली 5312



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 24 अप्रैल 1956 को छत्तीसगढ राज्य की पंडवानी की कापालिक शैली की गायिका ने जन्म लिया था (5)
5. यह लोकतांत्रिक गणराज्य अफ्रीका महाद्वीप के मध्य में स्थित है जिसकी राजधानी किंसासा है (2)
7. स्वेच्छित, मनचाहा, मनमर्जी का (4)
8. धतूरा, स्वर्ण (3)
10. दक्ष की पुत्रियों में से एक (2)
11. ध्यानमग्न, प्रवृत्तिशील (2)
13. जिसने कत्ल किया हो, वधिक (3)
14. नामधारी, नामयुक्त, नामवाला (3)
16. जीवन स्तर, औकात, क्षमता (4)
17. हजरत मूसा के धर्म का अनुयाी, जलील किस्म का सरमायादार (3)
19. वाक्य का अपभ्रंश (2)
20. स्पर्शमणि, परोसा (3)
21. लब्ध करना, प्राप्त करना (2)

**ऊपर से नीचे**

1. जैन धर्म के 24 महान व्यक्ति, अर्हंत, सर्वदर्शी (4)
2. रूप लावण्य, नोन, लवण, जलरस (3)
3. आदत, बाण का अपभ्रंश (2)
4. आस्तिकातावाद, स्वार्थहीनता, सज्जनता (2)
6. घोटाला, घपला, धांधलेबाजी (4)
6. घोटाला, घपला, धांधलेबाजी (4)
9. चपटी नाकवाला (5)
10. हानि, अहित, नुकसान (2)
12. बलशाली, बलिष्ठ, ताकतवाला (5)
13. जयशंकर प्रसाद का प्रबंध काव्य (4)
15. सहित, मद्य, असुरशिल्पी (2)
16. वन-पशु, चौपाया, जंगलीजानवर (3)
18. आशिक, जो किसी काम में तन्मय हो, राजकपूर की सायराबानों के साथ एक फिल्म (1967) (3)

### वर्ग पहेली 5311 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | मी | बि | या | | ज | मै | का |
| म | ल | य | ज | | मा | ला | |
| ज | | र | क | म | | आं | च |
| द | क्ष | | | त | म | च | र |
| | मा | कू | ल | | फ | ल | क |
| कु | दा | ल | | पा | ल | | |
| शा | न | | झा | ल | र | | क्यू |
| ग्र | | स | ड़ | क | | का | बा |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आज आपकी कोई मूल्यवान वस्तु खो सकती है और आपको नुकसान हो सकता है। संतान की शिक्षा और प्रतियोगिता के मामले में सफलता मिलेगी और किसी प्रतियोगिता में आशातीत सफलता मिलने के योग हैं। आपको कोई शुभ समाचार प्राप्त होने से मन खुश होगा। शाम में कोई रुका कार्य पूरा होगा।

### वृष
आज दिन सुख समृद्धि से भरा होगा। आज आपको राजनीति के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपको शासन और सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंधों से आपको लाभ होगा और आपके पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात में खराब सेहत की वजह से आपको अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ सकता है।

### मिथुन
आज महत्वाकांक्षा या काम पर दिशा की कमी महसूस कर सकते हैं। आपका अपना फोकस काम पर रखने की सख्त जरूरत है। आपको काम केंद्रित करने की आवश्यकता है। आपको सलाह है कि बुरी आदतों पर थोड़ा काबू रखें। मंदिर में दर्शन के लिए जाएं, अच्छा महसूस करोगे।

### तुला
आज लाभ होगा और आज आपके लिए धन वृद्धि के योग बन रहे हैं। रोजगार और व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद आपकी किसी कानूनी विवाद में जीत हो सकती है। शुभ खर्च और कीर्ति की वृद्धि होगी।

### वृश्चिक
आज लाभ होगा और आपकी धन समृद्धि में वृद्धि होगी। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। आज आपको पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लगेगा। विरोधियों का अंत होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आज आपके घर में और घर के बाहर भी अच्छा माहौल रहेगा।

### धनु
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं। आपकी धन से जुडी योजनाएं सफल होंगी और मान सम्मान में वृद्धि होगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति कर सकते हैं। आज आपको यात्रा के मामले में सुखद अनुभव और लाभ होंगे। प्रिय व्यक्तियों से सुसमाचार मिलेगा।

### कर्क
आज करियर के मामले में फायदे का दिन है और आज आपकी आय में वृद्धि होगी। कारोबार से जुडी योजनाएं सफल होंगी। धन सम्मान में वृद्धि होगी और आपको लाभ होगा। आज आपकी बातों से दूसरे लोग काफी प्रभावित होंगे। जीवनसाथी का सहयोग आपको हर मामले में मिलेगा। शाम के समय कोई रुका काम बनने से खुशी होगी।

### सिंह
आज का दिन व्यस्त और खुशहाल दिन रहने वाला है। आज आपके सामने कई नए अवसर आएंगे। वहीं, आज की गई यात्राएं वांछित परिणाम लाएगी। आकस्मिक लाभ के अवसर मिल सकते हैं। नए अनुबंधों से आपको लाभ होगा और आपके पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आपको कोई शुभ समाचार प्राप्त होने से मन खुश होगा। शाम में कोई रुका कार्य पूरा होगा।

### कन्या
आज कई समस्याओं या मतभेदों से आमना सामना करना पड़ सकता है। जिसके कारण आप असहज महसूस करेंगे। आपको सलाह है कि अनावश्यक वाद विवाद से बचें। खर्च सोच समझकर करें, परिवार में सामंजस्य बनाकर रखें।

### मकर
आज का दिन काफी व्यस्तता से भरा रहेगा। आज का दिन किसी बीमारी की जांच करने में बीतेगा। किसी अच्छे डॉक्टर से इस बारे में बात करें तो आपको लाभ होगा। आपको आज कहीं से उपहार और सम्मान का लाभ मिल सकता है। आपके कारोबार में तरक्की होगी।

### कुंभ
आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपकी काफी प्रशंसा होगी। ऑफिस में आपकी और आपके काम करने के तरीके की तारीफ होगी। आपको शासन सत्ता पक्ष से निकटता और गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। आप शाम से लेकर रात तक सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### मीन
आज ग्रहों के शुभ योग बन रहे हैं। आपके भाग्य में वृद्धि होगी और कारोबार सफल होंगे। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे और आपको वाणी की सौम्यता से लाभ होगा। शिक्षा, प्रतियोगिता के क्षेत्र में आपको विशेष सफलता प्राप्त होगी। आज शाम के वक्त परिवार के किसी व्यक्ति की सेहत को लेकर आपको भागना पड़ सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, स्थानीय संपादक- साकेत अम्बष्ट, मो.-9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, RNI-BIHHIN/2017/72765

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम चंपई का एक और बड़ा एक्शन, कई अफसरों को किया इधर से उधर

रांची, एजेंसी। लोकसभा चुनाव से पहले झारखंड में तबादलों को दौर जारी है। एक बार फिर से प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। इस दौरान दो आईपीएस अफसरों और चार डीएसपी का तबादला किया गया है। रांची के एसपी ग्रामीण पीयूष पांडेय को जैप-10 का कमांडेंट बनाया गया तो वहीं, रांची के एसपी यातायात को एसपी ग्रामीण रांची का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। दरअसल, जब से चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री पद का पदभार संभाला है तब से वह लगातार राज्य हित में कुछ न कुछ बड़ा कदम उठा रहे हैं। आम लोगों की सुविधा को लेकर लगातार काम कर रहे हैं। वहीं, सुरक्षा को लेकर भी मुख्यमंत्री ने कुछ दिन पहले राज्य के आला अधिकारियों के साथ अहम बैठक की थी, जिसमें प्रदेश के लोगों की सुरक्षा को लेकर कई दिशा-निर्देश दिया था।

### चिरकुंडा-बराकर में दूसरे दिन भी आयकर छापेमारी जारी

धनबाद/पंचेत/चिरकुंडा, एजेंसी। पश्चिम बंगाल (कोलकाता) आयकर की टीम ने चिरकुंडा के उद्योगपति विकास गड्याण एवं बरकार के गोपाल सिंघल के ठिकानों पर दूसरी दिन भी छापेमारी जारी रखी है। दोनों उद्यमी कई उद्योगों में साझेदार भी हैं। लगातार दूसरे दिन आयकर छापेमारी जारी रहने पर सूत्र बता रहे हैं कि करवंचना के बड़े मामले का खुलासा संभव है। बहरहाल आयकर टीम ने छापेमारी को लेकर कोई आधिकारिक सूचना जारी नहीं की है। दोनों उद्यमियों के बिहार-बंगाल स्थित कई ठिकानों को आयकर की टीम खंगाल रही है। आयकर अधिकारी शुभोजित पाल के नेतृत्व में सिटी ग्रुप के मालिक उद्योगपति विकास गड्याण के चिरकुंडा स्थित गड्याण मेंशन (आवास), उनके कई प्रतिष्ठान व बराकर के गोपाल सिंघल के घर पर गुरुवार सुबह से ही छापेमारी चल रही है। कारोबार से संबंधित दस्तावेज, निवेश, बैंक खाते, लॉकर आदि की जानकारी जुटाई जा रही है। सूत्र बताते हैं कि कार्रवाई को आयकर विभाग सफल मान रहा है और अघोषित आय से संबंधित कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। बुक्स, स्टॉक और सेल में अंतर की बात कही जा रही है।

### पुलिस ने 15 किलो जावा महुआ किया नष्ट, ग्रामीण युवती ने पुलिस पर लगाए आरोप

धनबाद/कतरास, एजेंसी। धर्माबांध ओपी क्षेत्र के नीचे देवघरा बस्ती में बुधवार की रात पुलिस द्वारा जावा महुआ नष्ट करने की हुई कार्रवाई में आदिवासी समाज के युवती के द्वारा लिखित शिकायत देकर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया गया है। युवती ने लिखा है कि रात लगभग 7 बजे तीन सिपाही उसे व उसकी बहन को अचानक घर से निकाल कर बोलेरो गाड़ी में बैठा लिया। इस दौरान गाली गलौज व अपशब्द का प्रयोग किया गया। हो हल्ला सुनकर गांव वाले इकट्ठा हुए तो हमलोगों को गाड़ी से उतारकर पुलिस अपने वाहन लेकर निकल गए। इस संबंध में धर्माबांध ओपी प्रभारी का कहना है कि जावा महुआ नष्ट करने पुलिस गयी थी। 15 किलो जावा महुआ नष्ट भी किया गया। आरोप बेबुनियाद लगाया गया है। पुलिस की कार्रवाई से क्षुब्ध होकर जबरन वाहन पर कुछ लोग बैठ गए थे। जिसे समझा कर आगे जाकर उतार दिया गया। लिखित शिकायत मिली है जांच पड़ताल की जा रही है।

### ग्यारह दिवसीय राम चरित मानस महायज्ञ में राम कथा का आयोजन

धनबाद/सिजुआ, एजेंसी। टाटा भेलाटांड़ स्थित नर्मदेश्वर शिव मंदिर परिसर में चल रहे 11 दिवसीय राम चरित मानस महायज्ञ में विविध धार्मिक अनुष्ठान के साथ राम कथा प्रस्तुत की गई। मुख्याचार्य रविंद्र पांडेय ने भगवान राम से जुड़े चौपाय व श्लोक को भजन के माध्यम से सुनाया। उन्होने कहा कि राम कथा जीवन में परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करती है, जो भगवान के लिए व्यस्ततम समय में भी समय निकालता है उसे सुख समृद्धि मिलती है। इश्वर चाहते हैं कि लोग शुद्ध अंत- करण स्वच्छ भाव से उनके पास आए, उनका कल्याण निश्चित है। कहा कि भगवान राम के बिना सब अधुरा है। इनके नाम मात्र से ही हर मुसीबत दुख दर्द दूर हो जाता है। इधर यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। भजन कीर्तन के साथ संध्या आरती में काफी संख्या महिलाओं ने भाग लिया। धार्मिक उदघोष से पूरा क्षेत्र राममय हो उठा।

## चतरा से राजनाथ का कार्यकर्ताओं को संदेश, टिकट न मिलने पर टूटे नहीं;

# अटलजी को भी किया याद



चतरा, एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दौरे पर थे। चतरा की सभा में प्रत्याशी के विरोध के बाद वे रांची पहुंचे तो सबसे पहले कार्यकर्ताओं के बीच पार्टी और देश के लिए खड़ा होने का मूलमंत्र दिया। उन्होंने अपने पहले चुनाव में उतरने से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी तक को याद किया और कार्यकर्ताओं को यह संदेश देने की कोशिश की कि जमीनी कार्यकर्ता को टिकट नहीं मिले तो निराश न हों।

रांची, खूंटी, लोहरदगा लोकसभा के प्रभारी, कार्यकर्ताओं के बीच अपने भाषण की शुरुआत रांची से रिश्ते जोड़ते हुए कि और रांची के कार्यकर्ताओं से परिवार जैसे रिश्ते होने की बात कही। वहीं, राजनाथ ने कहा कि चुनाव को लेकर पूर्व राष्ट्रपति ने वन नेशन वन इलेक्शन पर विपक्ष से आग्रह है कि वह सुझाव दे। अब मोदीजी ने ऐसा सिस्टम बनाया है कि 100 का 100 पैसा गरीबों तक पहुंचता है। भाजपा से बड़ी कोई सेक्युलर पार्टी नहीं। हमने योजनाओं का लाभ सभी को दिलाया।

**सुनील सिंह का विरोध :** चतरा के कार्यक्रम में सांसद सुनील कुमार सिंह जैसे ही मंच के पास बोलने पहुंचे तो क्षेत्र की जनता का विरोध शुरू हो गया। सुनील सिंह वापस जाओ... के नारे लगने लगे।

**पार्टी का निर्णय सर्वमान्य :** विरोध के दौरान सांसद सुनील सिंह ने कहा कि पार्टी का कार्यकर्ता हूं। कार्यकर्ता रहूंगा पार्टी टिकट दे या ना दे। पार्टी का जो निर्णय होगा वह मेरे लिए सर्वमान्य होगा।

**सभी सीटों पर जीत का संकल्प बाउरी :** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा के 370 सीटों का लक्ष्य पूरा करने की जिम्मेदारी है। सांसद संजय सेठ, अर्जुन मुंडा और समीर उरांव की सीट पर कमल खिलाना है। मोदीजी ने कहा था ना खाएंगे ना खाएंगे, इसलिए हेमंत सोरन जेल गए। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, रवींद्र राय, महामंत्री मनोज सिंह, उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय भी मौजूद थे। बाद में बाउरी ने राजनाथ के डायनेमिक कहने पर आभार जताया।

**पीएम को 14 फूलों की माला देनी है-सेठ :** रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि रांची, लोहरदगा और खूंटी ही नहीं, झारखंड की 14 सीटों की जीत की माला प्रधानमंत्री को पहनानी है। वहीं, लोहरदगा सीट से प्रत्याशी समीर उरांव ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी की योजनाओं के अनुसार अपने-अपने कार्यक्षेत्र में काम करना शुरू कर दिया है। पीएम मोदी की गारंटी को जनता तक पहुंचा रहे हैं। सभी नेताओं ने राजनाथ सिंह के मार्गदशन और प्रेरणादायी भाषण के प्रति आभार जताया।

गांव के कार्यकर्ता को दो बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया

राजनाथ ने कहा कि वह भाजपा के जिलाध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक रहे। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भी रहे। कार्यकर्ताओं को कहा कि उनकी तरह वैसे ही सामने बैठा हूं, जैसे आप सामने बैठे हैं। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसने गांव में काम करने वाले कार्यकर्ता को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया। राजनाथ ने समझाया कि कभी-कभी जमीनी कार्यकर्ता को टिकट नहीं मिलता, लेकिन निराश नहीं होना है। मांगने से कई बार कुछ नहीं मिलता। कार्यकर्ताओं को अपना चित जगाना चाहिए। कोई छोटा मौका नहीं मिला, जो बीजेपी कार्यकर्ता के तौर पर काम कर रहे।

**लाभार्थियों को कहें- नरेंद्र मोदी ने प्रणाम भेजा है :** लोकसभा चुनाव में जीत के लिए राजनाथ ने कहा कि बूथ कमेटियों की बैठक करें। पन्ना प्रमुख के साथ बैठक करें। नए मतदाता से संपर्क हुआ कि नहीं, ये देखें। पन्ना प्रमुख लाभार्थी से कहें कि मोदी जी ने उन्हें प्रणाम भेजा है। लाभार्थी को यह बात दिल तक छुएगी। राजनाथ सिंह ने कहा कि हम पार्टी के कार्यकर्ता सिर्फ विजय दिलाने नहीं, देश बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हम देश की सबसे विश्वसनीय पार्टी हैं, जो कहती है, वह करती है।

**राम मंदिर व धारा 370 हटाने का संदेश :** राजनाथ सिंह ने कहा कि 1951 के जनसंघ के घोषणापत्र से लेकर भाजपा का घोषणापत्र देखें। हम कहते थे जिस दिन बहुमत मिलेगा 370 हटाएंगे। बहुमत आया चुटकी बजा कर धारा 370 हटायी। हम कहते थे सरकार बनेगी तो अयोध्या की धरती पर राम मंदिर बनाएंगे। लोग आलोचना करते थे रामलला आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे, तारीख नहीं बताएंगे। रामलला आ गए ये रामराज आने का संकेत है।

## कोल्हान के जंगल में मिले 4 आईईडी, 2 हैंड ग्रेनेड, सर्च ऑपरेशन में 2 डेटोनेटर भी बरामद



पश्चिमी सिंहभूम, एजेंसी। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के जंगल में नक्सलियों की बड़ी साजिश को सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया है। सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए लगाए गए विस्फोटक को जब्त किया गया है। प्रधानघाट के बीच जंगल और पहाड़ी से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुए हैं।

गुरुवार को सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों ने 4 आईईडी, 2 हैंड ग्रेनेड और 2 डेटोनेटर बरामद किए हैं। जिसे सुरक्षाबलों ने मौके पर जंगल में ही नष्ट कर दिया। इलाके में आज भी सर्च ऑपरेशन जारी है।

**इलाके में छिपे हैं कई बड़े नक्सली :** विस्फोटक ऑपरेशन में बाधा डालने व सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाए गए थे। एसपी ने बताया कि नक्सलियों के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे के अपने दस्ते के साथ कोल्हान क्षेत्र में घूमने की सूचना के बाद से ज्वाइंट सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

सुरक्षा बल लगातार इन इलाकों में अभियान चला रहे हैं। जंगल के इलाकों में लैंड माइंस और कई स्पाइक छिपी है। जिससे नक्सली सुरक्षा बलों का रास्ता रोकने की कोशिश करते हैं। जनवरी से ही सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर और जिला पुलिस संयुक्त अभियान चला रहे हैं। लेकिन कोई भी शीर्ष नेता गिरफ्त में नहीं आया है।

**जंगल में ग्रामीणों के आने की मनाही :** इस इलाके में नक्सलियों ने अघोषित कर्फ्यू लगा रखा है। ग्रामीणों से कहा गया है कि वे जंगल में न आएं, क्योंकि उन्होंने जगह-जगह आईईडी लगा रखी है। किसी की भी जान जा सकती है। इससे लोग जंगल में जाने से बचते हैं। जो जाते हैं, वे बम की चपेट में आकर जान गंवा बैठते हैं।

## बाबा बागेश्वर ने देवघर बैद्यनाथ धाम मंदिर में की पूजा-अर्चना, लोगों को सुनाई हनुमत-कथा



देवघर, एजेंसी। बाबा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री ने देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर में उपस्थित तीर्थ पुरोहित और श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव और जय बागेश्वर बाबा के नारे लगाए। इस अवसर पर सांसद निशिकांत दुबे के साथ- साथ भारी संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे।

बैद्यनाथ मंदिर पहुंचने के बाद बागेश्वर बाबा को तीर्थ पुरोहितों ने गर्भगृह में ले जाकर भगवान शिव की पूजा विधि- विधान के साथ कराई। इसके बाद वहां से सीधे बागेश्वर बाबा देवघर कॉलेज के मैदान में पहुंचे और अपना प्रवचन शुरू किया। बागेश्वर बाबा का प्रवचन सुनने के लिए देवघर ही नहीं बल्कि आसपास के जिला सहित बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा के लोग आए हुए थे। बागेश्वर बाबा ने लोगों को हनुमत-कथा सुनाई। इस दौरान लोगों में काफी उत्साह देखा गया। बागेश्वर बाबा ने अपने हाथ जोड़कर लोगों की भीड़ का अभिवादन किया। देवघर कॉलेज के मैदान में लगभग 3 घंटे का उनका आध्यात्मिक प्रवचन था। बता दें कि बाबा बागेश्वर के प्रवचन को देखने और सुनने के लिए गुरुवार से ही लोग कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने लगे थे। वहीं इस कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गये थे।

# झारखंड की हॉट सीट पर मास्टरस्ट्रोक की तैयारी में नीतिश कुमार की पार्टी



चतरा, एजेंसी। भाजपा ने झारखंड में चतरा, धनबाद और गिरिडीह सीट पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। इनमें गिरिडीह की सीट आजसू के खाते में है। बताया जा रहा है कि चतरा और धनबाद की सीट भाजपा के गठबंधन के साथी जनता दल यूनाइटेड के पेंच में फंसी हुई है। जदयू एक सीट मांग रहा है। चर्चा है कि धनबाद से सरयू राय को जदयू के टिकट पर उम्मीदवार बनाया जा सकता है।

धनबाद और चतरा में एक जैसे जातीय समीकरण होने के कारण धनबाद के साथ ही चतरा सीट पर भी प्रत्याशी की घोषणा नहीं हो सकी है। वर्तमान में चतरा और धनबाद दोनों सीटों पर भाजपा के सांसद हैं। चतरा का प्रतिनिधित्व सुनील कुमार सिंह और धनबाद का प्रतिनिधित्व पशुपतिनाथ सिंह लोकसभा में कर रहे हैं। बिहार में भाजपा व जदयू का गठबंधन होने के बाद झारखंड में भी चुनावी समीकरण थोड़े बदले हैं।

विधायक सरयू राय धनबाद सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ सरयू राय का रिश्ता काफी पुराना है। सूत्रों का कहना है कि सरयू राय जदयू का दामन थाम सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि झारखंड की एक सीट के बदले जदयू बिहार में एक सीट छोड़ने को तैयार है। शुक्रवार को नीतीश मंत्री मंडल का विस्तार हुआ। विस्तार के बाद सीट शेयरिंग को अंतिम रूप दिया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि जिस दिन बिहार की सीटों की घोषणा होगी, उसी दिन चतरा और धनबाद की भी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार झारखंड में अपनी पैठ मजबूत बनाना चाहते हैं। इसके लिए सरयू राय को उपयुक्त माना जा रहा है। यदि भाजपा झारखंड में जदयू को एक सीट देने को तैयार हो गई तो निश्चित माना जा रहा है कि वह धनबाद की सीट होगी।

चतरा सीट को लेकर इसलिए संभावनाएं नहीं है, चूंकि यहां पर जदयू का प्रभाव नहीं है। 2009 के लोकसभा चुनाव में चतरा की सीट गठबंधन में जदयू को दी गई थी। जनता दल यूनाइटेड ने स्थानीय प्रतापपुर प्रखंड निवास अरुण कुमार यादव को उम्मीदवार बनाया था। निर्दलीय उम्मीदवार इंदर सिंह नामधारी निर्वाचित हुए थे। नामधारी ने कांग्रेस उम्मीदवार धीरज प्रसाद साहू को 16178 वोटों के अंतर से पराजित किया था, जबकि जदयू को करीब 52 हजार वोट मिले थे।

# अल्पसंख्यक समाज के लोग अब आ रहे हैं आरएसएस के नजदीक : मनमोहन वैद्य




रांची, एजेंसी। देश के 140 करोड़ लोग हिंदू हैं क्योंकि हमारे पूर्वज एक हैं, हमारी संस्कृति एक है और भारत माता एक हैं। अल्पसंख्यक समाज के लोग संघ की शाखा में वर्षों से सक्रिय हैं परंतु उनमें जिस भय का निर्माण किया जा रहा था वह अब दूर हो रहा है। अल्पसंख्यक समाज के लोग अब आरएसएस के नजदीक आ रहे हैं। यह कहना है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य का।

उन्होंने यह बात नागपुर में शुक्रवार को आरएसएस के तीन दिवसीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के शुभारंभ के बाद पत्रकार वार्ता में राम मंदिर उद्घाटन के बाद अल्पसंख्यकों के बीच संघ अपनी सक्रियता कैसे बढ़ाएगा से संबंधित सवाल का जवाब देते हुए कहा। उन्होंने कहा कि संघ सभी को साथ लेकर चलता है। संघ कार्य बढ़ रहा है।

अभी पूरे देश में 73,117 शाखाएं लग रही है, जबकि पिछले वर्ष 68000 के लगभग इनकी संख्या थी। शताब्दी वर्ष प्रारंभ होने से पहले तक पूरे देश में एक लाख शाखाएं प्रारंभ करने की योजना पर काम चल रहा है। शताब्दी वर्ष के दौरान समाज परिवर्तन के कार्य में स्वयंसेवक लगेंगे।

इसमें समाज के दूसरे लोग भी सहभागी बनने को तैयार हैं। इस दौरान अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर और सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र कुमार और आलोक कुमार उपस्थित थे। इससे पहले आरएसएस के सरसंघचालक डाक्टर मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने बैठक का शुभारंभ किया।

मनमोहन वैद्य ने कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन समारोह से पहले अयोध्या जी से लाए गए पूजित अक्षत को घर घर बांटा गया। उस दौरान संघ एवं समवैचारिक संगठनों के 44 लाख 98 हजार कार्यकर्ता देश के 5,98,778 गांवों तक पहुंचे थे। 19 करोड़ 38 लाख परिवारों तक अक्षत पहुंचाया गया और 22 जनवरी को पांच लाख 60 हजार स्थानों पर कार्यक्रम हुए।

मनमोहन वैद्य ने कहा कि प्रतिनिधि सभा के बाद संघ शिक्षा वर्ग में बदलाव हो जाएगा। प्रथम वर्ष का प्रशिक्षण अब संघ शिक्षा वर्ग कहलाएगा, जो 20 दिनों की जगह 15 दिनों का होगा। उसके बाद द्वितीय वर्ष कार्यकर्ता विकास वर्ग एक और तृतीय वर्ष कार्यकर्ता विकास वर्ग दो कहलाएगा। इसमें भी व्यावहारिक शिक्षा पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा।

उससे पहले तीन दिनों का प्रारंभिक वर्ग होगा। उसके बाद सात दिनों का प्राथमिक वर्ग। इस बार कार्यकर्ता विकास वर्ग दो नागपुर में 13 मई से 6 जून तक लगेगा। लोकसभा चुनाव से संबंधित एक सवाल पर कहा कि वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए संघ के कार्यकर्ता घर घर जाएंगे।

### शिबू सोरेन और बाबूलाल मरांडी नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव, हेमंत सोरेन पर संशय बरकरार

रांची, एजेंसी। लोकसभा चुनाव का इंतजार खत्म होने वाला है। खबर है कि श्वष्ट्ठ यानी भारत निर्वाचन आयोग शनिवार दोपहर तारीखों का ऐलान कर देगा। वहीं, सूत्रों के मुताबिक झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगामी लोकसभा इलेक्शन में चुनावी ताल ठोंकते नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि खुद हेमंत सोरेन जेल से ही दुमका से चुनाव लड़ सकते हैं। उधर, इस बार के लोकसभा चुनाव में झारखंड के कई कद्दावर नेता के चुनाव न लड़ने की खबर है। कहा जा रहा है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में झारखंड के कई कद्दावर नेता चुनाव नहीं लड़ेंगे, जिनमें से शिबू सोरेन का नाम भी सामने आया है। कहा जा रहा है कि शिबू सोरेन इस बार चुनाव नहीं लड़ेंगे। अधिक उम्र होने के कारण वे क्षेत्र में सक्रिय भी नहीं हैं। उनकी जगह सोरेन परिवार के किसी सदस्य के चुनाव लड़ने की चर्चा है। खबर है कि खुद हेमंत सोरेन भी जेल से ही दुमका से चुनाव लड़ सकते हैं।शिबू सोरेन के अलावा, बाबूलाल मरांडी, सुदर्शन भगत और हेमलाल मुर्मू जैसे दिग्गजों के भी चुनाव लड़ने पर संशय है। राज्य के एक और कद्दावर नेता हेमलाल मुर्मू हैं, जिनके भी चुनाव लड़ने पर संशय है।

### चुनाव की घोषणा से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका, इस दिग्गज नेता ने छोड़ा हाथ का साथ

ओरमांझी, एजेंसी। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पूर्व कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बिरसा उरांव ने कांग्रेस पार्टी का दामन छोड़ दिया। उन्होंने शुक्रवार को पार्टी के सभी पदों व प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को भी सौंप दिया है। शनिवार को बिरसा उरांव अपने सैकड़ों कार्यकर्ता व समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो जाएंगे। इसकी तैयारी भी कर ली गई है।

इसकी जानाकरी देते हुए बिरसा उरांव ने बताया इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से हरमू मैदान रांची में समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी सहित भाजपा के कई बड़े नेताओं के समक्ष वे भाजपा में शामिल होंगे।

कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने के संबंध में बिरसा उरांव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबका साथ सबका विकास के साथ जन कल्याणकारी योजना व राष्ट्हित में किए जा रहे कार्यों को बताया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के विचारों से प्रभावित होकर ही यह निर्णय लिया है। कहा प्रधानमंत्री नेरंद्र मोदी की ओर से झारखंड व राज्य के आदिवासियों के प्रति विशेष ध्यान दिया जा रहा है। केंद्र सरकार ने आदिवासियों को विशेष सम्मान देते हुए राष्टपति से लेकर केंद्र में कई आदिवासियों को मंत्री बनाया गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि आज पूरे भारत में विभिन्न पार्टी के कार्यकर्ता व नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

# प्रदीप वर्मा पर झामुमो ने लगाए कई गंभीर आरोप, कहा- उन्होंने शपथ पत्र में संपत्ति छुपाई, लोस चुनाव बाद आयोग जाएंगे



रांची , एजेंसी। भाजपा प्रत्याशी के रूप में राज्यसभा के लिए प्रत्याशी चुने गए प्रदीप वर्मा पर झामुमो ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि नाम, पता, संपत्ति और कई अन्य चीजों के बारे में उन्होंने राज्यसभा चुनाव के लिए दाखिल किए गए नामांकन पत्र के साथ अपने शपथ पत्र में गलत जानकारी दी है। जानकारियां छुपायी हैं।

लोकसभा चुनाव के बाद झामुमो इस गंभीर मुद्दे को लेकर निर्वाचन आयोग के पास जाएगा और न्याय की गुहार लगाएगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी हित की बात करनेवाली भाजपा ने आजमगढ़ के व्यक्ति को राज्यसभा का प्रत्याशी बनाया। झामुमो भाजपा के इस चेहरे को जोरदार ढंग से उजागर करेगा।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मूलरूप से आजमगढ़ निवासी प्रदीप वर्मा वर्ष 2000 में बिरला के फर्म में नौकरी करने रांची आए। उन्हें बिरला के हॉस्पिटल और स्कूल का एमडी बनाया गया। केयर टेकर बनाया गया। उसके बाद उनकी संपत्ति और शरीर में दिन दुनी, रात चौगुनी की दर से समृद्धि होती गई। पर अपने शपथ पत्र में उन्होंने कई तथ्यों को छुपा डाला है।उन्होंने नहीं बताया कि अनगड़ा के महेशपुर में उनका फार्म हाउस है। खेलगांव में फ्लैट है। पंडरा के पास फ्लैट है। सरला बिड़ला परिसर के अंदर दवा की दुकान भी उनकी है। अरगोड़ा में भी भूखंड है। आजमगढ़ में भी भू-खंड और पैतृक संपत्ति है। वहां शानदार महल है।

सुप्रियो ने कहा कि शपथ पत्र में उन्होंने अपना पता रांची का दिया है। किसी डीड में महिलौंग तो किसी में पुरुलिया रोड का भी पता है। कहा कि प्रदीप वर्मा ने कॉलोनी बसायी है। डेवलपर के साथ 40त्न की दर पर एग्रीमेंट किया है। झामुमो के पास इसके दस्तावेज हैं। दिलचस्प यह भी है कि उन्होंने अपने स्वर्गीय पिता का नाम कहीं रामअवतार प्रसाद तो कहीं रामअवतार प्रसाद वर्मा बताया है। उनके सात बैंकों में खाते हैं।

झामुमो ने सवाल खड़ा किया है कि जब सरफराज अहमद ने गांडेय विधानसभा सीट से इस्तीफा दिया था तो भाजपा ने कई तरह के प्रश्न खड़े किए थे। भाजपा के एक उछल-कूद करनेवाले सांसद ने राजभवन और चुनाव आयोग से शिकायत की थी कि विधानसभा का कार्यकाल एक साल से कम है, इसलिए गांडेय में चुनाव नहीं हो सकता। गैर विधायक झारखंड का मुख्यमंत्री नहीं बन सकता। लेकिन हरियाणा में क्या हुआ। गैर विधायक को कैसे मुख्यमंत्री बना दिया गया। इस बारे में बाबूलाल मरांडी को राज्य की जनता के सामने स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने पर प्रदीप वर्मा ने कहा है कि यह जीत प्रदेश के लाखों कार्यकर्ताओं को समर्पित है, जिनके अथक परिश्रम से ही ऐसे सुखद परिणाम मिलते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो यह अवसर दिया है, उसका पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करूंगा। वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संसद के उच्च सदन में प्रदीप वर्मा झारखंड की सशक्त आवाज बनेंगे।डॉ. वर्मा के अनुभव एवं उनकी कार्यक्षमता का लाभ राज्य की जनता को मिलेगा। भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं का सम्मान सबसे ऊपर है।




# ऑपरेशन्स मैनेजमेंट में बनाएं करियर

**कॅरियर प्रबंधन प्रक्रिया लक्ष्यों और उद्देश्यों को स्थापित करने के साथ शुरू होती है। यह कार्य थोड़ा कठिन हो सकता है, जब व्यक्ति के पास कॅरियर के अवसरों और उनकी प्रतिभा और क्षमताओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं होती है।**

ऑपरेशन्स मैनेजमेंट आपके भविष्य के कॅरियर के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संसाधनों के निवेश की एक लंबी प्रक्रिया है। कॅरियर प्रबंधन प्रक्रिया विभिन्न अवधारणाओं को अपनाती है, जैसे- आत्म-जागरूकता, कॅरियर विकास योजना और करियर अन्वेषण, जीवन भर सीखने की क्षमता और नेटवर्किंग। कॅरियर में अर्ध-कुशल से लेकर कुशल और अर्ध पेशेवर से पेशेवर तक के सभी प्रकार के रोजगार शामिल हैं। कॅरियर प्रबंधन प्रक्रिया लक्ष्यों और उद्देश्यों को स्थापित करने के साथ शुरू होती है। यह कार्य थोड़ा कठिन हो सकता है, जब व्यक्ति के पास कॅरियर के अवसरों और उनकी प्रतिभा और क्षमताओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं होती है। हालांकि, पूरी करियर प्रबंधन प्रक्रिया परिभाषित लक्ष्यों और उद्देश्यों की स्थापना पर ही आधारित होती है।

## मुख्य उद्देश्य

सामान्य शब्दों में परिचालन प्रबंधन किसी संगठन के लाभ को अधिकतम करने के उद्देश्य से एक कुशल तरीके से सामग्रियों और श्रम को वांछित वस्तुओं और सेवाओं में परिवर्तित करने से संबंधित है। यह उपलब्ध संसाधनों की खरीद और उपयोग करके उत्पादन को अधिकतम करता है, जिसमें कच्चे माल, उपकरण, प्रौद्योगिकी, सूचना और अन्य क्षेत्र शामिल हैं। उत्पादन की प्रक्रिया की योजना, डिजाइनिंग, आयोजन, नियंत्रण और अनुकूलन के साथ इसका अधिक सम्बन्ध होता है। संचालन प्रबंधन यह सुनिश्चित करता है कि एक इकाई कुशलतापूर्वक और सफलतापूर्वक इनपुट को आउटपुट में कैसे बदल देती है। यह स्पष्ट है कि संचालन प्रबंधन डिलीवरी ओरिएंटेड होता है। हालांकि, संचालन प्रबंधन को लॉजिस्टिक्स प्रबंधन के समान नहीं माना जाना चाहिए। संचालन प्रबंधन व्यापक है और लॉजिस्टिक्स प्रबंधन इसका एक हिस्सा है। लॉजिस्टिक्स प्रबंधन किसी अभियान, योजना, परियोजना या रणनीति के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए श्रमिकों, सामग्री और अन्य संसाधनों की खरीद, निष्पादन और नियंत्रण की योजना बनाता है। विनिर्माण और सेवा संगठनों दोनों को ही संचालन प्रबंधन के कार्य की आवश्यकता होती है, जो एक प्रक्रिया को शुरू से लेकर अंत तक कवर करता है। सदियों से विनिर्माण उद्योग फल-फूल रहे हैं। अब सेवा क्षेत्र में तेजी के साथ परिचालन प्रबंधकों के लिए अवसर कई गुना बढ़ गए हैं।

## जॉब रोल्स

- सप्लाई चेन मैनेजर
- एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस मैनेजर
- प्लांट मैनेजर
- ह्यूमन रिसोर्सेज मैनेजर
- परचेस मैनेजर
- फैसिलिटी मैनेजर
- इन्वेंटरी कण्ट्रोल मैनेजर

## रोजगार के अवसर

एक ऑपरेशन मैनेजर के रूप में इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने की इच्छा रखने वालों के लिए रोजगार के ढेरों अवसर होते हैं। सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में संचालन प्रबंधकों के लिए बहुत स्कोप है। कुछ शीर्ष क्षेत्र इस प्रकार हैं :

- स्वास्थ्य
- कॉर्पोरेट व्यवसाय
- बहुराष्ट्रीय कंपनियां
- हॉस्पिटैलिटी
- विनिर्माण और खुदरा
- बीमा क्षेत्र
- वित्तीय संस्थाए
- सूचना प्रौद्योगिकी
- ई-कॉमर्स
- वेयरहाउसिंग
- निर्माण
- सलाहकारी फर्में



# लाइब्रेरी सांइस में क्या है करियर स्कोप

**स्कूल कॉलेज हों या फिर सरकारी व प्राइवेट संस्थान हर जगह डॉक्यूमेंट्स को संभालने व संरक्षण करने के लिए लाइब्रेरी का उपयोग होता है। इस लाइब्रेरी में किताबों की देखभाल करने वाले को लाइब्रेरियन कहा जाता है।**

अगर आपको भी किताबों से प्यार है और ज्ञान के भंडार के बीच अपना समय बीताना चाहते हैं, तो लाइग्ररियन बन सकते हैं, इसके लिए आपको लाइब्रेरी साइंस का कोर्स करना पड़ेगा, जिसके बाद आप लाइब्रेरी अटेंडेंट, लाइब्रेरी असिस्टेंट, जूनियर लाइब्रेरियन और लाइब्रेरियन जैसे पदों पर रहकर अच्छा करियर बना सकते हैं।

## क्या है लाइब्रेरी सांइस का कोर्स

लाइब्रेरी साइंस का दायरा काफी बड़ा है, आज के समय यह एक हाईटेक कार्य के रूप में जाना जाता है। इसलिए इसमें करियर के अवसर भी काफी ज्यादा नजर आ रहे हैं। इस कोर्स के तहत छात्रों को लाइब्रेरी और इंफॉर्मेशन सिस्टम मैनेजमेंट, डॉक्यूमेंटेशन, मैनुस्क्रिप्ट, कैटलॉग, बिबलियोग्राफी आदि के बारे में पढ़ाया जाता है। इस क्षेत्र में अगर आप करियर बनाना चाहते हैं, तो आपको कंप्यूटर की बेसिक जानकारी भी होना जरूरी है। क्योंकि आजकल सारे डेटा और रिकॉर्ड कंप्यूटर पर ही रखे जाते हैं।

## लाइब्रेरी साइंस में कोर्स

अगर आप लाइब्रेरी साइंस में करियर बनाना चाहते हैं तो आप डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। इसके लिए कैंडिडेट्स को किसी भी स्ट्रीम से 12वीं पास होना चाहिए। वहीं बैचलर इन लाइब्रेरी साइंस या बैचलर इन लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस के लिए आपको किसी भी स्ट्रीम से ग्रेजुएट होना होगा। बैचलर करने के बाद आम मास्टर इन लाइब्रेरी साइंस भी कर सकते हैं। इसके बाद आप एमफिल या पीएचडी कर रिसर्च या टीचिंग के सेक्टर में भी जा सकते हैं।

## करियर स्कोप क्या है

लाइब्रेरी साइंस में इस समय जॉब्स की कमी नहीं है, लाइब्रेरी साइंस में ग्रेजुएट होने के बाद आप सरकारी और प्राइवेट दोनों सेक्टर में जॉब कर सकते हैं। जिस तरह से दिन- प्रतिदिन यूनिवर्सिटी और कॉलेज की संख्या बढ़ रहा है, ठीक उसी प्रकार इस सेक्टर में जॉब के अवसर भी बढ़ रहे हैं। आप किसी भी स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, प्राइवेट संस्थान, प्राइवेट लाइब्रेरी, म्यूजियम आदि में लाइब्रेरियन के तौर पर काम कर सकते हैं। इसके अलावा न्यूजपेपर और न्यूज चैनल्स में भी लाइब्रेरियन की नियुक्ति की जाती हैं। अब तो कॉरपोरेट कंपनियों में भी लाइब्रेरी को प्रमोट किया जाता है, ऐसे में यहां पर भी अच्छी सैलेरी के साथ जॉब मिल सकती है। अब जमाना डिजिटल हो चुका है, इसलिए अब ऑनलाइन लाइब्रेरी या कंप्यूटर लाइब्रेरी, डिजिटल लाइब्रेरी का चलन तेजी से बढ़ा है।

## करियर ऑप्शन क्या है

अब लाइब्रेरी साइंस काफी विकसित सेक्टर के रूप में जाना जाता है। जिसकी जरूरत हर जगह पर पड़ती है। जिसके कारण इस क्षेत्र में करियर के अनेक ऑप्शन हैं। आप कोर्स पूरा कर निम्न पदों पर रहकर करियर बना सकते हैं। जिसमें जूनियर लाइब्रेरियन, सहायक लाइब्रेरियन, डिप्टी लाइब्रेरियन, लाइब्रेरियन, लाइब्रेरी अटेंडेंट, पुस्तकालय सहायक, शोधकर्ता व वैज्ञानिक, सलाहकार, तकनीकी सहायक, अभिलेख प्रबंधक, सूचना केंद्र का प्रमुख, वरिष्ठ सूचना विश्लेषक, कानून लाइब्रेरियन, इंडेक्सर, सूचना वास्तुकार, पुरालेखपाल शामिल है।

## कितनी मिलती है सैलरी

लाइब्रेरी साइंस में कोर्स करने के बाद आप प्रेशर के तौर पर 20 से 30 हजार रूपए कमा सकते हैं, इसके बाद जिस तरह से आपका अनुभ्व बढ़ेगा, उसी के अनुसार आपका पद और वेतन भी बढ़ेगा। वहीं अगर आपकी जॉब गवर्नमेंट सेक्टर में लग गया तो आप हर माह लाखों रुपए कमा सकते हैं।



# आईआईटी में एडमिशन दिलाएंगी ये टिप्स

देश में इंजीनियर बनने की चाह रखने वाले हर स्टूडेंट की चाहत होती है कि वह इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) से इंजीनियरिंग करे। आईआईटी में एडमिशन के लिए स्टूडेंट्स को जेईई मेन एवं जेईई एडवांस परीक्षा पास करनी होती है। यहां हम आपको तैयारी के लिए कुछ आसान टिप्स बता रहे हैं।

### बनाएं स्टडी प्लान

सबसे पहले सिलेबस के अनुसार अपना स्टडी प्लान बनाएं। जेईई मेन और जेईई एडवांस दोनों के सिलेबस लगभग समान होते हैं।

### सेट करें वीकली और डेली टारगेट

स्टडी के लिए न्यूनतम घंटे तय करें। इसके साथ ही डेली या वीकली टारगेट सेट करें।

### एनसीईआरटी की लें मदद

बेसिक तैयारी के लिए एनसीईआरटी बुक्स बहुत अच्छी मानी जाती हैं। इस कारण 11वीं से ही इन बुक्स से तैयारी करें।

### क्लियर करें कॉन्सेप्ट

जेईई परीक्षा में आपके बेसिक्स की जांच होती है। पहले बेसिक कॉन्सेप्ट को समझें और इसके लिए थ्योरी पार्ट को पढ़ें।

### स्मार्ट स्टडी


हार्ड वर्क के साथ ही स्मार्ट वर्क करें। इसके लिए नोट्स बनाएं, इंपॉर्टेंट प्वाइंट्स, फॉर्मूला, शॉर्टकट, रिएक्शन आदि के साथ स्मार्ट स्टडी करें।

### मॉक टेस्ट पेपर

अपनी स्पीड, लर्निंग एक्यूरेसी और टाइम मैनेजमेंट स्किल को परखने के लिए ऑनलाइन मॉक टेस्ट पेपर सॉल्व करें।

### कर सकते हैं कोचिंग

टफ और डाउट वाले प्रश्नों को आसानी से समझने के लिए आप कोचिंग भी ज्वॉइन कर सकते हैं।



# 12वीं में पीसीएम लेने के मतलब सिर्फ इंजीनियर बनना ही नहीं

**छात्रों के बीच एक आम धारणा है कि 12वीं में मैथ्य लेने का मतलब है इंजीनियरिंग करना और साइंस लेने का मतलब है डॉक्टर बनना, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हर बच्चा सिर्फ इंजीनियर या डॉक्टर बनना चाहता है। कई बच्चे ऐसे भी हैं जो अलग फील्ड में जाना चाहते हैं।**

## बन सकते हैं पायलेट

अगर आप बचपन से उड़ते हुए प्लेन को देख कर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं और इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो आप पायलट पाठ्यक्रम भी चुन सकते है। इसका कोर्स प्राइवेट कॉलेज भी करवाते है। हवाई यात्रा सस्ती होने के साथ, विमान उद्योग तेज गति उन्नति कर रहा है और वाणिज्यिक पायलटों की आवश्यकता भी दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। यदि आप आकाश में उड़ना चाहते हैं और पायलट बनना कहते है तो यह कोर्स आपके लिए परफेक्ट है।

## मर्चेंट नेवी

यह कोर्स आज के समय में बेहतर ऑप्शंस है। इसमें आप मरीन इंजीनियरिंग, नॉटिकल साइंस, शिप मेंटेनेंस आदि कोर्स कर सकते हैं। यह देश में सबसे अधिक सैलरी देने वाले कोर्सेज में से एक है। इसमें आपको कई देशों का सफर करने का मौका मिलता है तथा देश की सेवा करने का भी मौका मिलता है। काफी युवा छात्र मर्चेंट नेवी को अपना करियर बनाते है यह छात्रों की एक मनपसंद फील्ड है।

## एनीमेशन का फील्ड

अगर आप क्रिएटिव हैं तो एनीमेशन के फील्ड में जा सकते हैं। 12वीं के बाद एनीमेशन की फील्ड में करियर बनाने का सपना काफी छात्रों का होता है। एनीमेशन की फील्ड काफी ज्यादा क्रिएटिव और मनोरंजक फील्ड है। इसमें छात्रों को कुछ नया करने को मिलता है। आज कल के समय में एनिमेटेड मूवीज, कार्टून्स काफी ज्यादा लोकप्रिय है ऐसे में एनीमेशन की फील्ड में बहुत कुछ कर दिखने का मौका है। कुछ साल पहले तक, केवल निजी संस्थान थे जो एनीमेशन के लिए प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम प्रदान करते थे, परन्तु अब काफी इंस्टीटूट्स खुल गए है जो एनीमेशन का कोर्स करवाते है तथा नौकरी भी दिलाते है।

## वीडियो गेम

कोरोना के बाद वीडियो गेम उद्योग बूस्ट पर चल रहा है। भारत में आज कई इंटरनेशन व नेशनल कंपनियां इस फील्ड में काम कर रही हैं। इस फील्ड में आपको कंप्यूटर लैंग्वेज पढ़ाई जाएगी और ग्राफिक डिजाइनिंग के बारे सिखाया जाता है। इस फील्ड में भी बहुत ज्यादा क्रिएटिविटी की जरुरत है। इस फील्ड में वेतन भी बहुत अच्छा है तथा भविष्य भी बहुत बढ़िया है।

## एप डेवलपर

इस समय डिजिटल दुनिया में सब कुछ ऑनलाइन होता जा रहा है ऐसे में एप डेवलपर का भविष्य बहुत ही अच्छा है। आप एप डेवलपिंग का कोर्स ज्वाइन कर के अपना करियर इस फील्ड में बना सकते है। इसमें वेतन भी बहुत ज्यादा मिलता है। आजकल सभी लोग अपना व्यवसाय ऑनलाइन करते जा रहे है ऐसे में सभी अपना एप बनवाते है और अपने बिजनेस को या प्रोडक्ट तो प्रमोट करते है इसलिए यह भी एक बहुत अच्छा करियर ऑप्शन है।

## सॉफ्टवेयर डेवलपर

आज के समय में यहां सैकड़ों आईटी फर्म हैं और दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। और ये आईटी फर्म एक बढ़िया 7 फिगर सैलरी देती है अपने सॉफ्टवेयर डेवलपर को। अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल ये सभी कम्पनीज सॉफ्टवेयर डेवलपर हायर करती है और अच्छा वेतन देती है। आजकल तो सभी बैंक्स भी ऑनलाइन हो गए है और लगभग सभी ऑफिसेस भी अपना सॉफ्टवेयर डेवेलप करवाते है। ऐसे में ये एक ऐसा करियर है जिसमे कभी पीछे नहीं मुड़ना पड़ेगा। सभी आईटी फरम्स सॉफ्टवेयर डेवलपर को रखती है और अच्छा वेतन देती है।

## बीसीए भी है ऑप्शन

अगर आप 12 वीं के बाद करियर ऑप्शन देख रहे हैं तो आपके लिए बीसीए एक बढ़िया करियर ऑप्शन हो सकता है। अगर आपको कंप्यूटर में इंटरेस्ट है तो बीसीए आपके लिए बढ़िया चुनाव रहेगा। बीसीए करने के बाद आप किसी अच्छी आईटी कंपनी में जॉब कर सकते है और अगर आप बीसीए के बाद पोस्ट ग्रेजुएट एमसीए भी कर लेंगे तो कंप्यूटर की फील्ड में एक अच्छा करियर बना सकते है तथा उच्च वेतन की नौकरी भी मिल सकती है।



आप पेटिंग या ड्राइंग के साथ अपना स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। पेटिंग डिपार्टमेंट से आप म्यूरल के लिए भी जा सकते हैं।

# पेंटिंग, ड्राइंग, मूर्तिकला के साथ अन्य कला में बनाएं करियर

बदलते समय के साथ लोगों की सोच भी बदल रही है, खास कर ऐसे माता- पिता की जो अपने बच्चों पर बचपन से ही डॉक्टर-इंजीनियर बनने का दबाव डालते और इसे ही करियर के लिए सबसे बेहतर मानते थे। आज के समय में करियर के कई विकल्प खुल गए हैं। अब सिर्फ कॉमर्स या साइंस जैसे स्ट्रीम ही करियर की संभावना नहीं रह गया है। यही कारण है की मां-बाप अपने बच्चों को पसंद के अनुसार अपना करियर बनाने का मौका दे रहे हैं। इस समय फैशन एक ऐसा क्षेत्र है जो युवाओं को खुलकर जीने का मौका दे रहा है, जिससे आज युवा बैचलर ऑफ फाइन आर्ट की तरफ आकर्षित हो रहे हैं और पेंटिंग, ड्राइंग, मूर्तिकला के साथ अन्य कला में अपनी प्रतिभा निखारने के साथ अपना करियर बना रहे हैं।

## क्या है बैचलर ऑफ फाइन आर्ट

बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स का स्वरूप बहुत बड़ा है। इसमें छात्रों को नृत्य, चित्र, फोटोग्राफी, फिल्म, वास्तुकला, आदि की शिक्षा दी जाती है। यह कोर्स आप 12वीं के बाद कर सकते हैं, ज्यादातर शैक्षणिक संस्थानों में बीएफए चार सालों का कोर्स होता है। शुरूआती सालों में आपको विजुअल आर्ट के सभी विषयों की जानकारी दी जाती है लेकिन अंतिम साल में आपको स्पेशलाइजेशन के रुप में एक विषय चुनना होता है।

## जरूरी स्किल

अगर आप इस क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते है तो आपको कला की अच्छी समझ होनीं चाहिए। इसके लिए आपमें कल्पनाशीलता और क्रिएटिविटी जैसी स्किल की बेसिक जानकारी जरूरी है। इसके अलावा थिंकिंग पावर और ड्राइंग, पेंटिंग, स्कैचिंग की अच्छी समझ होना जरूरी है। वहीं इस फील्ड के लिए आप नए- नए एक्सपेरिमेंट करते रहना जरूरी है, जिससे आपकी कला का और विकास हो सके। एक पेंटर के रूप में, एक उम्मीदवार विभिन्न कलाकृतियां बना सकता है जैसे कि वाटर कलर पेंटिंग, ऑइल पेंटिंग, इंक वॉश पेंटिंग, ऐक्रेलिक पेंटिंग, पेस्टल कलर पेंटिंग, ग्लास पेंटिंग, एनकॉस्टिक पेंटिंग आदि। एक पेंटर आमतौर पर स्वतंत्र रूप से काम करता है या उसका प्रदर्शन करता है।

## करियर

यह एक ऐसा सेक्टर है जहां पर छात्रों को बीएफए कोर्स करने के बाद आसानी से जॉब मिल जाती है। आज कल बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स में काफी बच्चों को दिलचस्पी होती है। बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स एडवरटाइजिंग कम्पनीज, आर्ट स्टूडियोज, बाउटिकेस आदि जगहों पर जॉब कर सकते हैं। आज के समय में बैचलर ऑफ फाइन आर्टस का क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं अच्छी पेंटिग्स भी लाखों- करोड़ो रुपए में बिक रही हैं, जिससे कलाकारों को उसका पूरा फायदा भी मिल रहा है। अगर आप चाहें तो आप इसमें एमए करके रिसर्च के लिए जा सकते हैं और इसके बाद आप किसी प्राइवेट संस्थान या किसी सरकारी कॉलेज में पढ़ा सकते हैं। वैसे तो कोर्स पूरा होने के पहले ही अगर आपने मेहनत की तो आपको सफलता मिलनी शुरू हो जाती है, ज्यादातर को प्राइवेट संस्थानों में, घरों और ऑफिसों, सरकार की तरफ से दीवारों को सजाने या उनपर पेंट, पोर्ट्रेट बनाने जैसे काम मिलने शुरू हो जाते हैं। फ्रीलांस आर्टिस्ट के तौर पर भी आप कार्य कर सकते हैं।

## क्या होती है जॉब प्रोफाइल

एक पेंटर बनने के लिए आपको बीए इन ड्राइंग एंड पेंटिंग, बीएफए पेंटिंग, बीए इन पेंटिंग, बीए इन विजुअल आर्ट्स, बीएफए एप्लाइड आर्ट्स, एमएफए, एमए इन ड्राइंग एंड पेंटिंग, डिप्लोमा इन पेंटिंग का कोर्स करना पड़ेगा। जिसके बाद आप पेंटर, क्राफ्ट आर्टिस्ट, विजुअलाइजेशन प्रोफेशनल, इलेस्ट्रेटर, डिजिटल डिजाइनर, ग्राफिक डिजाइनर, आर्ट प्रोफेशनल, आर्ट डायरेक्टर, आर्ट कंजरवेटरआर्ट, डनेपनउ, आर्ट रेस्टोरेशन स्पेसलिस्ट, मुरलिस्ट पेंटर, कॉमिक आर्टिस्ट, एंटीरियर डिजाइनर से जॉब प्रोफाइल पर कार्य कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक भाजपा में बगावत, ईश्वरप्पा लड़ेंगे निर्दलीय चुनाव

**शिमोगा।** कर्नाटक भाजपा के वरिष्ठ नेता केएस ईश्वरप्पा ने पार्टी से बगावत करते हुए शुक्रवार को घोषणा की कि वह लोकसभा चुनाव में शिमोगा से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरेंगे। उन्होंने बेटे केई कांतेश को हावेरी सीट से टिकट नहीं दिए जाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को जिम्मेदार ठहराया। येदियुरप्पा के बेटे और मौजूदा सांसद बीवाई राघवेंद्र को भाजपा ने शिमोगा से पार्टी प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने इस सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री एस बंगारप्पा की बेटी, कन्नड़ फिल्म स्टार शिवराजकुमार की पत्नी और दिवंगत अभिनेता डा. राजकुमार की पुत्रवधू गीता शिवराजकुमार को मैदान में उतारा है। भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को हावेरी सीट से मैदान में उतारा है। कर्नाटक में भाजपा को खड़ा करने का श्रेय ईश्वरप्पा, येदियुरप्पा और दिवंगत एचएन अनंत कुमार को दिया जाता है। ईश्वरप्पा ने कहा कि येदियुरप्पा ने उनके बेटे को टिकट दिलाने का आश्वासन दिया था और उनकी जीत के लिए प्रचार करने का वादा किया था, लेकिन अब उन्होंने उन्हें धोखा दिया है।

### टोलीचौकी के तेल गोदाम में भीषण आग, दूर तक दिखता रहा धुएं का गुबार

**हैदराबाद , एजेंसी।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के एक तेल गोदाम में भीषण आग लगने की खबर सामने आई है। घटना टोलीचौकी के एक तेल गोदाम की है, जहां लगी आग इतनी ज्यादा भीषण थी कि कई मीटर तक उसकी लपटें दिखीं। जानकारी के अनुसार, मौके पर आग बुझाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौजूद रहीं। आग पर काबू पाने की अभी तक कोशिश जारी है।

### दक्षिण भारत में भाजपा को झटका, जतेंद्र रेड्डी ने पार्टी छोड़ थामा कांग्रेस का हाथ

**हैदराबाद, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पहले दक्षिण भारत में भाजपा को झटक लगा है। तेलंगाना में भाजपा को झटका देते हुए पार्टी नेता और पूर्व सांसद एपी जितेंद्र रेड्डी शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। जितेंद्र रेड्डी ने मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी, तेलंगाना के कांग्रेस प्रभारी दीपा दासमुंशी और अन्य नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस का दामन थामा। कांग्रेस में शामिल होते ही पार्टी से मिला गिफ्ट कांग्रेस में शामिल होने के बाद पार्टी ने उन्हें इसका गिफ्ट भी दिया। तेलंगाना की रेवंत रेड्डी सरकार ने जितेंद्र रेड्डी को एक आदेश में राजधानी दिल्ली में तेलंगाना सरकार के विशेष प्रतिनिधि और सरकार के खेल मामलों के सलाहकार के रूप में नियुक्त किया। यह पद राज्य मंत्री के बराबर होता है। जितेंद्र रेड्डी महबूबनगर से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए भाजपा के टिकट के चाहते थे, लेकिन भाजपा ने यहां से डी के अरुणा को टिकट देकर मौदान में उतार दिया है।

### गोद लेने की प्रक्रिया में सहायक एजेंसियां स्थापित न होने से सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ल, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देशभर के 370 जिलों में परित्यक्त और स्वेच्छा से सौंपे गये बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया में सहायक विशेषज्ञता वाली एजेंसियों (एसएए) की स्थापना में विफल रहने पर नाराजगी व्यक्त की और चेतावनी दी कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उसके निर्देशों का पालन न करने पर कठोर कदम उठाए जाएंगे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने अफसोस जताया कि देश के 760 जिलों में से 370 में एसएए क्रियाशील नहीं हैं, जो किशोर न्याय अधिनियम के तहत एक जरूरी कानूनी आवश्यकता है। एसएए भावी दत्तक माता-पिता की गृह अध्ययन रिपोर्ट तैयार करते हैं और उन्हें पात्र पाए जाने के बाद गोद देने के लिए कानूनी रूप से उपलब्ध बच्चे को बाल अध्ययन रिपोर्ट तथा मेडिकल रिपोर्ट के साथ गोद लेने के लिए संदर्भित करते हैं। हमारे निर्देशों का पालन नहीं किया गया, तो हम कठोर कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे। पीठ ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को एसएए की स्थापना और गोद लेने की संख्या पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को सात अप्रैल तक नवीनतम डाटा उपलब्ध कराने को कहा है।

## 100 करोड़ रुपये की रिश्वत, 10 से ज्यादा बदले मोबाइल;

# केसीआर की बेटी कविता पर लगे कई आरोप



**नईदिल्ली, एजेंसी।**

तेलंगाना के पूर्व सीएम केसीआर की बेटी और विधायक के कविता पर 100 करोड़ रुपये की रिश्वत लेने का आरोप है, उन्होंने10 मोबाइल से ज्यादा बदले। इस केस में ईडी ने गुरुग्राम से कारोबारी अमित अरोड़ा को 30 नवंबर, 2022 में गिरफ्तार किया था। ईडी के मुताबिक, अमित ने अपने बयानों में कविता के नाम का लिया था। जांच एजेंसी ने दावा किया था कि कविता साउथ ग्रुप नाम की एक शराब लॉबी की मुख्य लीडर थीं। उन्होंने अन्य कारोबारी के माध्यम से दिल्ली में आप के नेताओं को 100 करोड़ रुपये का भुगतान किया था।इसके बाद मार्च 2023 में ईडी ने इस मामले में कविता का नाम भी शामिल किया।

ईडी का दावा है कि कवित उस साउथ ग्रुप में शामिल थीं जिसमें दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, सारथ रेड्डी, एम श्रीनिवासुलु रेड्डी, राघव मगुंटा शामिल थे। इस ग्रुप का प्रतिनिधित्व अरुण पिल्लई, अभिषेक बोइनपल्ली और बुची बाबू ने किया था।

दिल्ली में 2021-22 की लिकर पॉलिसी थोक विक्रेताओं के लिए असाधारण रूप से 12 प्रतिशत लाभ मार्जिन और खुदरा विक्रेताओं के लिए लगभग 185 प्रतिशत लाभ मार्जिन के साथ दी गई थी। ईडी के अनुसार, पॉलिसी की 12 फीसदी मार्जिन में से छह प्रतिशत थोक विक्रेताओं से आम आदमी पार्टी के नेताओं को रिश्वत के रूप में वापस वसूल किया जाना था। साउथ ग्रुप ने आप नेता विजय नायर को लगभग 100 करोड़ रुपए की रिश्वत एडवांस में दी थी।

## खिलजी की सेना ने छापा मारा

### कविता की गिरफ्तारी पर भड़के भाई केटीआर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईडी ने शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के कविता को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की बेटी कविता (46) को पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है। इससे पहले दिन में ईडी अधिकारियों ने हैदराबाद में कविता के परिसरों पर छापेमारी की और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों के मुताबिक, तेलंगाना में बीआरएस की विधान पार्षद (एमएलसी) कविता को हैदराबाद में बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से शाम पांच बजकर 20 मिनट पर गिरफ्तार किया गया। बीआरएस द्वारा एक वीडियो शेयर किया गया जिसमें कविता के भाई और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव ईडी अधिकारियों के साथ बहस करते हुए कह रहे हैं कि एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट को दिए गए वचन का उल्लंघन किया है। वीडियो में रामा राव को यह आरोप लगाते सुना जा सकता है कि तलाशी खत्म होने के बाद भी परिवार के सदस्यों को घर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। साथ ही केटीआर की टीम की ओर से जारी बयान में पीएम मोदी पर निशाना साधा है। केटीआर ने कहा, साल 1323 में अलाउद्दीन खिलजी की सेना ने छापा मारा और काकतीय सम्राट प्रताप रुद्र को पकड़ लिया और उन्हें दिल्ली ले गए। खिलजी की सेना ने विजय जुलूस निकाला। ठीक 700 साल बाद 2024 में मोदी की सना ने हैदराबाद पर आक्रमण किया और एमएलसी कविता को पकड़ लिया और दिल्ली ले गए। अब खिलजी के उत्तराधिकारी मोदी ने हैदराबाद में जुलूस निकाला है।

## देश में हर बड़े मुद्दे के बीच दिल्ली वालों ने किया खूब मतदान

### वोटिंग पैटर्न से समझें दिल्ली के वोटर्स का मूड



**नईदिल्ली, एजेंसी।**

सियासत का सबसे बड़ा केंद्र माने जाने वाली देश की राजधानी दिल्ली बड़े आंदोलन और सत्ता परिवर्तन की गवाह रही है। देशहित और जनहित के मुद्दों के उन आंदोलनों का समर्थन दिल्लीवालों ने मतदान के जरिए किया है। चुनावी आंकड़े बताते हैं कि जब भी देशहित, जनहित से जुड़े मामलों पर आंदोलनों के बाद चुनाव हुआ है, दिल्लीवालों ने जमकर वोट बरसाए। भारत-पाकिस्तान की जंग हो, आपातकाल का दौर रहा हो या फिर अन्ना आंदोलन के बाद हुआ 2014 का लोकसभा चुनाव। राजधानी के मतदाताओं ने बंपर मतदान किया।

चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं कि आमतौर पर दिल्ली में मतदान राष्ट्रीय औसत से पीछे रहा है। आखिरी बार 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय औसत से ज्यादा मतदान हुआ था। उस साल तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या हुई थी। उसी साल लोकसभा चुनाव में मतदान का राष्ट्रीय औसत 63.56 फीसदी था, जबकि दिल्लीवालों ने 64.48 फीसदी मतदान किया। 2014 में अन्ना आंदोलन के बाद दिल्लीवालों ने 65.15 फीसदी मतदान किया था, जो कि राष्ट्रीय औसत से महज 1.4 फीसदी ही कम था।

देश में आजादी के बाद कुल 17 लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। अब तक दिल्ली में सबसे अधिक 1977 में 71.49 फीसदी मतदान हुआ था। उस साल देश में आपातकाल की घोषणा के बाद यह चुनाव हुआ था। देशभर में आपातकाल के खिलाफ आंदोलन चल रहे थे। दिल्ली में इसे लेकर विरोध चल रहा था। उस साल हुए लोकसभा चुनाव में दिल्लीवालों ने आपातकाल के विरोध में जमकर मतदान किया। सत्ता परिवर्तन का इतिहास लिखा। आज तक मतदान का वह रिकॉर्ड दिल्लीवाले नहीं तोड़ पाए हैं।

## 100 प्रतिशत आश्वस्त हूं सीएए से एक भी व्यक्ति असम में नहीं आएगा: सीएम सरमा

**गुवाहाटी, एजेंसी।**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि जैसे ही सीएए राज्य में लागू होगी वैसे ही बंद किए गए 27 लाख लोगों के 'बायोमेट्रिक' को अनलॉक किया जाएगा। दरअसल, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर एनआरसी को अपडेट करने के दौरान यह प्रक्रिया लॉक कर दी गई थी।



एनआरसी को अपडेट करने के दौरान राज्य में करीब 27 लाख लोगों के बायोमेट्रिक्स लॉक हो गए थे और उन्हें आधार कार्ड नहीं मिल पा रहे थे। सरमा ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (८स) और अन्य हितधारकों के साथ प्रक्रिया पर चर्चा करूंगा और उम्मीद है कि चुनाव के तुरंत बाद कोई समाधान निकल आएगा।

सरमा ने कहा कि पिछले दो वर्षों के दौरान, कानून के अधिनियमन के बाद, हम सीएए के बारे में उठाए गए संदेहों को दूर करने के लिए जमीनी काम कर रहे थे। अब यह स्पष्ट है कि 2014 के बाद आए किसी भी व्यक्ति को भारतीय नागरिकता नहीं दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि वह 100 प्रतिशत आश्वस्त हैं कि सीएए के माध्यम से एक भी व्यक्ति असम में नहीं आएगा और केवल उन लोगों को नागरिकता मिलेगी जिन्होंने एनआरसी के लिए आवेदन किया था।

सीएम ने स्वीकार किया कि बायोमेट्रिक्स को अवरुद्ध करने से राशन कार्ड और रोजगार प्राप्त करने में समस्याएं पैदा हुईं और हम इस मामले को उठाएंगे और इसे हल करेंगे। उन्होंने लोगों से सीएए मुद्दे पर भावनाओं से नहीं बल्कि ठोस तर्क से निर्देशित होने का आग्रह किया। सरमा ने कहा, हमने एनआरसी प्रक्रिया के जरिए पहले ही डेटा हासिल कर लिया है और जो लोग सूची में शामिल नहीं हैं, उन्हें सीएए नहीं तो फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल के जरिए वैसे भी नागरिकता मिल जाती। सीएम ने आगे कहा कि उन्हें उम्मीद है कि लगभग छह लाख लोगों, बराक और ब्रह्मपुत्र घाटियों से तीन-तीन लाख लोगों को नागरिकता मिलेगी, न कि 20 लाख लोगों को, जैसा कि कुछ वर्गों द्वारा फैलाया जा रहा है।

## वन नेशन-वन इलैक्शन से संसाधन और रूपए की बचत होगी : अनिल विज

**अंबाला, एजेंसी।**

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने आज वन नेशन-वन इलैक्शन का स्वागत करते हुए कहा कि इससे देश के संसाधनों और रूपए की बचत होगी इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को इस कदम के लिए स्वागत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे अपने दिल से वन नेशन-वन इलैक्शन का स्वागत करते हैं।

विज आज मीडिया कर्मियों के द्वारा 'वन नेशन-वन इलैक्शन' के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उल्लेखनीय है कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'वन नेशन-वन इलैक्शन' को लेकर उच्च स्तरीय समिति ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें अपनी रिपोर्ट सौंपी दी है। 'वन नेशन-वन इलैक्शन' को लेकर इस रिपोर्ट के लिए गत सिंतबर, 2023 को समिति का गठन किया था जिसने एक्सपर्ट के साथ चर्चा करने के उपरांत रिपोर्ट सौंप दी है।

विज ने 'वन नेशन-वन इलैक्शन' के संबंध में कहा कि ये बहुत ही बडी दिक्कत थी, जिससे देश को निजात दिलाना बहुत ही जरूरी था। सारा साल चुनाव होते रहते हैं। कभी कोई होता रहता है और कभी कोई होता है। आचार संहिता लग जाती है और कई-कई महीने काम नहीं हो पाते हैं और खर्चा भी बहुत होता है।



उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति के अध्यक्षता में बनी कमेटी ने काफी एक्सरसाईज करके ये एक फार्मूला बनाया है और राष्ट्रपति को प्रस्तुत किया है कि वन नेशन-वन इलैक्शन और एक ही वोटर लिस्ट। उन्होंने भारतीय नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के संबंध में कहा कि हमारे देश में आसपास के देशों से धार्मिक प्रताडना के कारण आने वालों (अल्पसंख्यक शरणार्थियों) को सरकार ने जीने का अधिकार दिया है क्योंकि उनको कोई अधिकार नहीं था, अब सरकार ने उनको अपने बच्चों के पालन-पोषण करने और नौकरी करने का अधिकार दिया है।

विज ने अरविंद केजरीवाल पर हमला करते हुए कहा कि वे बहुत ही शर्मनाक, बहुत ही निदंनीय बात कर रहे है जो वे सीएए पर अटैक कर रहे है। उन्होंने कहा कि ''कोई भी अच्छा काम करों, केजरीवाल तकलीफ होती हैं। उन्होंने व्यंग्यात्मक तरीके से समझाते हुए कहा कि ''जिस चीज पर यह (केजरीवाल) प्रतिक्रिया दें तो वे समझते हैं कि अच्छा काम हो रहा हैं क्योंकि यह उनका बैरोमीटर है।

**मोदी आम जनमानस की नब्ज को पहचानते है:**

गत दिवस सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल में दो रुपए की कटौती करने का फैसला लिया गया जिसके बाद लोगों को राहत मिली हैं, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में अनिल विज ने कहा कि बहुत अच्छी बात है। उन्होंने कहाकि 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आम जनमानस की नब्ज को पहचानते हैं और कब क्या चाहिए और वो वहीं करते हैं।

## अयोग्य हो जाएंगे हिमाचल में भाजपा के 9 विधायक? मिला नोटिस

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नौ विधायकों को शिकायत के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इस मामले में 9 विधायकों पर अयोग्यता का भी खतरा मंडरा रहा है। ऐसे राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच राजनीतिक गतिरोध जारी है और निकट भविष्य में इसके सुलझने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। नाहन के कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी ने सदन के कामकाज पर नियम 79 के तहत स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने हाल के बजट सत्र के दौरान सदन के अंदर और अध्यक्ष के चेंबर में कथित तौर पर हिंसा और अनुशासनहीनता में शामिल होने के लिए भाजपा के नौ विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव ने कहा कि शिकायत के आधार पर नौ भाजपा विधायकों - ऊना से सतपाल सत्ती, नाचन से विनोद कुमार, चुराह से हंसराज, बंजार से सुरेंद्र शौरी, सुलह से विपिन परमार, त्रिलोक जम्वाल, बिलासपुर, बल्ह से इंद्र सिंह गांधी, आनी से लोकेंद्र कुमार और करसोग से दीपराज को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। नौ भाजपा विधायकों को 18 मार्च तक लिखित रूप में या अपनी व्यक्तिगत उपस्थिति के माध्यम से अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा गया था। राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने कहा कि अगर नौ भाजपा विधायकों ने जवाब नहीं दिया तो अध्यक्ष उन्हें निलंबित कर सकते हैं या अयोग्य घोषित कर सकते हैं। सोलंकी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि इन भाजपा विधायकों ने सदन के अंदर और अध्यक्ष के कक्ष में भी हंगामा किया था। विधानसभा

## न्याय यात्रा की समापन रैली में उद्धव पवार, अखिलेश समेत कई नेता होंगे शामिल

**मुंबई, एजेंसी।**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के अवसर पर रविवार को आयोजित होने वाली रैली में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत इंडिया गठबंधन के कई घटक दलों के नेता शामिल होंगे। महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय वडेट्टीवार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि स्टालिन, अखिलेश यादव और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने 17 मार्च को मुंबई के दादर इलाके के शिवाजी पार्क में होने वाली रैली में शामिल होने की पुष्टि की है।

उन्होंने कहा कि रैली में आम आदमी पार्टी और विपक्षी गठबंधन के कुछ अन्य घटक दलों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार भी इस जनसभा में शामिल होंगे। वडेट्टीवार ने कहा, शनिवार को लोकसभा चुनाव की घोषणा की जाएगी, इसलिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा की समापन रैली का खर्च हमारे चुनाव खर्च में दिखाया जाएगा। राहुल गांधी की यात्रा शनिवार दोपहर मुंबई पहुंचेगी। यात्रा फिलहाल महाराष्ट्र के पालघर जिले में है।



वहीं, राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि भारत की 88 प्रतिशत आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलित, आदिवासी और पिछड़े समुदायों से है लेकिन प्रशासन, न्यायपालिका और मीडिया सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनकी भागीदारी बहुत कम है। उन्होंने अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान महाराष्ट्र के पालघर जिले के वाडा तालुका में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सत्ता और संपत्ति को वह लोग नियंत्रित कर रहे हैं जिनकी कुल आबादी छह प्रतिशत है। केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा शुरू की गई फसल बीमा योजना से किसानों को नहीं, बल्कि निजी बीमा कंपनियों को फायदा होता है। उन्होंने कहा कि जब बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान होता है, तो सरकार द्वारा बीमा कंपनियों को भारी-भरकम प्रीमियम का भुगतान करने के बावजूद प्रभावित किसानों को कोई मदद नहीं मिलती है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रशासन और अन्य क्षेत्रों में असंतुलन दूर करने के लिए देशव्यापी जाति जनगणना पर जोर दिया और कहा कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आई तो वह इस तरह की कवायद को अंजाम देगी। राहुल गांधी ने कहा कि ओबीसी, दलित, आदिवासी और पिछड़े समुदाय देश की आबादी का 88 प्रतिशत हिस्सा हैं लेकिन प्रशासन, मीडिया और न्यायपालिका सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनका प्रतिनिधित्व बहुत कम है। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया, जीएसटी (माल एवं सेवा कर) के माध्यम से गरीबों को लूटा गया है।

## आंध्र सरकार का कर्मचारियों को तोहफा, महंगाई भत्ता जारी करने के दिए आदेश

**अमरावती एजेंसी।** लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से 24 घंटे से भी कम समय पहले आंध्र प्रदेश की जगन मोहन सरकार ने शुक्रवार रात कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) जारी करने के आदेश दिया।

1 जुलाई, 2019 से 31 दिसंबर, 2021 की अवधि के लिए सरकारी कर्मचारियों को डीए जारी करने के लिए आदेश जारी किया। उन्होंने पात्र सरकारी कर्मचारियों को 1 जनवरी 2022 से डीए जारी करने के आदेश जारी किए। साथ ही विशेष मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार ने 1 जुलाई, 2022 से डीए को मूल वेतन के 22.75 प्रतिशत से बढ़ाकर 26.39 प्रतिशत करने के आदेश जारी किया गया है। इसके अलावा जगन सरकार ने 1 जनवरी, 2023 से सरकारी कर्मचारियों को डीए को मूल वेतन के 26.39 प्रतिशत से बढ़ाकर 30.03 प्रतिशत करने के आदेश जारी किए। यूजीसी वेतनमान, 2006 का फायदा उठाने वाले कर्मचारियों के संबंध में डीए दरों को मूल वेतन के 212 प्रतिशत से 221 प्रतिशत तक संशोधित करने के आदेश जारी किए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : ई-पेपर
www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper

अफगानिस्तान वर्सेस ऑयरलेंड

# राशिद खान IPL 2024 से पहले रंग में दिखे धाकड़ गेंदबाजी कर तोड़ा 14 साल पुराना रिकॉर्ड



**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के स्पिनर राशिद खान आईपीएल 2024 की शुरुआत से ठीक पहले रंग में नजर आए और आयरलैंड के खिलाफ हुए मुकाबले में शानदार गेंदबाजी करते हुए उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। राशिद खान आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। आईपीएल के इस सीजन से ठीक पहले राशिद खान ने 15 मार्च को आयरलैंड के खिलाफ अपने देश के लिए पहला टी20 मैच खेला। इस मैच में अफगानिस्तान की टीम को 38 रन से हार जरूर मिली, लेकिन राशिद खान की गेंदबाजी प्रभावशाली रही। राशिद खान ने इस मैच में टीम की कप्तानी की और गेंदबाजी में बतौर कप्तान शानदार रिकॉर्ड अपने नाम किया।

राशिद खान ने तोड़ा 14 साल पुराना रिकॉर्ड

राशिद खान ने पॉल स्टारलिंग की कप्तानी वाली आरलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में शानदार गेंदबाजी की और 4 ओवर में 19 रन देकर 3 विकेट लिए। इस स्पैल के बाद वह टी20आई क्रिकेट में बतौर कप्तान अफगानिस्तान की तरफ से बेस्ट गेंदबाजी करने वाले खिलाड़ी बन गए। राशिद खान से पहले यह रिकॉर्ड नरवोज मंगल के नाम पर दर्ज था जिन्होंने साल 2010 में टी20आई में बतौर कप्तान अफगानिस्तान के लिए आयरलैंड के खिलाफ ही 4 ओवर में 23 रन देकर 3 विकेट लिए थे।

आपको बता दें कि अफगानिस्तान और आयरलैंड के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज में राशिद खान टीम की कप्तानी कर रहे हैं और उनकी कप्तानी में टीम को पहले मैच में हार मिली। इस मैच में आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 149 रन बनाए और इसके जवाब में अफगानिस्तान की टीम 18.4 ओवर में 111 रन पर आउट हो गई और उसे हार मिली। इस सीरीज का आखिरी मुकाबला 18 मार्च को खत्म होगा और इसके बाद राशिद खान गुजरात टाइटंस के साथ आईपीएल 2024 के लिए जुड़ जाएंगे।

## टी-20 में अफगानिस्तान के कप्तान द्वारा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े

राशिद खान- 2024 में आयरलैंड (शारजाह) के खिलाफ 4-0-19-3
नवरोज मंगल- 2010 में आयरलैंड (दुबई) के खिलाफ 4-0-23-3
गुलबदीन नायब- 2023 में श्रीलंका (हांग्जो) के खिलाफ 4-0-28-3
मोहम्मद नबी- 2013 में स्कॉटलैंड (शारजाह) के खिलाफ 4-0-12-2
मोहम्मद नबी- 2022 में श्रीलंका (दुबई) के खिलाफ 4-0-14-2

## पॉल स्ट्रर्लिंग ने रचा इतिहास



आयरलैंड की टीम ने पहले टी-20 मैच में अफगानिस्तान को 38 रनों से हरा दिया। इस मैच में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आयरलैंड की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 149 रन बनाए, जिसके जवाब में अफगानिस्तानी टीम 111 रनों पर ऑलआउट हो गई। मैच में आयरलैंड के एक स्टार खिलाड़ी ने बड़ा कीर्तिमान बना दिया है।

### पहली बार हुआ ऐसा

आयरलैंड को कप्तान पॉल स्ट्रर्लिंग और एंड्रयू बालबर्नी ने बेहतरीन शुरुआत दिलाई। बालबर्नी 22 रन बनाकर आउट हुए। वहीं पॉल स्ट्रर्लिंग ने 27 गेंदों में 25 रन बनाए, जिसमें 2 चौके और एक छक्का शामिल था। इसी के साथ पॉल स्ट्रर्लिंग ने टी-20 में 400 चौके पूरे कर लिए। टी-20 में पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी खिलाड़ी ने 400 चौके जड़े हैं। पॉल स्ट्रर्लिंग से पहले कोई भी ये कीर्तिमान नहीं बना पाया है। पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने टी-20 में 395 चौके लगाए हैं। विराट कोहली ने 361 चौके लगाए हैं। रोहित शर्मा चौथे नंबर पर हैं। उन्होंने टी-20 में 359 चौके जड़े हैं।

### टी-20 में सबसे ज्यादा चौके जड़ने वाले बल्लेबाज

पॉल स्ट्रर्लिंग- 401
बाबर आजम- 395
विराट कोहली- 361
रोहित शर्मा-359
डेविड वॉर्नर- 320

पॉल स्ट्रर्लिंग ने आयरलैंड के लिए साल 2009 में डेब्यू किया था। इसके बाद से ही उन्होंने अपने दम पर आयरलैंड की टीम को कई मैच जिताए हैं। उन्होंने अभी तक 135 टी-20 मैचों में 3463 रन बनाए हैं, जिसमें 1 शतक शामिल है। उन्होंने टी-20 करियर में 401 चौके और 124 छक्के भी जड़े हैं।

### आयरलैंड ने जीता मैच

आयरलैंड और अफगानिस्तान के बीच तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेली जा रही है। पहले मैच में जीत दर्ज करते ही आयरलैंड की टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। आयरलैंड के लिए हैरी टेक्टर ने सबसे ज्यादा 56 रन बनाए।

लेकिन अफगानिस्तान की तरफ से कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। टीम के लिए मोहम्मद इशाक ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। आयरलैंड के लिए बेंजामिन व्हाइट ने चार ओवर में 20 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया।

# पूर्व क्रिकेटर का दावा- विराट के बिना भारत टी20 विश्व कप नहीं जीत सकता



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चर्चाएं हैं कि विराट कोहली को आगामी टी20 विश्व कप के दौरान टीम इंडिया में नहीं चुना जाएगा। आशंका है कि बीसीसीआई अब युवा प्लेयरों पर भरोसा जता रही है जोकि विंडीज और यूएसए में होने वाले विश्व कप में बढ़िया प्रदर्शन करने का दावा करते नजर आ रहे हैं। लेकिन इसी बीच पूर्व क्रिकेटर और चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष क्रिस श्रीकांत ने कहा है कि विराट के बिना टीम इंडिया के लिए टी20 विश्व कप जीतना मुश्किल है।

श्रीकांत ने कहा कि इस बात की कोई संभावना नहीं है कि विराट कोहली टीम के साथ यात्रा नहीं करेंगे। उसे टीम में रहना होगा। वह हमें 2022 में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में ले गए और वनडे विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। इन आलोचकों और अफवाह फैलाने वालों के पास कोई काम नहीं है। इस रिपोर्ट का आधार क्या है? अगर भारत को टी20 विश्व कप जीतना है तो विराट कोहली जरूरी हैं।

बता दें कि कोहली की टी20 फॉर्मेट में फॉर्म पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। हालांकि उन्होंने विश्व कप के पिछले संस्करण में जोकि ऑस्ट्रेलिया में हुआ था, में 6 मैच खेलकर 296 रन बनाए थे, लेकिन उनका पिछले 2 सालों में कम टी20 मुकाबले खेलना भी बड़ी अड़चन है। वहीं, खबर है कि बीसीसीआई प्रबंधन भी अब कोहली पर जोर नहीं डालना चाहता। कोहली फिलहाल पेरेंट्स लीव पर हैं। उनके कुछ दिनों में ही आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी बेंगलुरु के साथ जोड़ने की खबर है। टी20 विश्व कप की बात की जाए तो यह जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा।

# गावस्कर ने रणजी खिलाड़ियों की सैलरी बढ़ाने की वकालत की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के महान खिलाड़ी और पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से आग्रह करते हुए घरेलू क्रिकेटरों, खासकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट से जुड़े क्रिकेटरों के लिए पारिश्रमिक में उल्लेखनीय वृद्धि करने की वकालत की है।

टेस्ट क्रिकेटरों को प्रोत्साहन देने के बीसीसीआई के हालिया कदम की सराहना करते हुए, गावस्कर ने राष्ट्रीय टीम के लिए प्राथमिक फीडर प्रणाली रणजी ट्रॉफी का समर्थन करने के महत्व पर जोर दिया। गावस्कर ने कहा, बीसीसीआई द्वारा खेलने वालों को पुरस्कृत करना एक अद्भुत बात है, लेकिन मैं बीसीसीआई से यह भी अनुरोध करूंगा कि वह यह सुनिश्चित करे कि टेस्ट टीम के फीडर, जो कि रणजी ट्रॉफी है, का भी ध्यान रखा जाए। अगर रणजी ट्रॉफी की फीस दोगुनी या तिगुनी की जा सकती है, तो निश्चित रूप से बहुत अधिक लोग रणजी ट्रॉफी खेलेंगे, और रणजी ट्रॉफी से बहुत कम लोग हटेंगे, क्योंकि अगर रणजी ट्रॉफी मैच खेलने की फीस एक अच्छी फीस है और विभिन्न कारणों से कम लोग बाहर निकलेंगे।

गावस्कर ने ईशान किशन जैसे उदाहरणों का हवाला देते हुए अधिक फीस और घरेलू टूर्नामेंटों से खिलाड़ियों की कम निकासी के बीच संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने रेड-बॉल क्रिकेट के लिए पुरस्कारों के संबंध में राहुल द्रविड़ की भावनाओं को दोहराया और खेले गए प्रथम श्रेणी मैचों की संख्या के आधार पर एक स्लैब प्रणाली का प्रस्ताव रखा।

मुझे लगता है कि जब धर्मशाला में इसकी घोषणा की गई थी, तब राहुल द्रविड़ ने जो कहा था, वह इसे इनाम कहना चाहेंगे। वे सभी स्लैब प्रणाली के साथ खेलना चाहेंगे - हर 10 प्रथम श्रेणी मैचों में आपको इतना अधिक मिलता है। गावस्कर ने चैंप्स फाउंडेशन के एक कार्यक्रम के मौके पर कहा, मैं बीसीसीआई से उस पहलू पर भी गौर करने का अनुरोध करूंगा, जिसके 25 साल पूरे हो गए हैं।



# IPL 2024 का दूसरा चरण नहीं होगा भारत में? बीसीसीआई अगले हफ्ते कर सकती है नए वेन्यू की घोषणा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का आगाज 22 मार्च से हो रहा है। सीजन का पहला मैच सीएसके और आरसीबी के बीच खेला जाएगा। बीसीसीआई ने इस बार 22 मार्च से 7 अप्रैल के बीच आईपीएल का आधा शेड्यूल ही जारी किया है। देश में होने वाले आम चुनाव के चलते ऐसा हुआ है। अब हर किसी की नजर शेड्यूल के दूसरे चरण पर टिकी है कि वह कब से शुरू होगा और कहां मैच होंगे।

इस बीच टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि आईपीएल का दूसरा चरण यूएई में आयोजित हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को देश में आम चुनाव की तारीखों का ऐलान होगा और उसके बाद बीसीसीआई आईपीएल के सेकेंड फेज के वेन्यू की घोषणा कर सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बोर्ड के कुछ अधिकारी कुछ दिनों से दुबई में हैं जहां आईपीएल के दूसरे चरण के आयोजन की संभावनाओं पर काम करने के लिए गए हैं। इसके अलावा आईपीएल टीमों को भी यह निर्देश दिए जा चुके हैं कि वह अपने-अपने खिलाड़ियों के पासपोर्ट सबमिट कराएं। बता दें कि अगर आईपीएल का दूसरा फेज यूएई में आयोजित होता है तो यह तीसरा मौका होगा जब दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग को देश से बाहर कराया जाएगा। इससे पहले 2020 में कोरोना महामारी के कारण आईपीएल का आयोजन यूएई में हुआ था और उससे पहले 2014 में आईपीएल यूएई में ही हुआ था।



# वॉटसन ने पाकिस्तान टीम का हेड कोच बनने से किया इनकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन पाकिस्तान क्रिकेट टीम के हेड कोच बनने की रेस से बाहर हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पीसीबी के पसंदीदा उम्मीदवार माने जा रहे वॉटसन पाकिस्तान क्रिकेट टीम के हेड कोच बनने की दौड़ से बाहर हो गए हैं।

पिछले एक सप्ताह से ऐसी चर्चाएं थी कि पाकिस्तान-न्यूजीलैंड टी20 सीरीज से पहले शेन वॉटसन को टीम का हेड कोच बना दिया जाएगा, लेकिन वॉटसन ने खुद को इस दौड़ से बाहर कर लिया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वॉटसन तो पीसीबी के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साहित थे, लेकिन उन्होंने पहले से दी हुई प्रतिबद्धताओं का सम्मान करते हुए इस जिम्मेदारी के लिए इनकार किया है।

शेन वॉटसन के पास अभी आईपीएल में कॉमेंट्री डील, क्वेटा ग्लैडिएटर्स के साथ उनकी भूमिका और सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न के साथ मेजर लीग क्रिकेट में प्रमुख कोचिंग की प्रतिबद्धता है। इसके अलावा उनका परिवार भी है जो सिडनी में रहता है। शेन वॉटसन के इस रेस से बाहर होने का मतलब है कि पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में हेड कोच के बिना ही खेलना होगा। वहीं पीसीबी को अब जल्द ही नए हेड कोच की तलाश भी करनी होगी क्योंकि जून में टी20 विश्व कप है और उससे पहले पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में चार मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। यह सीरीज मई के आखिर में शुरू होगी और विश्व कप से ठीक पहले खत्म होगी।

### पैसों पर बिगड़ी बात?

शेन वॉटसन के हेड कोच की रेस से हटने के पीछे यह भी कहा जा रहा है कि फीस को लेकर बात बिगड़ी है, लेकिन ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट में कहा है कि फीस को लेकर कोई मसला नहीं था। वॉटसन को 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर सालाना की पेशकश की वॉटसन के फैसले के पीछे फीस का कोई मसला नहीं है।

# विमेन प्रीमियर लीग: दिल्ली -बैंगलोर के बीच फायनल मैच आज




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 17 मार्च यानी रविवार को दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में महिला प्रीमियर लीग 2024 का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमें पूरे सीजन जबरदस्त फॉर्म में दिखी। दिल्ली ने पिछले सीजन की तरह इस सीजन भी शानदार क्रिकेट खेला और लगातार दूसरी बार फाइनल में आ गई। हालांकि इस बार उनकी नजरें अब ट्रॉफी पर होंगी।

आरसीबी का सीजन पिछले साल काफी खराब गया था। लेकिन इस बार उन्होंने शानदार कमबैक किया और आरसीबी भी अपनी पहली डब्ल्यूपीएल की ट्रॉफी को जीतने के लिए कुछ भी करने को तैयार होगी।

ऐसे में दोनों टीमों के बीच गजब का फाइनल होने की पूरी उम्मीद है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जो टीम इस साल महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीतेगी। तो उसे कितनी प्राइज मनी मिलेगी? नहीं तो आइये आपको बताते हैं।

### डब्ल्यूपीएल 2024 जीतने पर टीम को मिलेगी कितनी प्राइज मनी?

महिला प्रीमियर लीग 2023 में जब मुंबई इंडियंस चैंपियन बनी थी। तो उन्हें खिताब जीतने के लिए 6 करोड़ रुपये मिले थे। वहीं रनर्स अप दिल्ली कैपिटल्स को 3 करोड़ की प्राइज मनी मिली थी।

हालांकि अभी तक तो बीसीसीआई ने महिला प्रीमियर लीग की प्राइज मनी को लेकर कोई अपडेट नहीं दिया है। तो ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि इस बार भी डब्ल्यूपीएल जीतने वाली टीम को 6 करोड़ की प्राइज मनी मिलेगी जबकि रनर्स अप को 3 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

### फाइनल के लिए दोनों टीमें इस प्रकार हैं-

**दिल्ली कैपिटल्स-** मेग लैनिंग (कप्तान), तानिया भाटिया, जेमिमा, रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, एलिस कैप्सी, मारिजान कैप, शिखा पांडे, एनाबेल सदरलैंड, जेस जॉनासन, मिन्नु मणी, पूनम यादव, अरुणदति रेड्डी, तितास साधु, राधा यादव, अश्वनी कुमारी, अपरना मोंडाल, स्नेहा दीप्ती।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर-** स्मृति मंधाना (कप्तान), ऋचा घोष, दिशा कसत, मेघाना, इंद्रानी रॉय, शुभा सतीश, सिमरन भादुर, नदीन डे क्लर्क, सॉफी डिवाइन, श्रेयंका पाटिल, एलिस पैरी, एक्ता बिष्ट, केट क्रॉस, सॉफी मोलीन्यूक्स, रेणुका ठाकुर सिंह, जियोर्जिया, श्रद्धा पोखारकर, आशा सोभाना।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस पर ई. कॉलेज में राष्ट्रीय वेबिनार

**आरा।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस पर एक राष्ट्रीय वेबिनार हुआ। जिसका विषय "गणितीय विज्ञान में हालिया प्रगति" था। यह वेबिनार विज्ञान एवं मानविकी विभाग के अंतर्गत डॉक्टर कालिका प्रसाद एवं प्रोफेसर मनीष कुमारी के निर्देशन में हुआ। मुख्य अतिथि प्रोफेसर पीके रे एवं डॉ रामकिशोर ने संख्या के सिद्धांत एवं आकाशीय यांत्रिकी पर व्याख्यान दिया। प्रोफेसर अमृतांशु रौशन ने बताया कि वेबिनार में पूरे भारत से 550 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें 315 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वेबिनार को सफल बनाने में प्राचार्य डॉक्टर सी बी महतो, डॉ मनीषा कुमारी, सहायक प्राध्यापक डॉक्टर सुलक्षणा भारतीय एवं डॉ बबीता कुमारी का अहम योगदान रहा।

### ट्रक ने मारी साइकिल सवार को टक्कर, घायल

**कोईलवर।** थाना क्षेत्र के चनपुरा के पास फोर लेन पर एक ट्रक ने साइकिल सवार को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार बुरी तरह से घायल हो गया। घायल व्यक्ति संजय कुमार है जो नारायणपुर गांव के रहने वाले स्व शेष कुमार राय का पुत्र है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि संजय कुमार साइकिल से किसी काम को लेकर कोईलवर आ रहे थे तभी चैनपुरा के पास पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। आनन फानन में उन्हें कोईलवर पीएचसी अस्पताल लाया गया। उनको हाथ और सर में चोटें आई है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

### जिले में आरके सिंह कई योजनाओं का आज करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास

**आरा।** सांसद सह केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह शनिवार को आरा लोकसभा क्षेत्र में कई योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इस क्रम में पीरो के पड़ाव मैदान का सौंदर्यीकरण व जगदीशपुर मे बाबु कुंवर सिंह के नाम से प्रवेश-द्वार का शिलान्यास करेंगे। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने बताया कि पीरो के ऐतिहासिक पड़ाव मैदान का सौंदर्यीकरण की घोषणा सांसद आरके सिंह ने किया था।

### शिक्षा विभाग वेतन एवं विभिन्न क्रय का करेगा अंकेक्षण

**आरा।** शिक्षा विभाग वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के वेतन, बकाया, विभिन्न अधि प्राप्तियों एवं क्रयों का अंकेक्षण करेगा। इसके लिए दो सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। उच्च शिक्षा विभाग की निदेशक रेखा कुमारी ने कुलसचिव के नाम पत्र जारी किया है। इसमें बोध गया, मुंगेर विश्वविद्यालय, बीआरएबीयू मुजफ्फरपुर, मगध विश्वविद्यालय और पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय का भी नाम शामिल है। इसके पहले भी गत जून माह में अंकेक्षण दल का गठन हुआ था जो विश्वविद्यालय में आकर अंकेक्षण किया था।

### आदर्श आचार-संहिता से आरा-धनबाद के बीच ट्रेन परिचालन पर ग्रहण

**आरा।** लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग किसी भी क्षण आदर्श आचार-संहिता लगाने की घोषणा कर सकता है। ऐसे में आरा जंक्शन से धनबाद जंक्शन तक ट्रेन चलाने की घोषणा फंस सकती है। इससे लोकसभा चुनाव की आचार- संहिता लागू रहने तक आरा-धनबाद के बीच ट्रेन परिचालन पर ग्रहण लग सकता है। अब लोगों की आस शनिवार को यहां आने वाले केंद्रीय मंत्री आरके सिंह पर टिक गई है। क्योंकि आरके सिंह ने आरा और धनबाद के ट्रेन परिचालन कराने का घोषणा किया है। इस बारे में पूछने पर सांसद प्रतिनिधि इंजीनियर धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि आरा-धनबाद के बीच ट्रेन परिचालन की स्वीकृति अंतिम चरण में है।

### टायर चोरी करते युवक पकड़ाया, जेल

**कोईलवर।** थाना क्षेत्र के कोईलवर पेट्रोल पंप के समीप पार्किंग में खड़ी अवैध बालू में जब्त ट्रकों से एक व्यक्ति द्वारा टायर खोलने और चुराने के जुर्म में कोईलवर पुलिस ने धर दबोचा। शाम के समय मौके का फायदा उठाकर युवक यह वारदात कर रहा था। जिसके बाद पार्किंग के स्टाफ ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। पकड़ा गया युवक जिले के अजीमाबाद थाना क्षेत्र के चुल्हन यादव का बेटा राकेश कुमार है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि युवक अकेला चोरी में था या नहीं। बता दें कि अवैध बालू कारोबार में पकड़े गए ट्रकों से बैटरी, टायर जैसे सामानों की चोरी की घटनाएं बढ़ी है।

### 30 लीटर शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार, जेल

**कोईलवर।** गीधा थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के बिरमपुर उच्च विद्यालय के समीप सड़क के किनारे से 30 लीटर महुआ शराब के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक हरेराम राम व भन्नु पासवान है। दोनों बिरमपुर निवासी है। गीधा थानाध्यक्ष प्रिया शीला ने बताया कि सुचना मिली थी उक्त दोनों व्यक्ति बिरमपुर उच्च विद्यालय के समीप सड़क के किनारे महुआ शराब बेच रहे हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 30 लीटर महुआ शराब भी बरामद किया है। साथ ही बताया की दोनों पहले भी शराब मामले जेल जा चुका है। दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### महिला व पुरुष का फाइनल मुकाबला होगा आज



**आरा।** 44वीं राष्ट्रीय थ्रो बॉल टूर्नामेंट चैम्पियनशिप में दूसरे दिन विभिन्न राज्यों से आये खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बिहार राज्य थ्रो बॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता बिहार के आरा के वीर कुंवर सिंह मैदान में हो रहा है। जिसका समापन शनिवार 16 मार्च को पुरस्कार वितरण के साथ होगा। शुक्रवार को पुरुष वर्ग का पहला मैच तेलंगाना बनाम दिल्ली के बीच खेला गया। जिसके रोमांचक मुकाबले में तेलंगाना ने दिल्ली को 2-0 से हराया। दूसरे मैच में महाराष्ट्र ने पुडुचेरी को 2-0 से हराया। तीसरे मैच में दिल्ली ने पश्चिम बंगाल को 2-0 से पराजित किया। इसी तरह तमिलनाडु ने उत्तरप्रदेश को 2-0 से हराया, कर्नाटक ने हरियाणा को 2-0 से, तेलंगाना ने पश्चिम बंगाल को 2-0 से हराया। सबसे ज्यादा उतार चढ़ाव का खेल बिहार और उत्तरप्रदेश के बीच हुआ। जिसमें दोनों टीमों का काफी जोशीला प्रदर्शन देखने को मिला। अंततः इस खेल में बिहार ने उत्तर प्रदेश को 17-25, 19-25 से हरा दिया। इस तरह बिहार मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इसी तरह कर्नाटक ने दिल्ली को 2- 0 से हराकर कर्नाटक सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तेलंगाना ने हरियाणा को 2-0 हराकर सेमीफाइनल में तेलंगाना ने जगह सुरक्षित की। तमिलनाडु ने पुडुचेरी को 2-0 से हराकर तमिलनाडु ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। महाराष्ट्र ने बिहार को 2-0 से हराकर महाराष्ट्र ने सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित की। सेमीफाइनल और फाइनल आज महिला वर्ग थ्रो बॉल टूर्नामेंट चैम्पियनशिप के रोमांचक मुकाबले में शुक्रवार को तेलंगाना ने 2-0 से पश्चिम बंगाल को हराया। कर्नाटक ने उत्तर प्रदेश को 2- 0 से पराजित किया। तमिलनाडु और बिहार के बीच हुए मुकाबले में तमिलनाडु ने बिहार को 2-0 से शिकस्त दे दिया। इसी तरह पुडुचेरी और महाराष्ट्र के बीच घमा शान मुकाबले में महाराष्ट्र ने पुडुचेरी को 2-0 से हराया। कर्नाटक ने पश्चिम बंगाल 2- 0 से हराकर कर्नाटक सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तेलंगाना ने 2-0 से उत्तरप्रदेश को हराकर तेलंगाना ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। तमिलनाडु ने पुडुचेरी को 2-0 से हराया और तमिलनाडु ने सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित की।

## ब्रॉडसन कंपनी के ठिकानों पर बिहार से झारखंड तक रेड

# भोजपुर में निदेशक के घर ED की छापेमारी, धनबाद में भाई के घर भी दबिश

निज संवाददाता। आरा

ब्रॉडसन कंपनी के निदेशक पुंज कुमार सिंह और कृष्ण मोहन सिंह के ठिकानों पर बिहार और झारखंड में ED ने छापा मारा है। दोनों कंपनी के पार्टनर के साथ-साथ बालू कारोबारी भी हैं। भोजपुर में पुंज कुमार सिंह और कृष्ण मोहन सिंह के ठिकानों पर शनिवार सुबह ED की टीम पहुंची। यहां के कोईलवर थाने के धनडीहा स्थित श्रीराल वाटिका के साथ-साथ कई ठिकानों पर टीम ने छापेमारी की। इसके अलावा धनबाद में भी पुंज कुमार सिंह के ठिकानों पर ED पहुंची। जांच एजेंसी ने शनिवार सुबह धनबाद के कासा सोसाइटी स्थित आवास और झरिया हेटलिबांध स्थित उनके भाई सतेंद्र सिंह के आवास पर दबिश दी। ED की टीम ने अंदर जाते ही घर के सभी सदस्यों से मोबाइल जब्त कर लिया



और घर के अंदर रखे कई अहम दस्तावेजों को खंगालना शुरू कर दिया। फिलहाल इन दोनों ही जगहों पर ED की छापेमारी जारी है। बालू कारोबारी पुंज कुमार सिंह पर 250 करोड़ से अधिक के राजस्व चोरी का मामला है। जिसके आधार पर ED अपनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

**400 करोड़ के बालू घोटाले के आरोपी हैं पुंजः** कंपनी के दूसरे पार्टनर कृष्ण मोहन सिंह का पैतृक घर कोईलवर थाना क्षेत्र के बाघ मझौआ है। यहां भी टीम गई थी। फिलहाल उसके दूसरे ठिकाने आरा नगर थाना क्षेत्र के आनंद नगर में छापेमारी चल रही है। पुंज सिंह बिहार में 400 करोड़ के बालू घोटाले के आरोपित हैं। जिसमें ED ने पहले भी पुंज सिंह और इनके साथी करीबियों के यहां छापेमारी कर चुकी है। इस मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था।

**रेड के दौरान किसी को भी एंट्री नहीं:** छापेमारी के दौरान किसी की भी एंट्री पर रोक लगाई है। ED के अधिकारी कई कागजातों की तलाशी करेंगे। टीम कई लोगों से पूछताछ भी करेगी। इसके अलावा अन्य मामले सामने आते हैं तो उस पर भी ED गहनता से पूछताछ करेगी। मालूम हो कि बालू खनन मामले में विधान पार्षद राधा चरण सेठ समेत कई लोग जेल में बंद हैं।

## सड़क दुर्घटना में घायल हुए अंकित पहलवान की हुई मौत

### तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से मारी थी टक्कर, 17 साल की उम्र में कमा लिया था नाम

निज संवाददाता। बक्सर



चौसा में पहलवानी कर अपना नाम करने वाला युवक अंकित की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। वहीं पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मिली जानकारी के अनुसार अक्षय यादव का बेटा अंकित यादव उर्फ अंकित पहलवान की उम्र 17 साल है। वह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चौसा गांव का निवासी था। उसे बचपन से पहलवानी का शौक था। अंकित के पिता अक्षय यादव ने बताया कि बुधवार को वह दोस्तों के साथ उत्तर प्रदेश की सीमा में गया था। बाइक का तेल खत्म होने पर दोस्त बाइक को लेकर आगे चल रहा था। वह पीछे पैदल सड़क पर फोन से बात करते हुए चल रहा था। तभी पीछे से एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दिया। इसके बाद उसे परिजनों ने चौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से रेफर करने के बाद सदर अस्पताल लेकर गए। वहां भी हालत नहीं सुधरी तो वाराणसी लेकर गए। जहां इलाज के दौरान गुरुवार की रात मौत हो गई। बता दे कि 17 साल की उम्र में ही 45 से 50 किलो वजन के पहलवानों को फ्री स्टाइल की कुश्ती कर वह हरा चुका है। दो साल के अंदर आठ इनाम अपने नाम भी कर चुका था। जिला के अलावा कैमूर, रोहतास, चंदौली यूपी आदि कई जगहों पर पहलवानी में जीत चुका है। उसकी पहलवानी का पूरे गांव में चर्चा होता था।

## लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले डीएम ने की बैठक

निज संवाददाता। बक्सर

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक किया। इसमें सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि 24 घंटे के अंदर सभी सरकारी भवनों, कार्यालयों और परिसर से बैनर, पोस्टर, झंडा आदि को हटा देना है। वहीं 48 घंटे के अंदर सभी सार्वजनिक स्थल जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि जगहों से औप 72 घंटे के अंदर पूरे जिले के सभी निजी और अन्य स्थानों से सभी प्रकार के बैनर, पोस्टर, झंडा आदि को हटा देना है। इसके साथ ही लाउडिस्पीकर के प्रयोग पर कहा कि रात के 10:00 बजे से सुबह 6:00



बजे तक इस पर प्रतिबंध रहेगा। इसके सात ही बाकी समय के प्रयोग के लिए सक्षम प्राधिकार से अनुमति लेने की बात कही। इसके अलावा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान सभी प्रत्याशियों की ओर से किए जाने वाले प्रचार प्रसार, आम सभा और नुक्कड़ सभा की वीडियो ग्राफी कराना जरूरी है। ऐसा नहीं करने पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## बीएसपी नेता कांशीराम की मनाई गई जयंती, बक्सर में प्रदेश प्रभारी ने की उनके लिए भारत रत्न की मांग

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में बहुजन समाज पार्टी बिहार प्रदेश के तत्वावधान में बामसेफ डी. एस 4 और बीएसपी के संस्थापक कांशीराम की जयंती पर जिला कार्यालय, बक्सर में बहुजन दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद बीएसपी के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने कांशी राम के लिए भारत रत्न की मांग की है। उन्होंने कहा कि उन्होंने किसी एक परिवार को नहीं बढ़ाया बल्कि एक मुहिम चलाकर दलित पिछड़े और अकलियत को उन्होंने जागरूक कर आगे बढ़ाने का कार्य किया। इसलिए हम चाहते हैं कि कांशी राम को भारत रत्न मिलना चाहिए सही मायने में वे इस सम्मान के हकदार हैं। काशीराम और बाबा




साहेब भीमराव अंबेडकर की तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर कहा कि जिनके सोच ने बहुजन समाज को एकत्रित किया और समाज को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। बसपा के प्रदेश प्रभारी अनिल सिंह ने बक्सर स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री पर अश्विनी चौबे पर हमला बोलते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले आनन-फानन में एक जगह से 70 जगहों का शिलान्यास और उद्घाटन कर रहे हैं। बसपा उसकी जांच कर रही है कि उनके कितने उद्घाटन और शिलान्यास फर्जी हैं, उनकी लिस्ट बनाई जा रही है। अनिल सिंह ने कहा कि जितना बोर्ड लगाया गया है, वह फर्जी है। उसमें फर्जीवाड़ा किया गया है। अगर सही में काम कराया था तो वहां जाकर उनको उद्घाटन और शिलान्यास करते। राजपुर कैमूर के कार्यों का उद्घाटन बक्सर के टाउन हाल से करते हैं। साथ ही प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी का एजेंडा साफ है कि हम विकास की बात करते हैं। फर्जीवाड़े से दूर हैं। ग्राउंड स्तर पर काम करते हैं।

## लोडेड पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार, प्रेमिका से बात करने वाले युवक की हत्या करने पहुंचा था

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर पुलिस ने एक युवक को लोडेड पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया है। बताया गया की युवक अपने प्रेमिका से बात करने वाले युवक की हत्या करने के चक्कर में था। हालांकि इसके पहले पुलिस ने उसे दबोच लिया। जिसकी जानकारी बक्सर एसपी ने शुक्रवार को देते हुए बताया की युवक हत्या करने के लिए यूपी के जिला गाजीपुर से 30 हजार रूपए में पिस्टल को खरीदा गया था। युवक पहले भी एक बार जेल जा चुका हैं। पुलिस इसकी आपराधिक इतिहास खंगालने में जुटी है।

**हत्या की फिराक में था आरोपीः** एसपी मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की नगर थाना क्षेत्र के कुम्हार टोली के रहने वाले भुवनेश्वर प्रसाद के पुत्र राजा बाबू द्वारा किसी युवक की हत्या की फिराक में था। जो नमक रेस्टोरेंट के पास घूम रहा था। जिसकी संदिग्ध हरकत की सूचना पुलिस को मिली। सूचना की सत्यता की जांच की गई। जिसके बाद टीम गठित कर नगर थाना के एएसआई जयप्रकाश कुमार मौके पर थाना के सशत्र बल के साथ पहुंचे। पुलिस को देख युवक भागने लगा।जिसे टीम द्वारा दौड़कर पकड़ लिया गया। तलाशी ली गयी तो पास से लोडेड पिस्टल बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान उसने बताया की मेरी प्रेमिका से एक युवक बात करता है। जिसकी हत्या करने जा रहे थे। नगर



थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

**दो बाइक चोर गिरफ्तारः** बक्सर एसपी मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की पुलिस द्वारा दो बाइक चोरों को तीन चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए बाइक चोर में एक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चौसा चांदी मोड़ का निवासी राहुल खरवार है। इसके निशानदेही पर दूसरे युवक सूरज गुप्ता इटाढी थाना क्षेत्र के हकीमपुर से गिरफ्तार किया गया। दोनों के पास तीन चोरी की बाइक मिली है। जिनपर एफआईआर कर पुलिस आगे की कार्रवाई में लगी है।

## सिपाही पर युवती ने लगाया यौन शोषण का आरोप

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के डुमरांव थाना में एक युवती की शिकायत पर थाना द्वारा बिहार पुलिस के सिपाही के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। युवती का आरोप है कि दो साल पहले डुमरांव थाना में सिपाही द्वारा शादी का झांसा देकर दो वर्षों तक उसका शारीरिक शोषण किया गया। जब शादी की बात आई तो वह मुकर गया। पता चला है कि उसने किसी अन्य के साथ शादी कर ली है। उसकी शादी के बाद पीड़ित युवती इंसाफ के लिए दर दर की ठोकरें खा रही है। इसको लेकर पीड़िता ने एसडीपीओ डुमरांव से न्याय की गुहार लगाई है।पीड़िता के शिकायत पर एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने मामले में एफआईआर दर्ज करने करने का निर्देश थाने को दिया। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तफ्तीश में जुट गई है। पीड़िता ने अपने दिए गए आवेदन में बताया कि 2022 में एक मेले में वह सिपाही आलोक कुमार से मिली




थी। उस समय वह डुमरांव थाने में ही पदस्थापित था। उसने युवती को शादी का झांसा देकर उसका दो वर्षों तक शारीरिक शोषण किया। इसी बीच युवती को पता चला कि सिपाही की शादी किसी अन्य से हो चुकी है। जिसके बाद उसके होश उड़ गए। तभी से पीड़िता न्याय के लिए थानों के चक्कर लगा रही है। पीड़िता ने बताया कि एसडीपीओ को देखकर उसकी न्याय की उम्मीद जगी है। वहीं मामले में एसडीपीओ ने भी पुलिस को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। दो साल पहले डुमरांव थाना में तैनात सिपाही आलोक कुमार फिलहाल बक्सर पुलिस लाइन में तैनात है। एसडीपीओ ने बताया कि मामले की जांच कर आरोपी को जेल भेजने की तैयारी में पुलिस जुट गई है।

## ट्रैक्टर ने मासूम को रौंदा, मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले में रोड ऐक्सिडेंट का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। 9 घंटे के अंतराल में एक मासूम समेत चार लोगों की मौत हो चुकी है। ताजा मामला जिले के इमादपुर थाना क्षेत्र की है। जहां 5 वर्षीय बालक को ट्रैक्टर ने कुचल दिया। इस दर्दनाक घटना में मासूम की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जिसके बाद घटना की जानकारी भोजपुर पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक मृत बालक इमादपुर थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव निवासी धर्मेन्द्र कुमार का 5 वर्षीय पुत्र एबी कुमार है। घटना को लेकर मृत बालक के दादा (रिश्ता में) राजेश कुमार ने बताया कि एबी शौचालय के लिए घर से निकला था और सड़क के किनारे खड़ा था।

उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार में ट्रैक्टर ने मासूम बालक को कुचल दिया। इस घटना में उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दुर्घटना के बाद इसकी जानकारी इमादपुर थाना को दी गई। रोड ऐक्सिडेंट की सूचना मिलने के बाद इमादपुर थाना घटनास्थल पर पहुंची। उसके बाद मृत बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां मृत का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं मृत एबी कुमार दो भाई था। जिसका छोटा भाई आर्यन है। एबी के पिता तरारी ब्लॉक में डाटा ऑपरेटर का काम करते है। जबकि मां पूजा कुमारी हाउस वाइफ है। घटना के बाद से एबी का पूरा परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं आपको बता दें कि जिले में सुबह पांच बजे के बाद से यह चौथी रोड ऐक्सिडेंट की घटना है। पहली घटना जिले के उदवंतनगर बाजार में सुबह सवेरे हुई थी। जिसमें एक शिक्षक की मौत हो गई थी। वहीं दूसरी घटना जिले के बिहिया थाना के बिहिया ओवर ब्रिज के पास हुई थी, इस घटना में दो युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

## बक्सर में 3 ट्रेनों के ठहराव को मिली मंजूरी

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर रेल यात्रियों के लिए रेल मंत्रालय ने एक और खुशखबरी दी है। बक्सर रघुनाथपुर और चौसा में कुल 3 ट्रेनों के ठहराव की मंजूरी दी है। इसके लिए बक्सर स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे और बक्सर के लोगों ने रेल मंत्रालय को धन्यवाद कहा है। रेलवे ने बक्सर के 3 स्टेशनों पर तीन ट्रेनों के ठहराव की अनुमति दी है। जारी की गई अधिसूचना के अनुसार बक्सर स्टेशन पर अब इंदौर पटना एक्सप्रेस 19313/14, रघुनाथपुर में 13201/13202 लोकमान्य तिलक और चौसा में 12333/12334 हावड़ा-प्रयागराज विभूति के ठहराव को अनुमति मिली है। बता दें कि कोरोना काल से ही जिले के स्टेशनों पर रुकने वाली अच्छी ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया था। इसके कारण यात्रियों को परेशानी बढ़ गई थी। ट्रेनों का ठहराव बंद होने से स्टेशन से मूलभूत सुविधाएं भी नदारद हो गया। इसको लेकर रघुनाथपुर, डुमरांव, चौसा में लगातार यात्री कल्याण जैसे कई संस्थानों द्वारा स्टेशनों पर बंद हुए ट्रेनों का फिर से परिचालन बहाल करने को लेकर लगातार मांग जारी था। लेकिन



रेल मंत्रालय को शायद लोकसभा चुनाव के नजदीक आने का इंतजार था। जैसे ही लोकसभा का चुनाव का संभावित समय नजदीक आता गया। रेल मंत्रालय द्वारा एक तरफ जहां अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बक्सर के विभिन्न स्टेशनों को सवारने को लेकर शिलान्यास किया जाने लगा।

वहीं रघुनाथपुर, डुमरांव, चौसा बक्सर में अच्छी-अच्छी ट्रेनों का ठहराव की मंजूरी भी दी गई है। प्रमुख ट्रेनों के बक्सर संसदीय क्षेत्र के स्टेशनों पर ट्रेन ठहराव के लिए केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने रेल मंत्री और प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि बक्सर संसदीय क्षेत्र की जनता को पटना-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस का रघुनाथपुर, इंदौर पटना का बक्सर, हावड़ा प्रयागराज रामबाग विभूति एक्सप्रेस का चौसा और राजगीर वाराणसी बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस का कर्मनाशा स्टेशन पर ठहराव की सौगात प्रदान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी चौबे का आभार व्यक्त करता हूं।